* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 जून, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 221


भारतीय तटरक्षक बल के आइजी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की











## मोदी कैबिनेट ने एक लाख करोड़ की अन्न भंडारण योजना को दी मंजूरी

# विश्व की सबसे बड़ी स्कीम हर ब्लॉक में बनेगा गोदाम

- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, योजना पर एक लाख करोड़ की लागत आयेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अन्न भंडारण योजना को मंजूरी दी। बैठक में सहकारी क्षेत्र में अनाज भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट बैठक में सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अनुमति अनुमोदन पर फैसला लिया गया है।



### एक लाख करोड़ की लागत आयेगी

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हम करीब एक लाख करोड़ की लागत से दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना शुरू करने जा रहे है। अभी तक कुल 1450 लाख टन भंडारण की क्षमता है और अब 700 लाख टन भंडारण की क्षमता सहकारिता क्षेत्र में शुरू होगी। इसके बाद कुल क्षमता 2150 लाख टन हो जायेगी।

### अभी केवल 47 फीसदी भंडारण की क्षमता

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में सभी बड़े उत्पादक देशों जैसे चीन, अमेरिका, ब्राजील, रूस, अर्जेंटीना आदि के पास अपने वार्षिक उत्पादन से अधिक की भंडारण क्षमता उपलब्ध है। अब तक भारत में अन्न के भंडारण की क्षमता, वार्षिक उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत है। ऐसे में बड़े स्तर पर अनाज की बर्बादी होती है। देश के किसान मजबूरी में डिस्ट्रेस सेल करते हैं।

### हर ब्लॉक में 2000 टन भंडारण क्षमता

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप सहकारी समितियों को गतिशील बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। हर ब्लॉक में 2000 टन भंडारण क्षमता का गोडाउन तैयार किया जायेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत विश्व में अनाज के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 39 प्रस्तावों पर मुहर

# त्रिस्तरीय पंचायती राज के सदस्यों का मानदेय बढ़ा

- जंगली जानवरों से जानमाल और फसल मकान क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि बढ़ायी गयी
- एसीबी के कर्मियों के मानदेय में संशोधन को मिली मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के सदस्यों को हेमंत सरकार ने तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इनके मानदेय को बढ़ाने की मंजूरी दी गयी। इसके तहत जिला परिषद पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के सदस्यों के मानदेय में बढ़ोत्तरी की गयी। इसके अलावा जंगली जानवरों से जानमाल, फसल और मकान की क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि बढ़ाने, एसीबी कर्मियों का मानदेय बढ़ाने, रांची अंचल के नगड़ी में बैंक ऑफ इंडिया को भूमि देने, सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक को मंजूरी, झारखंड उत्पाद सेवा नियमावली में संशोधन समेत कुल 39 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले



- झारखंड उत्पाद अधीनस्थ सेवा संवर्ग नियमावली 2013 में संशोधन की मंजूरी।
- झाप्रसे के अधिकारी गौरांग महतो को दिये गये दंड को यथावत रखने का फैसला।
- विशेष शाखा में आरक्षी पद के लिए अनुसूचित नियमावली में संशोधन की मंजूरी।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कार्यरत स्वीपर और माली को अब श्रम विभाग के नियम के अनुसार मानदेय का भुगतान करने का निर्णय।
- राज्य के क्राइम कोर्ट में 75 स्थायी पद के सृजन की मंजूरी।
- झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक नियुक्ति नियमावली 2016 को निरस्त करने की मंजूरी।
- श्रीकृष्ण लोक सेवा संस्थान को सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में शामिल करने की मंजूरी।
- पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली 2018 के संशोधन की मंजूरी।
- शिक्षा मंत्रालय और झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री योजना की शुरुआत की मंजूरी।
- डॉ श्वेता कुमारी लेस्लीगंज पलामू को सेवा से बर्खास्त करने की लगी मुहर।
- झारखंड राज्य में कार्यरत चार सीएट स्कूल में कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की मंजूरी।
- झारखंड पशुपालन संवर्ग की नियमावली 2021 के संशोधन को मंजूरी।
- सहायक आचार्य संशोधन नियमावली 23 के गठन की स्वीकृति।
- श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में सचिवालय की तरह प्रशाखा पदाधिकारी सहित अन्य पदों के सृजन की मंजूरी।

### मुखिया को अब मिलेंगे 2500 रुपये

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार जिला परिषद के अध्यक्ष को 10,000 की जगह 12,000 रुपये, उपाध्यक्ष को 7500 की जगह 10,000, पंचायत समिति के प्रमुख को 5000 की जगह 8000, उप प्रमुख को 3000 की जगह 4000, मुखिया को 1000 की जगह 2500, उप मुखिया को 500 की जगह 1200 रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। वहीं दैनिक भत्ता 150 की जगह 200 रुपये दिया जायेगा। यात्रा भत्ता पांच रुपये प्रति किलोमीटर की जगह 10 रुपये प्रति किलोमीटर दिया जायेगा।

### मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये

जंगली जानवरों से जानमाल, फसल, मकान क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि में बढ़ोत्तरी की गयी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को एक लाख के बजाय 1.50 लाख रुपये, साधारण रूप से घायल व्यक्ति को 15000 की जगह 25000, स्थायी अपंग होने पर दो लाख की जगह 3.25 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं जंगली जानवर के हमले से मौत होने पर मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये दिये जायेंगे। मकान को नुकसान होने पर 120000 रुपये दिये जायेंगे।

### जल सहिया को मिलेगा स्मार्टफोन

कैबिनेट के फैसले के अनुसार पेयजल विभाग के अंतर्गत जलसहिया को एक स्मार्टफोन और दो साड़ी दी जायेगी। इसके लिए कैबिनेट ने 39.72 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। वहीं, गिरिडीह के क्रिटिकल केयर अस्पताल के लिए 21 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी। पाकुड़ के अमरापाड़ा में 1218 हेक्टेयर भूमि में खनन के लिए मेसर्स डब्ल्यूबीपीडीसीएल को पट्टा देने की स्वीकृति दी गयी। पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली में संशोधन हुआ। राज्य के सभी पुस्तकालयों के विकास की योजना स्वीकृत की गयी। सरिया अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना की मंजूरी दी गयी। रांची अंचल के नगड़ी के मुड़मा में बैंक ऑफ इंडिया के प्रशासनिक भवन के लिए 75 एकड़ भूमि शुल्क लीज पर दी गयी। सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक को मंजूरी दी गयी।

# अमेरिकी बैंक ने मोदी के नौ साल के काम को दे दिये फुल नंबर

- मॉर्गन स्टेनली ने भी माना पीएम मोदी की लीडरशिप का लोहा
- नौ साल में भारत का पूरी तरह कायाकल्प हो गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** यूरोप की सबसे बड़ी ॉमी वाला देश जर्मनी मंदी में फंस चुका है, जबकि अमेरिका पर डिफॉल्टर होने का खतरा मंडरा रहा है। चीन अब तक पूरी तरह महामारी के प्रकोप से नहीं उबर पाया है और उसकी इकोनॉमी लड़खड़ा रही है। यूरोप समेत दुनिया के कई देशों में स्थिति दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय इकोनॉमी दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बन कर उभरा है। भारत की इकोनॉमी के इस साल भी सबसे तेजी से बढ़ने का अनुमान है। हर बीते दिन के साथ ऐसे इंस्टीट्यूट्स की संख्या लंबी होती जा रही है, जो भारत को ग्लोबल इकोनॉमी के लिए ब्राइट स्पॉट बता रहे हैं। इस लिस्ट में अब दिग्गज अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली का नाम भी जुड़ गया है। उन्हों भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप का लोहा माना है। उनका कहना है कि मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह बदल गया है और दुनिया में एक बड़ी पोजीशन हासिल करने की तरफ बढ़ रहा है।

**मोदी के नेतृत्व में भारत बदल गया:** मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल गया है। आज विश्व व्यवस्था में एक स्थान हासिल करने की ओर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आज भारत एशिया और वैश्विक वृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है।

# इडी ने प्रदीप यादव के घर की तलाशी ली

- विधायक के घर को इडी ने मंगलवार को किया था सील
- प्रदीप को रांची बुलाया था, पूछताछ भी हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव बुधवार की शाम पांच बजे इडी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे। इडी के अधिकारियों ने थोड़ी देर उनसे पूछताछ की, जिसके बाद प्रदीप यादव को उनके आवास पर लाया गया। उनकी मौजूदगी में डोरंडा स्थित आवास में तलाशी ली गयी।

**प्रदीप के रांची स्थित आवास को सील किया था:** इडी मंगलवार को छापेमारी के दौरान प्रदीप यादव के रांची स्थित आवास की तलाशी नहीं ले पायी थी। उनका आवास बंद था। इस वजह से इडी ने उनके आवास को सील कर दिया था और उन्हें बुधवार को रांची बुलाया गया था। प्रदीप यादव का मोबाइल मंगलवार को स्विच ऑफ बता रहा था। इस बाबत प्रदीप ने इडी से कहा है कि उनका मोबाइल फोन खो गया है। इडी के अधिकारियों ने प्रदीप यादव से थोड़ी-बहुत पूछताछ की। इसके बाद उन्हें लेकर डोरंडा स्थित आवास पहुंचे। प्रदीप की मौजूदगी में घर का सील खोला गया। इसके बाद अधिकारियों ने तलाशी शुरू की।

बता दें कि इडी ने मंगलवार की सुबह प्रदीप यादव के रांची और गोड्डा स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। गोड्डा के हलका कर्मचारी व विधायक के करीबी मनोज कुमार के घर से छापामारी में टेंडर में कमीशनखोरी से संबंधित दस्तावेज व डिजिटल डिवाइस मिले हैं। वह अपनी पत्नी के नाम पर फर्म बनाकर ठेका लेता है। रांची में शिवकुमार के बरियातू फायरिंग रेंज स्थित घर पर हुई छापामारी में डिजिटल डिवाइस, कंप्यूटर व अन्य सामान जब्त किये गये हैं।

# लव-जिहाद : झारखंड के तनवीर ने यश बन कर बिहार की मॉडल को फंसाया, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

- गोंदा में एफआइआर आरोपी की तलाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में लव जिहाद का मामला उजागर हुआ है। मुंबई में रहनेवाली बिहार के भागलपुर की एक मॉडल ने आरोप लगाया है कि रांची में ग्रूमिंग इंस्टीट्यूट चलाने वाले मुस्लिम शख्स ने हिंदू बन कर उसे झूठे प्रेमजाल में फंसा लिया और अब शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हुए ब्लैकमेल कर रहा है। मॉडल ने मुंबई में मामला भी दर्ज कराया है। साथ ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मदद मांगी है। रांची पुलिस ने गोंदा थाना में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मॉडल का आरोप है कि वर्ष 2021 से मुस्लिम शख्स ने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। अब उसे ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता ने 29 मई को मुंबई के बर्सोवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी।





वर्सोवा पुलिस स्टेशन में आइपीसी की धारा 376 (2)(एन), 328, 506, 504, 323 और आइटी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया गया। चूंकि, घटना रांची में हुई थी, इसलिए यह मामला रांची पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया। इस संबंध में रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि रांची में केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बताया जाता है कि मुंबई में काम करनेवाली मॉडल मानवी राज सिंह वर्ष 2020 में रांची में एक मॉडलिंग कंपनी के संपर्क में आयी थी। वहीं, एक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई, जिसने अपना नाम यश बताया। उसने मॉडल को अपने यहां नौकरी पर रख लिया। पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई। फिर यश ने मॉडल पर धर्म परिवर्तन और शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मॉडल को जब पता चला कि यश दरअसल में यश नहीं, तनवीर अख्तर खान है, तो उसने उससे दोस्ती खत्म कर दी, लेकिन तनवीर ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। इसके बाद तनवीर अख्तर खान से बचने के लिए वह मुंबई लौट गयी।

मॉडल का आरोप है कि उसे प्रताड़ित करने के लिए तनवीर मुंबई तक पहुंच गया। वहां भी उसने उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डालना शुरू कर दिया। तनवीर चाहता था कि मॉडल धर्म बदल कर उसके साथ शादी कर ले। मॉडल ने जब ऐसा करने से इंकार कर दिया, तो उसने उसे जान से मारने की भी कोशिश की। मॉडल का आरोप है कि होली के दिन तनवीर ने उसे नशीला पदार्थ खिला कर उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें ले लीं। उन्हीं तस्वीरों के जरिये उसे ब्लैकमेल कर रहा है। वह उसे लगातार धमका रहा है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,500 रु./प्रति किलो |



# राजस्थान में कांग्रेस का संकट सुलझा नहीं, टला है

## ■ गहलोत-पायलट विवाद के मुद्दे अब भी बरकरार

## ■ पायलट ने कर दिया एलान, मांगों पर कोई समझौता नहीं

## ■ गांधी परिवार भी नहीं मना पाया पायलट को, राहुल की वापसी का इंतजार

**इस साल के अंत में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस भारी परेशानी में है। पिछले साढ़े चार साल से चल रहा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट के बीच का विवाद सत्ता में उसकी वापसी के रास्ते में बड़ा कांटा बना हुआ है। पार्टी इस समस्या को सुलझाने की जितनी कोशिश कर रही है, यह उतनी ही उलझती जा रही है। कर्नाटक में चुनाव जीतने के बाद पार्टी आलाकमान ने राजस्थान पर ध्यान केंद्रित किया और गहलोत और पायलट के बीच सुलह के लिए मैराथन बैठक की, लेकिन ऐसा लगता है कि राजस्थान में कांग्रेस का सियासी संकट अभी टला नहीं है। सुलह के लिए हुई बैठक के बाद पार्टी के संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने यह दावा जरूर किया कि दोनों नेताओं के बीच के तमाम मुद्दे सुलझ गये हैं और अब कहीं कोई विवाद नहीं है। लेकिन अब सचिन पायलट ने ऐलान कर दिया है कि वह अपनी मांगों से कोई समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं। वह अब भी अपने स्टैंड पर कायम हैं। इससे पहले वेणुगोपाल के दावे पर संदेह इसलिए पैदा हुआ, क्योंकि उन्होंने यह नहीं बताया कि बैठक में किन मुद्दों पर बात हुई और दोनों नेता किस शर्त पर सहमत हुए। राजस्थान में कांग्रेस सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है, लेकिन इन दोनों नेताओं के विवाद ने उसकी परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। अब इस विवाद का क्या परिणाम होगा, यह तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि इससे कांग्रेस की संभावनाएं धूमिल जरूर पड़ रही हैं। राजस्थान कांग्रेस के भीतर के इस विवाद के असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट के साथ बैठक के बाद कांग्रेस की एकता प्रदर्शित करने की कोशिश कई अनसुलझे सवाल छोड़ गयी है। यह दिखाता है कि कांग्रेस को इस साल के आखिर में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले अपनी संभावनाओं को खतरे में डालने वाले झगड़े को सुलझाना बाकी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पिछले साढ़े चार साल से सीएम के खिलाफ बगावत का झंडा उठाये सचिन पायलट के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के बीच चार घंटे की बैठक में सत्ता साझा करने के फॉर्मूले पर कोई सहमति नहीं बन पायी। बैठक के बाद अशोक गहलोत के बाहर निकलने वाले दृश्यों ने उन खबरों की पुष्टि की है, जिनमें पायलट के साथ उनकी अनबन हमेशा की तरह मजबूत है। गहलोत ने हालांकि कहा कि वह पायलट के साथ मिल कर काम करेंगे और चुनाव जीतेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने आगामी चुनावों के लिए शांति समझौते या जिम्मेदारियों के विभाजन का कोई भी विवरण साझा नहीं किया, लेकिन कहा कि दोनों नेताओं ने सर्वसम्मति से एक साथ काम करने का फैसला किया है और आलाकमान पर फैसला छोड़ दिया है।

### पायलट की असहज करनेवाली मांगें

अपनी ही पार्टी को असहज करनेवाली स्थिति में डालते हुए पायलट ने राजस्थान में कई मांगें की हैं, जिनमें गहलोत के भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई करने की मांग भी शामिल है। पायलट ने कांग्रेस को यह घोषणा करते हुए नोटिस दिया था कि यदि इस महीने के अंत तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वह राज्य भर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बैठक में अपनी मांगों से पीछे हटने से इनकार कर दिया है।



### 2018 के बाद से जारी है घमासान

राजस्थान में 2018 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से ही गहलोत और पायलट के बीच सत्ता को लेकर घमासान जारी है। हालांकि पायलट दूसरी भूमिका निभाने के लिए सहमत हुए, उन्होंने 2020 में बगावत कर दी और दिल्ली के पास कई दिनों तक डेरा डाले रखा। हालांकि गांधी परिवार के समाधान का आश्वासन देने के बाद यह मामला शांत हुआ। 80 से अधिक विधायकों ने गहलोत के साथ रहना चुना, जिसके कारण बगावत विफल हो गयी। किसी भी वक्त पर पायलट अपने समर्थन में 20 से अधिक विधायक नहीं जुटा सके, जिससे पार्टी के लिए एक पक्ष चुनना कठिन हो गया है। पिछले साल करीब 72 विधायकों ने गहलोत को पार्टी अध्यक्ष बनाने के कांग्रेस के कदम के विरोध में इस्तीफा दे दिया। पार्टी के इस कदम का अर्थ था कि राजस्थान में उनकी जगह शायद पायलट को दिये जाने की कोशिश हुई थी। इसके बाद इस साल की शुरुआत में पायलट ने राज्य में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के तुरंत बाद राजस्थान चुनाव के लिए एक अकेले ही अभियान शुरू किया।

### संतुष्ट नहीं हैं पायलट

कांग्रेस के भीतर से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि सचिन पायलट कांग्रेस आलाकमान के आश्वासन से खुश नहीं हैं। वह अगले कुछ दिन में अपनी अगली रणनीति का खुलासा कर सकते हैं। फिलहाल आलाकमान ने दोनों नेताओं को राहुल गांधी के विदेश से लौटने और किसी फार्मूला के बनने तक यथास्थिति बरकरार रखने के लिए कहा है। लेकिन पार्टी आलाकमान ने दोनों को कोई संकेत नहीं दिया कि सुलह का फार्मूला क्या होगा। बताया जा रहा है कि गहलोत प्रदेश अध्यक्ष पद पर पायलट को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।

### पायलट के ऐलान से मामला बिगड़ा

मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने पहले गहलोत के साथ दो घंटे तक बातचीत की और फिर पायलट से अलग से मुलाकात की। बाद में सभी एक साथ बैठ कर फोटो खिंचवाने लगे। हालांकि गहलोत और पायलट वेणुगोपाल के साथ बाहर चले गये और चुप रहे। बैठक के बाद पायलट ने चुप्पी साधे रखी, लेकिन अब उन्होंने टोंक में कहा है कि वह अपने स्टैंड पर कायम हैं। उन्होंने साफ किया कि वह चाहे किसी पद पर रहें या नहीं, अपनी मांगों से कोई समझौता नहीं करनेवाले। पायलट का यह तेवर बताता है कि राजस्थान में कांग्रेस को अभी लंबा सफर तय करना है। पायलट ने हालांकि अपनी भावी रणनीति के बारे में कुछ नहीं बताया है और उनकी यही चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रही है।

इन परिस्थितियों में यह तो साफ हो गया है कि राजस्थान में कांग्रेस के भीतर का विवाद केवल टला है, सुलझा नहीं है। पार्टी विधानसभा चुनाव में जीत का सपना भले ही देख रही है, लेकिन उसे पता है कि इस विवाद के कारण उसकी जीत के रास्ते में बाधाएं पैदा होंगी। इसलिए आलाकमान हर कीमत पर इस समस्या को स्थायी रूप से सुलझाने पर जोर दे रही है। इस पूरे प्रकरण में सबसे दिलचस्प यह है कि राजस्थान के दोनों नेता अब गांधी परिवार का निर्देश मानने के लिए भी तैयार नहीं हैं, क्योंकि सोनिया गांधी, प्रियंका और फिर राहुल गांधी ने दोनों से अलग-अलग बात की है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस का यह विवाद राजस्थान में उसकी चुनावी संभावनाओं पर कितना असर डालती है।

---

# पति ने की दूसरी शादी, पहली पत्नी को मार डाला

### दहेज की करता था मांग, पेट्रोल डाल कर जलायी लाश, परिवार वाले फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में सुरज कुमार ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर अपनी ही पत्नी की हत्या कर दी। सारे सबूत मिटाने के उद्देश्य से उसने लाश पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की। घटना गिरिडीह के सरिया थाना क्षेत्र के सिमराबेड़ा गांव की है।

**साल 2018 में हुई थी शादी :** निक्की कुमारी की शादी साल 2018 में सुरज कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही पति अपनी पत्नी के साथ अच्छा बर्ताव नहीं करता था। बार- बार दहेज की मांग की जाती थी। ससुराल वाले मां निक्की के मां नहीं नहीं बन पाने का भी मजाक उड़ाते थे, ताने मारते थे। निक्की लंबे समय से परेशान थी। निक्की के भाई अमन कुमार ने बताया कि, मेरी 25 वर्षीय बहन की शादी सिमराबेड़ा गांव के सुरज कुमार के साथ साल 2018 में हुई थी। शादी के तीन वर्ष तक मेरी बहन की कोई संतान नहीं हुई तो परिवार वाले उसे बांझ कह कर प्रताड़ित करने लगा। उसके साथ मारपीट की जाती थी।

**झगड़े के बाद कर लेता था समझौता :** कई बार झगड़ा हुआ लेकिन समाज के सामने बैठकर फिर समझौते भी कर लिया गया। साल 2021 में मेरी बहन की मर्जी के खिलाफ खेताडाबर गांव के भरत सिंह की बेटी सुरभी कुमारी के साथ शादी कर ली। यह शादी गैरकानूनी थी। मेरी बहन के होते हुए उसने दूसरी शादी कर ली थी। उसने मेरी बहन को भी घर से निकाल दिया औ? दहेज की भी मांग करने लगा। अमन ने कहा, हम चाहते थे कि मेरी बहन को घर ना उजड़े, हमने किसी तरह 2 लाख देकर उसे ससुराल वापस भेजा। उसका पति लगातार 3 लाख की मांग करता रहा। अचानक मंगलवार को उसके मारे जाने की सूचना हमें मिली। हम तुरंत सिमराबेड़ा गांव के लिए निकले। शाम 5 बजे के बीच गांव पहुंचे, तो खबर मिली कि परिवार वाले और कुछ सहयोगियों ने नदी किनारे लाश जला रहा है।

**पेट्रोल छिड़कर जला दी लाश :** घटना स्थल पर पहुंचते ही लाश जल चुकी थी। पेट्रोल छिड़कर कर उसे जला दिया गया। हमें देखते ही लोग भागने लगे। इस मामले में सूरज कुमार के साथ नागो चौधरी, पिंकी देवी, सरस्वती देवी, अंशु देवी, सुरभि कुमारी व भगत सिंह शामिल हैं। थाना प्रभारी संतोष मौर्या ने कहा, हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है। कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पासवा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन कल से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 2 जून से 5 जून तक पुरी, ओडिसा के चैरिएट होटल में आयोजित किया जा रहा है। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पासवा के इस 10 वें अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के नेतृत्व में आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से 400 निजी विद्यालयों के डेलीगेट्स और प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे। झारखंड के विभिन्न जिलों के करीब 17 पदाधिकारी शामिल होंगे। भारत सरकार के पुलिस संयुक्त सचिव आनन्द किशोर शरण, अंडर 19 क्रिकेट के पूर्व कप्तान अमीरकर दयाल भी उपस्थित रहेंगे। वहीं पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय सम्मेलन में निजी विद्यालयों की उपयोगिता, शिक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान, निजी विद्यालयों की विभिन्न राज्यों में हो रही समस्या एवं भावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी, ग्रुप डिस्कशन होंगे एवं प्रस्ताव पारित किये जायेंगे। नयी शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर पूरे एक दिन अधिवेशन में विचार विमर्श होगा। झारखंड के गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की समस्याओं पर भी गहन चर्चा होगी। अधिवेशन में भाग लेने के झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव और पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दुबे 1 जून को सेवा विमान से पुरी के लिए प्रस्थान करेंगे, जबकि झारखंड के डेलीगेट्स भी कर ही पुरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अमेरिका में धमाल मचा रही है झारखंड की बेटी अपराजिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड की एक बेटी इन दिनों अमेरिका में फिल्म, वेब सीरिज और डॉक्यूमेंट्री निर्माण के विभिन्न पहलुओं के क्षेत्र में धमाल मचा रही है। इस बेटी का नाम अपराजिता सहाय है। पलामू के डाल्टनगंज में उनका घर है।

अपराजिता बताती हैं कि उन्होंने 10वीं तक सेक्रेड हार्ट स्कूल में पढ़ाई की है। उन्होंने 11वीं और 12वीं के लिए वड़ोदरा, गुजरात में पढ़ाई की। इसके बाद माउंट कार्मेल कॉलेज बेंगलुरु से संचार अध्ययन में स्नातक (बीए) किया। कॉलेज के दौरान वह दिल्ली में भारत के पहले अंग्रेजी लाइफस्टाइल चैनल एनडीटीवी गुड टाइम्स के साथ इंटर्न थी और रॉकी और मयूर के साथ फूड मैड नामक शो में काम करती थी। कॉलेज खत्म करने के बाद उन्हें एनडीटीवी गुड टाइम्स में पूर्णकालिक कर्मचारी के रूप में वापस बुलाया गया। वहां काम करते हुए उन्होंने दो शो में असिस्टेंट प्रोड्यूसर और तीन शो में प्रोड्यूसर की भूमिका निभायी। वह बताती हैं कि यह उनके जीवन का सबसे बड़ा सीखने वाला चरण था, क्योंकि उन्हें पता चला कि एक शूटिंग सेट कैसे काम करता है और फिल्में और टीवी शो कैसे बनते हैं। एनडीटीवी के बाद वह फिल्म और टीवी में अपने मास्टर्स की पढ़ाई करने के लिए मुंबई आ गयीं, क्योंकि वह व्यवसाय के बारे में अधिक जानने का इच्छुक थी। जेवियर्स इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशंस फिल्म कोर्स के लिए भारत के शीर्ष तीन कॉलेजों में से एक है। एक साल में उन्होंने



निर्देशक, निर्माता और संपादक जैसी विभिन्न भूमिकाओं वाली चार अलग-अलग तरह की फिल्मों पर काम किया। उन्होंने अपने मास्टर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया और कक्षा के शीर्ष पर स्नातक किया। उनकी फिल्म को साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का दादा साहब फाल्के पुरस्कार भी मिला।

बकौल अपराजिता, जेवियर्स के बाद उनकी पेशेवर यात्रा अभिनेता और 'मिस इंडिया' गुल पनाग द्वारा संचालित एक छोटे से प्रोडक्शन हाउस के साथ शुरू हुई। उन्होंने उस दौरान कई डिजिटल विज्ञापन बनाये। इनमें भारत की कुछ शीर्ष कंपनियां, जैसे फ्लिपकार्ट और गोदरेज शामिल थीं। वह आगे एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म पर काम करने गयीं। यह उनके जीवन की सबसे कठिन शूटिंग में से एक थी। वह भारत में महिलाओं की कहानियों का दस्तावेजीकरण करते हुए कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा करने वाले सात लोगों के समूह में थीं। वह फिल्मांकन (सामग्री) टीम की प्रमुख थी और उनकी आगे की योजना में रसद टीम की देखरेख भी कर रही थी। आठ महीने सड़क पर रहने के बाद उन्होंने फिल्म के संपादन पर काम करना शुरू किया। यह पांच सदस्यों की उनकी छोटी सी टीम थी और वह शूट टीम की एकमात्र व्यक्ति थी, जो संपादन के लिए जारी रही। इसलिए वह फिल्म में डायरेक्टर के असिस्टेंट के तौर पर भी काम कर रही थी। फिल्म ने अंत में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) एसडीजी एक्शन अवार्ड जीते और लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल, मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल और न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित हुई।

इसके बाद अपराजिता ने एक बार फिर काम से थोड़ा ब्रेक लिया और न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी में एक और मास्टर प्रोग्राम करने चली गयी। पाठ्यक्रम के बाद उन्होंने विशाल नेटफ्लिक्स की 'एक्स' फिल्म की स्ट्रीमिंग पर काम किया। इसका निर्देशन लुटेरा, उड़ान, भावेश जोशी और सेक्रेड गेम्स फेम निर्देशक विक्रमादित्य मोटवाने ने किया था और इसमें सुपरस्टार अनिल कपूर और निर्देशक निर्माता अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में थे। इस फिल्म में सोनम कपूर और हर्षवर्धन कपूर भी थे। वह सीधे निर्माता के अधीन फिल्म में प्रोडक्शन टीम का नेतृत्व कर रही थी और शूटिंग के अंत से अंत तक काम करने के लिए जिम्मेदार थी। उन्होंने कलाकारों और क्रू दोनों को अपने काम से प्रभावित किया, उसके बाद उन्हें कई और प्रोजेक्ट दिये गये। उन्होंने अमेजॅन प्राइम के लिए विक्रमादित्य मोटवाने की अगली परियोजना जुबली पर काम करना शुरू कर दिया। हालांकि, कोविड लॉकडाउन के कारण इसे बंद करना पड़ा। जब लॉकडाउन खुलने लगा, तो उन्होंने भारत के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस - धर्मा प्रोडक्शन के साथ काम किया, जिसके प्रमुख करण जौहर हैं। उन्होंने 'जुग जुग जियो' नाम की एक फिल्म बनायी, जो 2022 में रिलीज हुई थी।

इस फिल्म में भी उन्होंने पूरी तैयारी और शूटिंग शेड्यूल के दौरान प्रोडक्शन टीम का नेतृत्व किया और अनिल कपूर, नीतू कपूर, वरुण धवन और कियारा आडवाणी जैसी बड़ी हस्तियों के साथ काम किया। यह फिल्म साल की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस हिट फिल्मों में से एक है।

'जुग जुग जियो' के बाद, वह मोटवाने के साथ जुबली पर काम करने के लिए वापस आयी। यह आज भारत में सबसे बड़े शो में से एक है और दुनिया भर में बहुत सारी आलोचनात्मक प्रशंसा और व्यावसायिक सफलता के साथ स्ट्रीमिंग कर रहा है। इसमें प्रोसेनजीत चटर्जी, राम कपूर और अदिति राव हैदरी जैसे दिग्गज कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अपराजिता ने भारत में अन्य शीर्ष निर्देशकों जैसे राजकुमारी हिरानी के साथ भी काम किया है। वह मिस्टर हिरानी की अगली फिल्म डंकी का हिस्सा थी, जिसमें तापसी पन्नू और ग्लोबल सुपरस्टार शाहरुख खान मुख्य भूमिका में हैं। उनकी आखिरी परियोजना एक और नेटफ्लिक्स वेब सीरीज थी, जिसका नाम 'फॉर योर आइज ओनली' था, जो 2024 में दुनिया भर में रिलीज होगी और इसमें मुख्य भूमिका में स्कैम 1992 के प्रतीक गांधी होंगे। फिल्म और वेब सीरीज के अलावा अपराजिता ने देश भर के कुछ शीर्ष अभिनेताओं और निर्देशकों और सिनेमाटोग्राफर जैसे अभिनेता करीना कपूर, नीतू कपूर, वरुण धवन, मोना सिंह, अनन्या पांडे और सिनेमाटोग्राफर अनिल मेहता, सिल्वेस्टर फोंसेका आदि के साथ कई टेलीविजन विज्ञापनों में भी काम किया है। इसमें नोरा फतेही के साथ एक संगीत वीडियो भी है। अपराजिता के पास इस व्यवसाय के सभी प्रारूपों और माध्यमों का अनुभव है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 36.6 °c | 27.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.30 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 जून, 2023
www.azadsipahi.in



# कोस्टगार्ड सेवा में झारखंडियों को भी मौका मिले, इसकी योजना बने : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में भारतीय तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड, उत्तर-पूर्व, क्षेत्रीय मुख्यालय, कोलकाता) के महानिरीक्षक (आईजी) इकबाल सिंह चौहान और कमांडेंट दीपक सिंह ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आइजी इकबाल सिंह चौहान से झारखंड में भारतीय तटरक्षक बल के कार्यों से संबंधित जानकारी ली तथा इस सेवा में झारखंड के कितने लोग शामिल हैं यह भी जाना। मुख्यमंत्री के समक्ष आईजी



इकबाल सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान में कोस्ट गार्ड सेवा में झारखंड के लोगों की संख्या कम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय तटरक्षक बल झारखंड में भी अपने कार्यों का प्रचार-प्रसार करे तथा कोस्ट गार्ड सेवा में हमारे राज्य के लोगों को भी मौका मिले, इस निमित्त कार्य योजना तैयार करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल और सचिव विनय कुमार चौबे उपस्थित थे।

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने मुख्यमंत्री को लगाया मिशन लाइफ का बैज :** मुख्यमंत्री से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ संजय श्रीवास्तव ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को मिशन लाइफ का बैज लगाया तथा विभाग द्वारा मिशन लाइफ में किये जाने वाले प्रयासों से उन्हें अवगत कराया।

## रांची में मिला युवक का शव

**रांची (आजाद सिपाही)।** धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत मौसीबाड़ी गोलचक्कर के पास से बुधवार को एक युवक का शव मिला। युवक के पॉकेट से मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान कीनू बेदिया के रूप हुई है। वह रामगढ़ जिले का रहने वाला था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मौत की वजह का अबतक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।


**पूर्व तट रेलवे**

**जुलाई-2023 के लिए डिपो एवं मण्डल हेतु ई-नीलामी कार्यक्रम**

**ई-नीलामी की अनुसूची**

| महीना | मुख्यालय/मण्डल | तिथि |
|---|---|---|
| जुलाई-2023 | डिपो मन्चेश्वर | 03.07.23, 11.07.23, 18.07.23 एवं 25.07.23 |
| | खोरधा रोड मण्डल | 04.07.23, 12.07.23, 19.07.23 एवं 26.07.23 |
| | वाल्टियर मण्डल | 05.07.23, 13.07.23, 20.07.23 एवं 27.07.23 |
| | सम्बलपुर मण्डल | 06.07.23, 14.07.23, 21.07.23 एवं 31.07.23 |

'जैसा है,जहाँ है' के आधार पर सम्बलपुर, खोरधा रोड एवं वाल्टियर मण्डल के कण्डेम्न्ड रोलिंग स्टॉक्स (लोको, कोच, वैगन), स्क्रैप रेल, विविध P.Way फिटिंग्स (स्विच, क्रॉसिंग, फिश प्लेट, स्लीपर, फिश बोल्ट इत्यादि), विविध वार्कशॉप स्क्रैप(ड्रम, बोगी फ्रेम, बफर केसिंग, बफर प्लंजर, टर्निंग एवं बोरिंग इत्यादि), विविध फेरस, नॉन-फेरस, नॉन-मेटलिक स्कैप, कण्डेम्न्ड मशीनरी एवं प्लांट्स, कण्डेम्न्ड वेइकल्स, कण्डेम्न्ड ऑफिस इक्विपमेन्ट्स एवं रेलवे विद्युतीकरण के स्क्रैप सामग्री इत्यादि प्रस्तावित है। रेलवे प्रशासन इस नीलामी में अन्य सामग्रियों को भी शामिल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा सामग्रियों का संपूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्त्तें नीलामी कैटलॉग के आधार पर होगी, जो पूर्व तट रेलवे के संबंधित नीलामी परिचालन प्राधिकारी के कार्यालय से अथवा नीलामी की तारीख के 07(सात) दिन पूर्व हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होगा।

PR-225/O/23-24 — प्रधान मुख्य सामग्री प्रवंधक, भुवनेश्वर


## बाबूलाल ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को लेकर उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष और एक सदस्य की भूमिका को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए आयोग के रवैये से सरकार की बदनामी होने की बात कही है। सोशल मीडिया के माध्यम से बाबूलाल ने बुधवार को कहा कि झारखंड में एक ही आयोग का अब तक गठन हुआ है- झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण



आयोग। इसका काम कायदे से उन बच्चों के हित में काम करना है, जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है लेकिन आयोग से दो लोग अध्यक्ष और एक सदस्य एक के बाद एक रांची के सभी प्रतिष्ठित स्कूल में जा रहे हैं। वे ऐसे स्कूलों में जा रहे हैं, जहां पहले से ही बच्चे सुरक्षित हैं। ऐसे प्रतिष्ठित स्कूलों में जाने का क्या औचित्य है? मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे इस पर संज्ञान लें।

बाबूलाल मरांडी ने राज्य भर में विधायक प्रदीप यादव सहित अन्य के ठिकानों पर 30 मई को हुई ईडी की छापेमारी को लेकर भी अपनी बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रखी है। उन्होंने कहा है कि छापेमारी में 'साहब' के बहुत खास लोगों के यहां से कई अचल सम्पतियों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, कई लाख रुपये नकदी और कई पैन ड्राइव मिले हैं। चाहे जो भी हो लेकिन झारखंड को अंधेर नगरी बना दिया गया है।

## लातेहार में टाना भगतों पर लाठीचार्ज करना और जेल भेजना साजिश : बंधु



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि लातेहार जिला के कचहरी परिसर में 400 टाना भगतों पर विगत दस अक्टूबर 2022 को लाठीचार्ज करना गलत था। लातेहार जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले को साजिश के तहत अंजाम दिया। तिर्की बुधवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण तरीके से टाना भगत धरना दे रहे थे। इसी बीच प्रशासन ने बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाईं। इसमें 40 टाना भगतों को गिरफ्तार कर लिया गया, ये गलत है। उन्हें राज्य के विभिन्न जिलों के जेलों में रखा गया है। साथ ही 200 नामजद और 300 अज्ञात अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने लातेहार प्रशासन से पूछा कि क्या धरना दे रहे टाना भगत कोई क्रिमिनल हैं। हत्यारे हैं या उग्रवादी हैं? उन्होंने कहा कि टाना भगत का इतिहास रहा है। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ देश की आजादी में अपनी महती भूमिका निभायी है। ये हमेशा शांतिपूर्वक और अहिंसात्मक आन्दोलन के पक्षधर रहे हैं। इस आंदोलन को बहुत सोची समझी साजिश के तहत गलत दिशा में ले जाया गया।


**UNIVERSITY DEPARTMENT OF MANAGEMENT**
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY, HAZARIBAG**

**ADMISSION OFFER**
**MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION (MBA)**
**(EVENING SESSION:-2023-25)**

Application are invited for Two Years Full Time MBA Evening Programme with Intakes: 40 (forty) through Chancellor portal. Portal address is **https://jharkhanduniversities.nic.in/home.**
**Online application applying date from: 10th May, 2023 to 25th July, 2023.** For more information visit University website - www.vbu.ac.in
For any inquiry Contact No- 9431795999 (Director), 7858882626 (Course Co-ordinator) 9334292000.
**Eligibility:-** candidates must have two years' experience in corporate house -Govt. or Non-Govt. organization and must passed bachelor's degree with at least 50% marks.

(Dr. Amitava Samanta)
Director

By order of the Vice-Chancellor
Sd/-
Registrar,
VBU, Hazaribag

**Memo no.**- VBU/MBA/3337/23
**Dated** : 31/05/2023


# नीतीश कुमार की बैठक में शामिल होंगे सीएम हेमंत

## विपक्षी एकता की मुहिम का बनेंगे हिस्सा : पिछली मुलाकात में जतायी थी सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी 12 जून को पटना में होनेवाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इस बात की पुष्टि की है। यह बैठक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुलायी है। बैठक का उद्देश्य देश भर में विपक्षी पार्टियों को 2024 के चुनाव में भाजपा के विरुद्ध एकजुट करना है। यह मुहिम नीतीश कुमार चला रहे हैं। इसे मूर्त रूप देने के लिए कई राज्यों के सीएम से उन्होंने मुलाकात की है। पटना की बैठक में विपक्षी दलों के प्रमुख शामिल होंगे। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन झामुमो की ओर से शामिल होंगे। उन्होंने इसके लिए अपनी सहमति दे दी है।

**रणनीति पर कर चुके हैं चर्चा :** बता दें कि देश भर में विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने को लेकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार पिछले कुछ महीनों से विभिन्न राज्यों में जाकर समर्थन मांग रहे हैं। इस क्रम में वह रांची आकर सीएम हेमंत सोरेन से मिले भी थे। इस मुलाकात में उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को अपनी मुहिम से अवगत कराया था। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने उनके साथ पूरी विपक्षी एकता की



रणनीतियों पर चर्चा की थी। सूत्रों की मानें तो इस विपक्षी एकजुटता का सीएम हेमंत सोरेन समर्थन कर रहे हैं।

**20 विपक्षी दल रहे शामिल :** 12 जून को पटना में नीतीश कुमार की ओर से आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में देश भर से 20 विपक्षी दलों के शामिल होने की बात कही जा रही है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी इसमें शामिल होंगी। कयास लगाये जा रहे हैं कि इस बैठक का कुछ सकारात्मक स्वरूप देखने को मिलेगा।

### नीतीश कुमार को सीएम हेमंत सोरेन ने बताया था गार्जियन

10 मई को रांची में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान जहां नीतीश कुमार ने कहा था कि झारखंड और बिहार का पुराना रिश्ता है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीतीश कुमार को गार्जियन बताया था। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा था कि हम नयी पीढ़ी के राजनीतिक सिपाही हैं। हमें इसे बहुत कुछ सीखना है। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने नीतीश कुमार से कहा था कि विपक्षी राजनीतिक विचार को एकजुट करने के लिए हम लोग एक बार फिर बैठेंगे। ऐसे में कहा जा रहा है कि 12 जून को होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन ने पिछली मुलाकात में ही हिंट दे दिये थे।


**UNIVERSITY COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY (UCET)**

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
Hazaribag - 825319 (Jharkhand)
Approved by UGC & AICTE
Ph.No.: 06546-261929 (0), Fax: 06546-261929, E-mail: vbuucet@gmail.com,
Website: www.ucetvbu.ac.in

**ADMISSION NOTICE**

**Bachelor in AI & ML Programme (Session: 2023-26)**
**Admission open for three-years Full-Time Programme in Bachelor in Artificial Intelligence & Machine Learning course.**
Intake: 60 seats only.
Note - Admission will be held by Entrance Test.
Admission form will be available online/offline mode from 17th April 2023 to 28th June 2023. Admission process will be held from 24th July to 31st July 2023.
Applications form may be obtained from the department by paying Rs. 1000/- (Rs. One Thousand only) through Challan (available in the Dept.) between 10:30 A.M. to 3:30 P.M. The duly filled in the application form must be submitted in the department on or before 28th June 2023.
For more information visit University website: www.vbu.ac.in/ www.ucetvbu.ac.in
For any enquiry, contact no.: 6206363923/9162523117/ 9430182008/

By order of the Vice-Chancellor
Sd/-
Registrar,
VBU, Hazaribag

**Dated** : 27/05/2023





## डोमचांच में सर्पदंश से बालिका की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के डोमचांच थाना के तेतरियाडीह में बुधवार की सुबह सर्पदंश से एक बच्ची की मौत हो गयी। मृतका की पहचान अहिक कुमारी (उम्र 8 वर्ष, पिता मंटू मेहता) के रूप में हुई है। बच्ची के परिजनों ने बताया कि बच्ची घर में सो रही थी। इसी दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर गये जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत बच्ची को मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि इससे पहले मंगलवार की सुबह भी जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के घुटीटांड़ में कुए पर नहाने के दौरान एक 10 वर्षीय बच्ची को जहरीले सांप ने डस लिया था जिससे उसकी मौत हो गयी थी।

## झामुमो नेता के परिजनों से मुलाकात की बाल संरक्षण आयोग की सदस्य ने

कोडरमा। दो दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंची राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रुचि कुजुर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह के निधन पर शोकाकुल परिजनों से मिलने उनके पैतृक आवास जयनगर प्रखंड स्थित डडाडीह पहुंची और उनके चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित किया। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही परिजनों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि कोडरमा जेएमएम जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह का पिछले दिनों हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। मौके पर जेएमएम जिला प्रवक्ता संजय कुमार भी उपस्थित थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोडरमा। कोडरमा थाना अंतर्गत नीरू नावाडीह में एक युवक ने फांसी लागकर आत्महत्या कर लिया। उसकी पहचान विकास कुमार (उम्र 19 वर्ष, पिता राजेश दास ग्राम नीरू नावाडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर मे विवाद के बाद अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी तत्काल सूचना कोडरमा पुलिस को दी गयी। पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

### पीएलएफआइ से जुड़े दुखन पासवान के निर्देश पर वसूली करने आये थे

# बीजीआर माइनिंग कंपनी के अफसरों से लेवी वसूलने आये दो अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी** । केरेडारी पुलिस ने बीजीआर माइनिंग कंपनी के अधिकारी सत्यनारायन से लेवी के पैसे लेने आये दो अपराधियों कुलदीप गंझु और सुरेन्द्र गंझु को धर दबोचा है। इस बाबत केरेडारी पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी विस्तृत जानकारी दी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार केरेडारी थाना क्षेत्र के बीजीआर माइनिंग कंपनी के प्रोजेक्ट कोडिनेटर सत्यनारायण को पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के नाम पर 2 करोड़ रुपये लेवी के रूप में मांग किये जाने और लेवी नहीं देने पर खून की होली खेलने की धमकी दी गयी थी। इस संबन्ध में मंगलवार को कम्पनी के अधिकारीयों के द्वारा केरेडारी थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया थो इसी के आधार पर पुलिस ने केरेडारी थाना कांड संख्या 174/23 दिनांक 30-05-2023 भादवि की धारा 385,387,34 एवं 17 सी एल एक्ट दर्ज कर अनुसन्धान शुरू कियो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों के धर पकड़ के लिए जाल बिछाया और अनुसंधान के दौरान इस कांड के वादी के द्वारा मंगलवार को पुलिस को सुचना दी गयी की पीएलएफआइ के सदस्य मो नंबर के धारक के द्वारा व्हाट्सऐप काल कर लेवी का पैसा लेकर शाम 5 बजे चुंदुरु धाम के पास आने को कहा गया है। इस संबन्ध में योजनाबद्ध तरीके से एक छापेमारी पुलिस दल का गठन किया गया तथा बताये गये स्थाननके आस पास गुप्त तरीके से तैनात किया गयो जैसे ही कम्पनी की गाडी पैसा देने के लिये उग्रवादी संगठन के बताये स्थल पर पहुंचा तो उक्त गाडी बुकरु से पचड़ा की ओर जाने वाली सड़क की तरफ आगे बढ़ने लगी जिसका पीछा छापामारी दल जे द्वारा किया गया। इसी दौरान बकरु और पचड़ा बिच पड़ने वाले जंगल के पास छापामारी दल के द्वारा लेवी का पैसा लेने आये दो अपराधियों को पकड़ लिया गया। जब पुलिस ने इनसे कड़ाई से पूछताछ किया तो इन्होंने अपना नाम क्रमशः कुलदीप गंझु 23 वर्ष पिता जगदीश गंझु और सुरेंद्र गंझु 27 वर्ष पिता तुलेश्वर गंझु दोनों केरेडारी थाना क्षेत्र के लोहरा गांव के रहने वाले है। आगे कड़ाई से पूछने पर बताया की पीएलएफआइ संगठन के जोरदाग निवासी दुखन पासवान के कहने पर लेवी का पैसा वसूलने गए थे जिसके एवज में हमलोग को 10-10 हजार रुपए देने वाला था। पुलिस ने बताया की आस पास के कम्पनि के पदाधिकारियों को धमकी दिया जा रहा है वह नंबर अभी दुखन पासवान के पास है। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक पैसन प्रो बाइक जेएच 13 एफ 9810 और एक ओपो कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

## रीत बैंक्वेट का सदर विधायक ने किया उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बुधवार को शहर के मटवारी के कुम्हारटोली में एक ओर शानदार शादी घर रीत बैंक्वेट का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक माननीय मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया । इस बैंक्वेट में दो इंडोर हॉल और एक आउटडोर हॉल के साथ तीन कमरे हैं। जिसमें से एक कमरे में चार बेड का रूम बनाया गया है। बैंक्वेट में संचालक स्व.अभय सिंह के सुपुत्र तुषार रंजन और राजीव रंजन हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने नये बैंक्वेट के उज्जवल भविष्य की कामना भी की । मौके पर विशेष रुप से समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, नारायण गुप्ता, राकेश कुमार सिन्हा, मनोज सिंह, विभू दा, असीम दा, अजय प्रजापति, शिव प्रजापति, रिंकू वर्मा, अमन सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## इंटर आर्ट्स में प्रखंड टॉपर बनी सगुफा सोनम





**सतगावां (आजाद सिपाही)।** इंटर आर्ट्स का रिजल्ट मंगलवार को घोषित हुआ। राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय बासोडीह की छात्रा सगूफा सोनम ने सतगावां प्रखंड में 410 अंक लाकर प्रखंड में पहला स्थान लाकर नाम रौशन किया है। वहीं दूसरे स्थान पर राज्य संपोषित 10+2 उच्च विद्यालय बासोडीह की छात्रा अंजली कुमारी और सोनू कुमार ने 401 अंक हासिल किए। उच्च विद्यालय बासोडीह की छात्रा संजना कुमारी ने 399 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल छात्र छात्राओं ने सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों प्रधानाध्यापक अवधेश पांडेय और ब्रिलियंट स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार को दिया। सगुफा सोनम ने कहा कि वह अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। पिता किसान और माता गृहिणी है।

## वनरक्षियों ने काला बिल्ला लगा कर किया विरोध

कोडरमा। झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ द्वारा अपने मांगो को लेकर दिन काला बिल्ला लगाकर राज्यव्यापी विरोध दर्ज कराया गया। कोडरमा जिला संघ के समस्त सदस्य ने काला बिल्ला लगाकर अपने विभागीय कार्य का निष्पादन किया। संघ 2020 से झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली 2014 में पदोन्नति को बाधित करने और अन्य अलाभकारी परिवर्तन को लेकर पिछले 3 वर्षों से कई बार विरोध किया जो अगले एक सप्ताह तक जारी रहेगा। विदित हो कि वर्ष 2014 के वनरक्षी नियुक्ति नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है कि वनपाल के शत प्रतिशत पदों को वनरक्षियों के पदोन्नति से भरा जायेगा। लेकिन इसके विपरीत वनपाल के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु नियमावली बनाया जा रहा है। उपस्थित सभी वनरक्षियों ने विभाग को आगाह किया कि सीधी नियुक्ति का प्रयास न करके वर्तमान में कार्यरत वनरक्षियों को अविलंब पदोन्नत करके वनपाल के पदों को भरा जाय।

## बीएसएफ मेरू कैंप में सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए विदाई समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप में इन्द्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय के तत्वावधान में परिसर स्थित परिवार कल्याण केंद्र में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हो रहे बल के कार्मिकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, देवी सरण सिंह, उपमहानिरीक्षक (प्रशा), राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक (एसटीएस), आरआर लाल, उपमहानिरीक्षक (प्रशि), श्री डीके प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक, सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। इस संस्थान से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हो रहे कार्मिक मुख्य आरक्षक चालक अनीस एबी और आरक्षक चालक पी रहमान जोकि केरल राज्य के रहने वाले हैं इन्होने राष्ट्र और सीमा सुरक्षा बल के लिए शौर्य और वीरता से परिपूर्ण प्रेरक कार्य पद्धति विकसित करते हुए पूर्ण तन्मयता और मनोयोग से निर्वहन करते हुए अपने जीवन के लगभग 21 वर्ष राष्ट्र को अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## सैनिक स्कूल में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर बैठक



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में प्राचार्य सैनिक स्कूल, तिलैया की उपस्थिति में तिलैया स्कूल परिसर में बनाये जा रहे संरचना, भवन और भूमि संबधित कठिनाई के निराकरण के लिये बैठक किया। बैठक में सैनिक स्कूल, तिलैया के जमीन का सीमांकन, दाखील खरीज और लगान में हो रही कठिनाई के संबंध मे अंचलाधिकारी, चन्दवारा के द्वारा बताया गया कि दाखिल खरीज का कार्य लगभग हो गया है, रसीद कटाना शेष है। सितंबर 2023 में राज्यपाल के संभावित आगमन कार्यक्रम के पूर्व सैनिक स्कूल, तिलैया में बनाये जा रहे संरचना, भवन को पूर्ण कराने का निदेश उपस्थित अभियंता, संवेदक को दिया गया। सैनिक स्कूल परिसर में बनाये गये स्वास्थ्य उप केंद्र, कांटी को हैंड ओभर कर दिया गया है। प्राचार्य सैनिक स्कूल ने स्वास्थ्य उप केंद्र मे फर्नीचर और एक नर्स की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया। प्राचार्य, सैनिक स्कूल तिलैया के द्वारा जिले में होने वाले सामाजिक गतिविधियों में तिलैया स्कूल के बच्चे की सहभागिता के लिए सहमति व्यक्त किया गया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ ली और हस्ताक्षर अभियान चलाया




सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल सभागार में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर शपथ समारोह और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने उपस्थित कर्मचारियों और समाजसेवियों को तंबाकू का सेवन नहीं करने, तंबाकू से दूर रहने, जिंदगी चुने तंबाकू नहीं, भोजन चाहिए तंबाकू नहीं आदि विस्तार रूप से जानकारी दी। उपस्थित कर्मचारियों को पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं शपथ लेता हूं कि मै अपने जीवन में कभी भी किसी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करूंगा। मैं अपने परिजनों मित्रों या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। वहीं कार्यालय के बाहर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राहुल कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, लिपिक भरत कुमार, प्रखंड समन्वयक नीरज कुमार, महिला पर्यवेक्षिका मीना केसरी, रेखा कुमारी, प्रमोद कुमार बक्शी, मोहम्मद इसराईफिल, बलदेव पंडित, लिपिक लालन कुमार, आनंद कुमार, किशुन यादव, प्रसादी यादव, अजय कुमार, सुधीर कुमार, दीपक कुमार, विजय कुमार, विपुल कुमार, अजीत कुमार, शदानन्द प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## तंबाकू नियंत्रण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



कोडरमा (आजाद सिपाही)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग, कोडरमा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त आदित्य रंजन ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया। इसका मकसद आम लोगों में तंबाकू और इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करना है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर आमजनों को तंबाकू और इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करेंगी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ मनोज, दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शरद, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के डॉ. रमण कुमार, डीपीएम महेश, विनीत और अन्य

# जिले के विद्यार्थियों ने इंटर आर्ट्स और कॉमर्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## जगन्नाथ महतो इंटर कॉलेज उरुका का रिजल्ट रहा बेहतर



**इचाक।** जगन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरुका का रिजल्ट इंटर कला और वाणिज्य में बेहतर रहा। जहां इंटर वाणिज्य में शत-प्रतिशत तो कला में 99 प्रतिशत रिजल्ट रहा। महाविद्यालय का रिजल्ट कला में जिला टॉप 10 में 4 विद्यार्थी आये। जिसमें शिवानी कुमारी 447 अंक थर्ड रैंक सिमरन कुमारी 444 अंक फिफ्थ रैंक, विशाखा कुमारी 441 अंक सेवंथ रैंक, प्रियांशु कुमार 440 अंक लाकर जिला में ऐठ रैंक प्राप्त किया। वहीं निशांत कुमार 427 ,सूरज कुमार 425, रूपेश कुमार421, उपासना कुमारी 420, संध्या कुमारी 415, नेहा कुमारी 412, सपना कुमारी 409, ब्यूटी 406, ओम 406 और आशीष कुमार 400 अंक प्राप्त किये। महाविद्यालय का रिजल्ट वाणिज्य में सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये। वहीं कला में प्रथम श्रेणी से 52% द्वितीय श्रेणी में 46% तृतीय श्रेणी से 1% तथा 1% छात्र अनुतीर्ण हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य बसंत कुमार ने बच्चों को मिठायी खिलाकर बधाई दी और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने महाविद्यालय के उम्दा प्रदर्शन से गदगद दिखे और उन्होंने बच्चों के साथ शिक्षकों को भी बधाई दी और कहा कि शिक्षकों की लगन और विद्यार्थी की मेहनत का नतीजा है यह रिजल्ट। महाविद्यालय के सचिव जीतेश्वर प्रसाद मेहता उर्फ भरत मेहता ने उम्दा प्रदर्शन के लिए बच्चों का अनुशासित होकर शिक्षा ग्रहण करने का नतीजा बताया। इसके अलावा बच्चों को सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भी बधाई दी। बधाई देने वाले शिक्षकों में प्रोफेसर विजय कुमार दास, प्रोफेसर राम प्रकाश मेहता, प्रोफेसर राजेंद्र यादव, प्रोफेसर उमेश कुमार, प्रो प्रदीप कुमार, प्रोफेसर प्रेमचंद कुमार पन्त, प्रदीप कुमार, जयप्रकाश कुमार, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, सुरेंद्र मिश्रा, सुषमा देवी आदि शामिल हैं।

## कौटिल्य महिला महाविद्यालय का इंटरमीडिएट रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**बड़कागांव।** गुरुचट्टी स्थित कौटिल्य महिला महाविद्यालय का इंटरमीडिएट रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। अन्नू रंजन ने इंटर आर्ट्स में 419 अंक लाकर कॉलेज की प्रथम टॉपर रही। वही कॉमर्स में रोजी परवीन ने 408 नंबर लाकर कॉलेज टॉपर बनी। तानिया प्रवीण 402 अंक, शिल्पी कुमारी और खुशबू कुमारी 399 अंक, शारदा कुमारी 397 अंक, मिलन कुमारी 384 अंक, प्रीति कुमारी 355अंक, निशु कुमारी 349अंक, तनीषा कुमारी 348अंक निशत बेगम 347अंक, निकिता कुमारी 344अंक, प्रियांशु कुमारी 343अंक, पूनम कुमारी 342अंक, सीता कुमारी 335 अंक,ज्योति कुमारी 326 अंक अंजली कुमारी 325अंक, दिव्या विश्वकर्मा 322 अंक, दिव्या कुमारी 321अंक, गायत्री कुमारी 319अंक, काजल कुमारी और प्रियंका कुमारी 318अंक, शिल्पा कुमारी 317अंक, सुमीता कुमारी 324अंक, काजल कुमारी और रीमा कुमारी 308अंक, नीलम कुमारी, सविता कुमारी , चंचला कुमारी ,ज्योति कुमारी , सुचिता कुमारी 300 अंक लाकर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रबंधक सुधांशु शेखर और प्राचार्य अवध कुमार मेहता ने सभी सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत



**बड़कागांव।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बड़कागांव मैं मैट्रिक और इंटरमीडिएट का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत जिसमें मैट्रिक में कुल 64 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें सभी प्रथम और द्वितीय स्थान से उत्तीर्ण हुये। वही मोनिका कुमारी ने 402 अंक लाकर स्कूल का प्रथम टॉपर बनी, द्वितीय टॉपर नरगिस कुमारी 390 अंक तथा तीसरा टॉपर प्रिया कुमारी 386 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट का रिजल्ट काफी शानदार रहा जिसमें सूफिया परवीन 426 अंक 85.2% लाकर स्कूल की प्रथम टॉपर, अंजली कुमारी 412 अंक लाकर द्वितीय टॉपर तथा तृतीय स्थान पर तीन छात्राओं ज्योति बाला, निशा कुमारी , अमेरिका कुमारी 389 अंक 77.8% प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी उत्तीर्ण छात्राओं को विद्यालय की वार्डन लीलावती कुमारी, लेखापाल राजकुमार साव, निशि रानी, किरण कुमारी, सीताराम महतो,अजय पटेल,संगीता कुमारी, प्रमोद कुमार, रूबी कुमारी, चिंतामणि महतो, विनीता कुमारी के अलावा अन्य लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।

## झारखंड कॉलेज का इंटर आर्ट्स का रिजल्ट रहा बेहतर



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड कॉलेज लगातार 2014 से अभी तक झारखंड स्टेट टॉपर से लेकर जिला और प्रखंड टॉपर देने का कार्य करते आ रहा है। इस वर्ष आर्ट्स मे कुल 352 छात्र-छात्राएं ने परीक्षा दिया था। जिसमें 99 प्रतिशत रिजल्ट रहा साथ ही कॉमर्स में सत प्रतिशत रिजल्ट रहा। आर्ट्स के श्रेया कुमारी 427 अंक लाकर कॉलेज की प्रथम टॉपर बनी, कीर्ति कुमारी 415 अंक लाकर द्वितीय तथा तृतीय स्थान बुलबुल कुमारी 410, शिवम कुमार 398, मो. जुनेद 396, तानिया प्रवीण 389, अनुराधा कुमारी 379, करण ऋषि 372, अमरदीप कुमार 371, शायना प्रवीण 371, उरज कुमार 366, के साथ प्रथम स्थान से 155 और द्वितीय स्थान से 185, तृतीय स्थान 3 छात्र-छात्राओं प्राप्त किया। कॉमर्स में प्रथम स्थान मोहम्मद कैफ 382, नूर बाज आलम 377, अब्बू सुफियान 371 लाकर अपने कॉलेज एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। इस सफलता पर कॉलेज प्राचार्य बिनोद यादव और सचिव श्याम सुन्दर, प्रो. मोहम्मद शमशेर अंसारी, किरण कुमार, मोहम्मद मुदस्सार, अजय कुमार पटेल, रंजीत कुमार साहू, सतनारायण कुमार, विनोद कुमार साव, रंजीत कुमार विश्वकर्मा हुलास देवी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

## ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पीडब्ल्यूडी चौक हजारीबाग स्थित ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज इंटरमीडिएट के कला और वाणिज्य के विद्यार्थियों ने जैक द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं। जिसमें विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त किये हैं। सफल विद्यार्थियों को महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार तथा शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई दि तथा कामना किये हैं कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कामयाबी हासिल करेंगे। कला संकाय के अमर कुमार 88.5 प्रतिशत लाकर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिव कुमार गुप्ता ने 84.4 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा अनु रंजन 84% लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किये। सफल विद्यार्थियों में आदिति कुमारी, विकास कुमार, किरण कुमारी, मधु कुमारी, निकी कुमारी, काजल कुमारी, गुड़िया कुमारी इत्यादि उपस्थित थी।

## प्लस टू हाई स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्लस टू हाई स्कूल बड़कागांव इंटर आर्ट्स का रिजल्ट जारी हुआ।जिसमें 377 परीक्षार्थियों में 373 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें सभी 373 परीक्षार्थी पास हुए। स्कूल में टॉप टेन स्थान पर बेटियों ने मारी बाजी है। जिसमें अंजली कुमारी 422 अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी, इसके अलावा बिलासो कुमारी 417 अंकों के साथ द्वितीय, पिंकी कुमारी 414 अंक के साथ तृतीय,किरण कुमारी 413 अंक के साथ चतुर्थ, नीतु कुमारी 411 अंक, कशिश कुमारी 409 अंक, अर्चना कुमारी 402 अंक,काजल कुमारी 399 अंक, संगीता कुमारी 396 अंक, कंचन कुमारी,प्रिती कुमारी, रानी कुमारी सभी ने 391-391अंक लाकर टॉपटेन में है।

## इंटर महिला महाविद्यालय का आर्ट्स में शानदार प्रदर्शन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** जैक द्वारा जारी इंटर कला संकाय के परीक्षा परिणाम में इंटर महिला महाविद्यालय कुजू के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी में 54, द्वितीय श्रेणी में 87 एवं तृतीय श्रेणी में कुल 4 छात्राएं सफल रहे। विद्यालय की छात्रा सिदरा शामिया ने 415 अंक लाकर महाविद्यालय की टॉपर बनी। जबकि इंशा अनवर ने 395 अंक लाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। वही, 382 अंक के साथ हुश्न बुशरा ने तृतीय स्थान हासिल की। विद्यालय की छात्राओ की उपलब्धि को लेकर महाविद्यालय सचिव अनिल मोदी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शशिबाला समेत व्याख्याता डॉ अवधेश गुप्ता, प्रो जयनाथ प्रसाद गुप्ता, प्रो वीरेंद्र कुमार, प्रो अर्चना एवं कर्मचारी नरेश पटेल, विजय ठाकुर, महेश ठाकुर, गबन सिंह, संजय प्रसाद, सुमित्रा देवी, विक्रम महतो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## धर्मशाला निर्माण में सांसद ने पहली कढ़ाही मसाला डाला



**गोला (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मंगलवार को नवाबारी खरेया टांड़ में नवनिर्माण कुशवाहा धर्मशाला में पहली कढ़ाही मसाला डाला। उन्होंने कहा कि इस धर्मशाला के निर्माण से आस पास के गांव के लोगो को शादी विवाह में बहुत ही सहायता मिलेगी। इसके आगे के कार्य को भी आगे बढ़ाने में बढ़ चढ़ कर हमेशा सहयोग करेंगे। आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा की इस तरह के कार्य से हमारे कुशवाहा समाज और भी आगे जायेगा। मौके पर समाजसेवी चंद्र शेखर महतो, कुशवाहा धर्मशाला का अध्यक्ष लखींद्र कुशवाहा, चतुर्भुज कश्यप, आजसू छात्र संघ के प्रखंड कोषाध्यक्ष अरुण कुमार दांगी, सुबोध कुमार दांगी, संदीप कुमार, गंगाधर महतो, लखन कुमार, निरंजन महतो, राजू कुशवाहा, गौतम कुशवाहा, प्रकाश कुमार दांगी, राजेश रंजन जितेंद्र कुशवाहा मकुंद महतो, आनंद कुमार आदि मौजूद थे।

## विधायक की अनुशंसा पर छावनी परिषद ने दी 27 योजनाओं की स्वीकृति



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छावनी परिषद बोर्ड की बैठक में विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा की गई अनुशंसा के बाद छावनी परिषद ने 27 योजनाओं की स्वीकृति दे दी है। जिसके तहत छावनी परिषद के अंतर्गत हर गली मोहल्लों में पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण और पीने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी। विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ शहर के सभी गली मोहल्लों में पीसीसी पथ निर्माण और नाली निर्माण कराई जाएगी । पूर्व की बैठक में मेरे द्वारा अनुशंसा की गयी योजनाओं को अभी छावनी परिषद के द्वारा 27 योजना को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि आगे जंहा भी जरूरत होगी पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण करायी जायेगी। साथ ही पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेरी पूरी प्रयास होगी रामगढ़ शहर की कोई गली मोहल्ला इससे वंचित नहीं रहे। राज्य सरकार के उदासीनता के कारण छावनी परिषद की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल्द ही फंड की कमी की समस्याओं के निदान के लिए संबंधित विभाग के मंत्री से मिलकर एवं जिला प्रशासन के सहयोग से निदान की जाएगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी,रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा युवा नेता लालू शर्मा मौजूद थे।

## कुजू पुलिस ने किया अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया है। साथ ही चालक को गिरफ्तार किया है। जब्त ट्रक को मांडू थाना मे रखा गया है। जानकारी के अनुसार कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार को बुधवार को गुप्त सुचना मिली कि घाटो ओपी क्षेत्र के बदगांव गोसी वन क्षेत्र से अवैध कोयला लोड कर ट्रक संख्या जेएच0टी 8454 कुजू होकर बिहार जा रही है। सुचना पर श्री कुमार ने गश्ती दल में शामिल अनि लेखनाथ सिंह को उक्त ट्रक पकड़ने का निर्देश दिया। निर्देशनुसार श्री सिंह उक्त ट्रक को कुजू सरना स्थल के निकट पकड़ लिया। साथ ही चालक चैनगड्डा निवासी सिकंदर अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध मे ट्रक मालिक, चालक और कारोबार मे शामिल कारोबारियों पर मामला दर्ज कर लिया है।

## खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर सह धर्मशाला को लेकर हुई बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बाजार स्थित खोपड़िया बाबा प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सह धर्मशाला परिसर में बुधवार को गणमान्य एवं स्थानीय लोग बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और संचालन योगेश दांगी ने किया। मौके पर प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सह धर्मशाला के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर कई लोगो ने अपने विचार प्रकट किये। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर ही मंदिर रहेगा और इसी मंदिर का जीर्णोद्धार होगा। इस मंदिर के अलावा यहां दूसरा मंदिर नही बनेगा। जबकि धर्मशाला परिसर धर्मशाला ही रहेगा। धर्मशाला परिसर मे मूर्ती स्थापना नही होगी। बैठक में मंदिर जीर्णोद्धार और बेहतरीन धर्मशाला निर्माण संचालन को लेकर सर्वमान्य कमेटी बनाने की सहमति बनी। कमेटी को लेकर पांच सदस्यीय संयोजक मंडली का चयन किया गया। बैठक में काशी से आये त्यागी बाबा, जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, महेश्वर साहू, रामकुमार सिंह, राकेश पांडेय, रामफल बेदिया आदि मौजूद थें।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन

# डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने लिया तंबाकू का सेवन नहीं करने का संकल्प

**तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता, तंबाकू का सेवन छोड़े : माधवी मिश्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सदर अस्पताल परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से डीसी माधवी मिश्रा शामिल होकर लोगों को तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए किसी भी व्यक्ति को तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने वर्तमान में तंबाकू का उपयोग कर रहे लोगों से आज ही तंबाकू छोड़ने की अपील की। हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं थीम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



### तंबाकू के सेवन से मनुष्य के शरीर में तरह-तरह की बीमारियां होती हैं: सीएस

कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने भी लोगों को बताया कि तंबाकू के सेवन से मनुष्य के शरीर में तरह-तरह की बीमारियां होती है। उन्होंने तंबाकू से होने वाले दुष्परिणाम की भी लोगों को जानकारी देते हुये तंबाकू का सेवन नहीं करने को कहा। संबोधन के बाद सदर अस्पताल के डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों ने नोडेल पदाधिकारी सह जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सबीता वर्मा की अध्यक्षता में तंबाकू का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया।

### डीसी ने हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारंभ

मौके पर डीसी माधवी मिश्रा ने सदर अस्पताल से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर एसीएमओ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, डॉ उदय श्रीवास्तव, जिला यक्षमा पदाधिकारी डॉ स्वराज, डीपीएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव, एचएम अतींद्र कुमार उपाध्याय, फिजियोथेरोपिस्ट सावन कुमार के अलावे कई डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## जीवन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता लाने की जरूरत: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** उत्तरी वन प्रमंडल द्वारा वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा क्रिन्यावित मिशन लाइफ की कार्यशाला आयोजित की गयी। यह कार्यशाला स्थानीय समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस मौंके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा मिशन लाइफ के जन-जागरूकता अंर्तगत संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिये किये जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। डीडीसी ने जल संरक्षण, उर्जा संरक्षण, प्लास्टिक से बनीं चीजों में कटौती करना, स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने की बात कही। कार्यशाला को संबोधित करते हुये उपायुक्त अबु इमरान ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता बताते हुए कहा कि हम सभी को अपने निजी जीवन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता लाने की अत्यंत आवश्यकता है। उपायुक्त ने सबसे पहले पदाधिकारियों से इसकी पहल करने की जरूरत बताया, क्योंकि समाज अक्सर पदाधिकारियों के क्रिया- कलापों का हमेशा अनुकरण करता है। इस कार्यशाला में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हरिहरपुर में धूमधाम और भक्तिभाव से मनी मंडा पूजा





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** हरिहरपुर गांव में सोमवार को मंडा पूजा भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार की रात्रि श्रद्धालुओं ने लोटन सेवा, फुलखुंदी, मच्छर गोथा, बनस झूला पर झूलकर अपने आस्था व शिव भक्ति का परिचय दिया। वहीं छऊ नृत्य के कालाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इधर मंडा पूजा और मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चैधरी, विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, मुखिया गीता देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश बेदिया, जोगेंद्र सिंह खरवार, पंसस भरत महतो आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं पुरुलिया से आए छऊ नृत्य के कलाकारों ने देवी-देवताओं से जुड़े नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। मंडा को ले मंगलवार की रात्रि 75 भोक्ता और 75 सोकताईनो ने नदी में स्नान ध्यान कर पवित्र जल भरकर मंडा स्थल पहुंचे। जहां पूरे विधि-विधान से सत्यनरायण गोसाईं, ठाकुर राजेंद्र, भट्ट भोक्ता सुनील करमाली, विजय पाहन और हनुमान चटिया कामदेव ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कराई। वहीं शिव भक्तों ने दहकते अंगारो पर नंगे पांव चलकर आस्था का परिचय दिया। इसके बाद नुकीले कांटेदार कील को शरीर मे चुभोकर भोक्ताओं ने बनस झूला झूल कर अपनी शिव भक्ति का परिचय दिया। साथ ही गांव की सुख-शांति, सृमद्धि व अच्छी फसल होने की भगवान शिव व माता पार्वती से कामना की। पूजा को लेकर भव्य मेले का आयोजन हुआ। जहां आसपास गांव के सैंकड़ों ग्रामीण मेला और छऊ नृत्य का भरपूर आनंद उठाए। मंडा पूजा को सफल बनाने में कमेटी अध्यक्ष रामनरेश महतो, सचिव पनु कुमार महतो, कोषाध्यक्ष निर्मल मुंडा, संरक्षक पूर्व जिला पार्षद सुरेश महतो, संयोजक सुखदेव महतो, कलदेवनाथ महतो सहित राजू करमाली, विकास महतो, भिंनु महतो, कलदेव महतो, दीपचंद महतो, अजय महतो, संजय पाहन, रविंद्र महतो, राजेंद्र महतो आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## कॉमर्स की जिला टॉपर बनी कुजू की रिया



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जैक द्वारा जारी इंटर कॉमर्स की परीक्षा परिणाम में राधा गोविंद इंटर कॉलेज रामगढ़ की छात्रा सह कुजू बस्ती निवासी रिया कुमारी ने 441 अंक (88.2%) के साथ रामगढ़ जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि से जिले के अलावे कुजू क्षेत्र वासी गौरवान्वित है। रिया की सफलता पर पिता ओमप्रकाश प्रसाद, माता लक्ष्मी देवी, दादा जेठू साव, दादी पार्वती देवी, छोटी बहन रिशु कुमारी सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। रिया कुमारी अपनी मेहनत के बल पर आये परिणाम से पूर्ण संतुष्टि के साथ काफी उत्साहित है। रिया ने कहा कि मुझे सीए बनने की चाहत है। अर्थव्यवस्था की कमान अपने हाथ में रखने की इच्छा है। आगे भी पढ़ाई में इसी तरह लगाव जारी रहेगा। कहा कि माता-पिता, परिजनों व शिक्षकों का मार्गदर्शन के साथ पढ़ाई में कड़ी मेहनत ही बेहतर परिणाम दिलाता है। पढ़ाई में कोई भी शॉर्टकट रास्ता नहीं है। बस अनुशासन के साथ पढ़ने से मंजिल पाया जा सकता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - पिता, दादा - दादी व शिक्षकों को दिया है। पेशे से व्यवसायी पिता ओमप्रकाश प्रसाद व गृहणी माता लक्ष्मी देवी ने बताया कि रिया पढ़ाई के मामले में काफी मेहनती रही है। रिया 10वीं बोर्ड परीक्षा डीएवी आरा से की थी। बधाई देने वालो में कॉलेज प्रबंधन के अलावे राजकुमार साव, जीतन साव, रतन प्रसाद साहू, गौतम साव, कैलाश साव, विनोद साव, शिक्षक भेखराज कुमार, नकूल साव, अनामिका देवी, देवन्ति देवी, ज्योति कुमारी, सूरज कुमार, रिंकू देवी, सुनीता देवी समेत कई लोग शामिल है।

## रुद्राक्ष सिंह आर्ट्स का जिला टॉपर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कर्मी सह सयाल निवासी राजेन्द्र राम के पुत्र सह पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज का छात्र रुद्राक्ष कुमार सिंह जैक द्वारा आयोजित इंटर आर्ट्स की परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक लाकर जिला बना है। रुद्राक्ष ने इतिहास में 95, भूगोल में 91, हिन्दी व राजनीति विज्ञान में 89 व अंग्रेजी में 85 अंक के साथ कुल 445 नंबर प्राप्त किया है। उसके सफलता पर परिजनों सहित जेएम कॉलेज परिवार ने हर्ष जताते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। रुद्राक्ष ने बताया की आगे स्नातक के बाद सिविल सर्विस की तैयारी करूंगा। मेरी तमन्ना आईपीएस बनकर देश की सेवा करने की है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दी है।

### कोर्ट-नोटिस

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा

**मूल भरण-पोषण वाद :- 85/2022**

पुजा सिंह..............................आवेदक

**बनाम**

पंकज सिंह..............................विपक्षी

**नोटिश बनाम**

पंकज सिंह, पिता- श्री कैलाश सिंह साकिन- महाराणा प्रताप चौक, संकट मोचन, असनाबाद झुमरी तिलैया, थाना- तिलैया जिला-कोडरमा

इस पत्र के माध्यम से आप को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ने U/s-125 CrPC के अंतर्गत विवाह भरण-पोषण हेतू मेरे न्यायालय में वाद दाखिल किया है। आपको नजारत एवं रजिस्ट्री के माध्यम से इसकी सूचना दी गई। फिर भी आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए ।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 08.06.23 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखे एवं जवाब दाखिल करें कि क्यों नहीं आवेदिका के आवेदन को स्वीकार किया जाय। अन्यथा आपको अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 25.4.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी।

**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा**

### कोर्ट-नोटिस

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा

**मूल वाद संख्या-35/2023**

अभिषेक कुमार ..................... आवेदक

**बनाम**

डॉ. अंकिता ..................... विपक्षी

नोटिस बनाम : - डॉ. अंकिता पिता-प्रनोपम कुमार सिंह पति-अभिषक कुमार स्थायी पता- साकिन-बजरंग नगर, कोडरमा, थाना व जिला-कोडरमा

वर्तमान पता-फ्लैट नं.-204, शंकर टावर पाटलीपुत्र शिलादित्य रेसिडेन्सी, खाटाल रोड, धईया, धनबाद झारखंड-826004

बजरिये इस पेपर प्रकाशन के द्वारा आपको आगाह किया जाता है कि, आवेदक आपके विरूद्ध धारा-09 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत आवेदन दाखिल किया गया है जो सुनवाई वास्ते मेरे न्यायालय में लम्बित है।

अतएव आप निर्धारित तारीख 07.06.2023 को सुबह 7.30 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के द्वारा हाजिर होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई कर ली जायेगी। इसे आवश्यक जानें।

मेरे हस्ताक्षर एवं अदालत के मुहर से जारी किया गया दिनांक 25.05.2023 ई.

**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा**


**UNIVERSITY DEPARTMENT OF MANAGEMENT**
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY, HAZARIBAG**

**ADMISSION OFFER**
**MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION (MBA)**
**(SESSION:-2023-25)**

Application are invited for Two Years Full Time MBA Regular Programme with Intakes: 70 (Seventy) through Chancellor portal. Portal address is **https://jharkhanduniversities.nic.in/home.**
**Online application applying date from: 10th May, 2023 to 25th July, 2023.** For more information visit University website - www.vbu.ac.in
For any inquiry, Contact No- 9431795999 (Director), 6200522179 (Course Co- ordinator) 8603250126 (T.P.O), 9006597083 during office hour.

(Dr. Amitava Samanta)
Director

By order of the Vice-Chancellor
Sd/-

Registrar,
VBU, Hazaribag

**Memo no.-** VBU/MBA/3338/23
**Dated** : 31/05/2023



**UNIVERSITY DEPARTMENT OF MANAGEMENT**
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY, HAZARIBAG**

**ADMISSION OFFER**
**BATCHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION (BBA)**
**(SESSION:-2023-26)**

Application are invited for Three Years Full Time BBA Programme with Intakes: 70 (Seventy) through Chancellor portal.
Portal address is **https://jharkhanduniversities.nic.in/home.**
**Online application applying date from: 12th May, 2023 to 25th June, 2023.** For more information visit University website - www.vbu.ac.in
For any inquiry, Contact No- 9431795999 (Director), 8084496651 (Course Co-ordinator) 8603250126 (T.P.O), 9006597083 during office hour.
**Note:-** Those who are appearing in the final 12th examination- 2023 they can also apply.

(Dr. Amitava Samanta)
Director

By order of the Vice-Chancellor
Sd/-

Registrar,
VBU, Hazaribag

**Memo no.-** VBU/MBA/3339/23
**Dated** : 31/05/2023


# पतरातू-रांची मार्ग पर ट्रक और कार में टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**दुर्घटना में सीसीएल कर्मी की हुई मौत, 2 महीने बाद होने वाला था सेवानिवृत्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू थाना अंतर्गत बुधवार सुबह टर्बो और फोर व्हीलर के आमने सामने जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। जानकारी के अनुसार बरका-सयाल क्षेत्र के सीसीएलकर्मी प्रमोद कुमार शर्मा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवक वीरेंद्र प्रसाद और संजीत केरकट्टा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। सभी रांची से ड्यूटी करने से बड़का सयाल जा रहे थे। मृतक प्रमोद कुमार शर्मा सयाल में एरिया फाइनेंस बरका में कार्यरत थे और 2 महीने के बाद उनकी रिटायरमेंट होने वाली थी। बताया जाता है कि शंकर फैमिली ढाबा से महज 50 मीटर की दूरी पर पतरातु रांची मुख्य मार्ग पर एक ईटा लदा टाटा टर्बो ट्रक जेएच 05 सी डब्लू 9657 जो रांची की ओर जा रही थी। वही मारुति स्विफ्ट कार जेएच 24 बी 1355 में सवार तीन व्यक्ति रांची से पतरातु की ओर आ रहे थे। तभी टर्बो और स्विफ्ट कार के बीच आमने सामने जोरदार हो गई। जोरदार टक्कर में कार सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। वही कार में सवार दो अन्य व्यक्ति दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया। साथ ही दुर्घटना स्थल पर मृत व्यक्ति के शव को पतरातू पुलिस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लाया गया। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी की कार का अगला हिस्से का परखच्चा उड़ गया। वहीं तेज रफ्तार की वजह से अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पहाड़ पर जा टकराकर खड़ा हो गया। वही दुर्घटना में ट्रक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। टर्बो चालक फरार बताया जा रहा है।

### मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत, आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम की



**पतरातू (आजाद सिपाही संवाददाता)।** पतरातू थाना क्षेत्र में बुधवार दुर्घटना का दिन रहा है। यहां दो बड़ी दुर्घटनाएं घटी है। एक घटना पतरातू घाटी में घटी है तो वहीं दूसरी घटना पतरातू स्थित रोचाप गांव में घटा है। मुख्य सड़क में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से खुलेस महतो की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में मंडा पर्व हो रहा था। इसी को देखने के लिए रात में अपने घर से निकला था। ग्रामीणों द्वारा पतरातू से मैक्सवेलीगंज जाने वाली सड़क पर बॉडी को रखकर रोचाप मुख्य पथ पर जाम कर दिया गया है। भारी वाहन की चपेट में आने से अभी तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। पतरातू पुलिस के समझाने और आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम खत्म किया। जिसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# यह कैसा प्रेम

दिल्ली के रोहिणी इलाके में रविवार को हुई एक टीनेज लड़की की हत्या कई वजहों से विचलित करती है। जिस तरह से 20 साल के एक युवक ने 16 साल की लड़की को दिन-दहाड़े सड़क के किनारे चाकुओं से गोद डाला और फिर एक बड़ा सा पत्थर उठा कर उससे बार-बार लड़की के सिर पर वार किया, वह स्तब्ध कर देता है। यह पूरी घटना अगर सीसीटीवी के कैमरे में कैद नहीं हुई होती तो भी इसका विवरण बेचैन कर सकता था, लेकिन टीवी पर प्रसारित इस घटना के फुटेज ने आम देशवासियों के दिलो-दिमाग पर इसके असर को कई गुना बढ़ दिया है। शुरुआती ब्योरे बताते हैं कि लड़का और लड़की पिछले दो साल से रिश्ते में थे और कुछ दिनों से उनमें खटपट बढ़ गयी थी। लड़की अब लड़के से दूरी बनाने की कोशिश कर रही थी, जिसे लड़का बर्दाश्त नहीं कर पाया। कथित प्रेम संबंधों की ऐसी परिणति कई मामलों में देखने को मिल रही है। कुछ समय पहले ही दिल्ली में श्रद्धा मर्डर केस चर्चित हुआ था, जिसमें लिव-इन पार्टनर ने कथित तौर पर हत्या करने के बाद लाश के 35 टुकड़े किए और फिर एक-एक कर ये टुकड़े जंगल में फेंक दिये। ऐसी और भी घटनाएं देश के अलग-अलग हिस्सों से सुनने को मिली हैं। ताजा मामले का जो पहलू खास तौर पर ध्यान खींच रहा है वह है दोनों की कम उम्र। 14 और 18 साल की उम्र में शुरू हुआ यह कथित प्रेम संबंध अलगाव की एक आंच नहीं झेल पाया। पिछले कुछ समय से समाज में आ रहा खुलापन जहां लड़कियों को स्वतंत्र फैसले लेने की ओर ले जा रहा है, वहीं लड़कों की अपेक्षाएं अभी भी पुराने पुरुषवादी आग्रहों से ग्रसित नजर आती हैं। निश्चित रूप से इसके अपवाद भी हैं, लेकिन समाज के एक बड़े हिस्से में चेतना का यह असंतुलन खतरनाक टकराव की स्थिति पैदा कर रहा है। इसी घटना का एक और अहम पहलू है शहरी मध्यवर्गीय जीवन में घर करती जा रही उदासीनता। सीसीटीवी फुटेज दिखाता है कि सड़क के किनारे एक 16 साल की लड़की पर हो रहे इस बर्बर हमले के दौरान कई लोग वहां से गुजरे, कुछ तो दो-चार सेकंड के लिए ठिठके भी, लेकिन किसी ने भी युवक को रोकने की या तत्काल पुलिस बुलाकर या शोर मचा कर लड़की को बचाने की कोशिश नहीं की। बल्कि, कॉलोनी के लोगों ने भी अपनी खिड़कियां बंद कर लीं। यह कोई नया परिदृश्य नहीं है। दिल्ली ही नहीं, तमाम महानगरों में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान या इस तरह की घटनाओं में ऐसी उदासीन प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। पुलिस-प्रशासन की साख का सवाल तो है ही, घटना से जुड़े अन्य पहलू भी कम महत्वपूर्ण नहीं। नीति-निर्माताओं और समाज के जिम्मेदार तबकों को घटना के तमाम पहलुओं को संज्ञान में लेने और सुधारात्मक कदमों पर गौर करने की जरूरत है।

> शुरुआती ब्योरे बताते हैं कि लड़का और लड़की पिछले दो साल से रिश्ते में थे और कुछ दिनों से उनमें खटपट बढ़ गयी थी। लड़की अब लड़के से दूरी बनाने की कोशिश कर रही थी, जिसे लड़का बर्दाश्त नहीं कर पाया।

अभिमत
आजाद सिपाही

**विपक्ष ने कहा कि वे नये संसद भवन का बहिष्कार कर रहे हैं न कि संसद का। किंतु संसद के अगले सत्र में वे इसी भवन में प्रवेश करेंगे और 2024 में इसी भवन में प्रवेश करने के लिए चुनावी दंगल लड़ेंगे। वे इसका अनिश्चितकाल के लिए बहिष्कार नहीं कर सकते, तो फिर इसके उद्घाटन को विरोध-प्रदर्शन का प्रतीक क्यों बनाया गया? वे इस कटु सच्चाई को भूल गये कि संसद मोदी के बाद भी रहेगी और इतिहास में दर्ज होगा कि नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह में विपक्ष उपस्थित नहीं रहा।**

# नयी संसद, नयी शुरुआत : क्या सरकार-विपक्ष के बीच मतभेद दूर कर पायेगी

**पूनम आइ कौशिश**



ऐसी अनेक संस्थाएं और क्षण होते हैं, जो राजनीति से परे होते हैं और लोकतंत्र का पावन मंदिर संसद उनमें से एक है। संसद के दोनों सदन, लोकसभा और राज्यसभा चर्चा और बहस के केंद्र हैं, जहां पर लोगों की आवाज को उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से सुना और सरकार को जवाबदेह ठहराया जाता है। बीता रविवार एक सामान्य रविवार से अलग था। स्वतंत्र भारत में संसद के नव-निर्मित भवन का उद्घाटन किया गया और इसने काऊंसिल हाऊस के रूप में 1927 में औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत निर्मित वर्तमान संसद का स्थान ले लिया। यह अतीत को वर्तमान से जोड़ने का एक सेतु है।

नव-निर्मित संसद भवन की भव्यता और उसमें उच्च प्रौद्योगिकी युक्त सुविधाएं नये भारत की महत्वाकांक्षाओं और आत्मनिर्भरता को दशार्ती हैं तो इसके उद्घाटन के संबंध में तीव्र राजनीतिक मतभेद और विद्वेष, तीखे बयान, ट्वीट आदि उन महत्वाकांक्षाओं पर एक अंकुश सा लगाते हैं। निःसंदेह 19 विपक्षी दलों द्वारा नव-निर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार उनकी राजनीति को दशार्ता है। यह कहा गया कि लोकतंत्र की आत्मा को मार दिया गया, नये भवन का कोई महत्व नहीं है। हमेशा की तरह मोदी सुर्खियों में रहना चाहते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं और भावनाओं का ह्रास हो रहा है। मोदी अपने ब्रांड का हिंदू राष्ट्रवाद थोप रहे हैं। साथ ही यह भी प्रश्न उठाया गया कि नव-निर्मित संसद भवन के उद्घाटन की तिथि हिंदू हृदय सम्राट वीर सावरकर के जन्म दिवस के दिन क्यों निर्धारित की गयी, जिन्हें विपक्ष विभाजनकारी मानता है।

> हमारी संसद विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का हृदय स्थल है और लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को चलाने का प्रमुख साधन है।

कांग्रेस के राहुल गांधी ने इस नव-निर्मित भवन के उद्घाटन को मोदी का राजतिलक बताया, तो राजद ने इस भवन को एक ताबूत बताया। वहीं राकांपा के शरद पवार ने कहा कि वह खुश हैं कि उन्होंने इस समारोह में भाग नहीं लिया क्योंकि यह भारत को पीछे ले जायेगा। प्रश्न उठता है कि साधुओं द्वारा पूजा-प्रार्थना करना और उनकी उपस्थिति किस तरह पिछड़ापन है? विपक्ष ने कहा कि वे नये संसद भवन का बहिष्कार कर रहे हैं न कि संसद का। किंतु संसद के अगले सत्र में वे इसी भवन में प्रवेश करेंगे और 2024 में इसी भवन में प्रवेश करने के लिए चुनावी दंगल लड़ेंगे। वे इसका अनिश्चितकाल के लिए बहिष्कार नहीं कर सकते, तो फिर इसके उद्घाटन को विरोध-प्रदर्शन का प्रतीक क्यों बनाया गया? वे इस कटु सच्चाई को भूल गये कि संसद मोदी के बाद भी रहेगी और इतिहास में दर्ज होगा कि नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह में विपक्ष उपस्थित नहीं रहा।

उद्घाटन समारोह में अनुपस्थित रहकर कांग्रेस का अधिक नुक्सान होगा, विशेषकर कर्नाटक की जीत के बाद जब लोग कांग्रेस को एक नयी आशा के साथ देखने लगे थे। भाजपा ने न केवल कांग्रेस के नायकों पटेल, अंबेडकर, आजाद आदि को अपनाया, अपितु कांग्रेस ने मोदी को ऐसा अवसर भी दिया, जिससे वे भारत को नया संसद भवन देने का पूर्ण श्रेय ले सकते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जब सोनिया गांधी ने अनेक विधानसभा भवनों का उद्घाटन किया। सोनिया गांधी ने मणिपुर, झारखंड और छत्तीसगढ़ विधानसभा भवनों का उद्घाटन किया। इंदिरा गांधी ने संसदीय सौध का उद्घाटन किया। राजीव गांधी ने संसद ग्रंथालय भवन का उद्घाटन किया और संवैधानिक औपचारिकताओं की परवाह नहीं की गयी।

यदि विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन के लिए गलत समय चुना तो सरकार ने भी आधे-अधूरे मन से विपक्ष को निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री को उदारता दिखाते हुए विपक्षी नेताओं और विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण देना चाहिए था, जो भारत की विविधता और विभिन्न विचारों का प्रतिनिधित्व करते और इस तरह भारत को एकजुट रखने का एक बड़ा अवसर प्रदान करते। स्वयं को समारोह के केंद्र में रखकर प्रधानमंत्री ने इस अवसर को हमारी जीवंतता के समावेश की बजाय एक राजनीतिक अवसर बना दिया। नया संसद भवन पहले दिन से विवादों से घिरा रहा है, कि इसकी क्या आवश्यकता है। क्या यह बेहतर नहीं होगा कि नये संसद भवन पर पैसा खर्च करने की बजाय रोजगार सृजन पर खर्च किया जाता, पुराने संसद भवन की मुरम्मत की जाये, उसका विस्तार किया जाये और उसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें, जैसा कि ब्रिटेन समेत अन्य देश कर रहे हैं।

निःसंदेह संसद अपने वायदों को पूरा नहीं कर पायी और भाजपा द्वारा विपक्ष तक पहुंचने और उससे संवाद करने का प्रयास नहीं किया गया। आज यह ऐसा स्थान नहीं रह गया, जहां पर राजनीतिक भावना की संकीर्णता समाप्त हो। लोकसभा और राज्यसभा की कार्रवाई में बाधा से लेकर बिना चर्चा और संसदीय समितियों को भेजे बिना कानून पास करना आम बात हो गयी है। हमारे नेताओं को हर स्थिति में निर्णय लेने में सावधान रहना चाहिए, चाहे सदन में शोर-शराबा हो, हल्ला, धक्का-मुक्की, कुर्सियां, माइक तोड़ना आदि ही क्यों न चल रहा हो या विपक्षी सदस्य बहिर्गमन क्यों न कर रहे हों। यदि संसद भवन में विचारपूर्वक बहस और कानूनों की अच्छे से समीक्षा न हो तो नये संसद भवन का क्या उपयोग है?

इस लोकसभा में पिछले मानसून सत्र तक केवल 13 प्रतिशत विधेयकों को समितियों को विचार के लिए सौंपा गया था, जबकि 16वीं लोकसभा में 27 प्रतिशत विधेयकों को समितियों के पास विचार के लिए भेजा गया था। 17वीं लोकसभा की पुनरावृति कोई नहीं चाहता क्योंकि इस लोकसभा में बिना चर्चा और बहस के कानूनों को पारित किया गया, न ही 15वीं लोकसभा की पुनरावृति होनी चाहिए, जो अब तक सबसे कम उत्पादक रही है।

आज संसद के समक्ष तीन चुनौतियां हैं। पहली, विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बढ़ता मतभेद। संसद के पिछले कुछ सत्रों में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों द्वारा कार्रवाइयों में बाधा डाली गयी। दोनों अपनी-अपनी विचारधारा और अपने-अपने रुख पर अड़े रहे। भाजपा का मानना है कि उसके लोकतांत्रिक जनादेश का अनादर किया जा रहा है और विपक्ष इसलिए परेशान है कि सरकार अपनी संख्या बल का इस्तेमाल कानूनों को पारित करने और संसदीय प्रक्रिया को नजरंदाज करने के लिए कर रही है।

दूसरी, संसदीय प्रक्रिया को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, क्योंकि इसका मुख्य कार्य सरकार द्वारा तैयार किये गये विधेयकों की जांच करना है। कानून निर्माताओं को ऐसे उपायों पर विचार करना चाहिए, जिनसे दोनों पक्षों को मुद्दों को उठाने के लिए समय और महत्वपूर्ण विधानों की जांच के लिए पर्याप्त अवसर मिले। तीसरा, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और दोनों सदनों की सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए 2026 की समय-सीमा। नयी लोकसभा में 888 और राज्यसभा में 384 सदस्य हो सकते हैं। वह दिन दूर नहीं जब इस संसद के चैंबरों में अधिक सदस्य बैठेंगे। हमारे नेताओं को इस बात को समझना होगा कि संसद जनता की इच्छा की अभिरक्षक और सरकार तथा विपक्ष के माध्यम से संसदीय लोकतंत्र में उनकी सर्वोच्चता का प्रतीक है।

दोनों पक्षों को जनता की खातिर अपने-अपने लिए अलग-अलग स्थान बनाने चाहिएं और दृढ़ इच्छा शक्ति से जनता के मुद्दों को उठाना चाहिए। उन्हें संसद में ढांचागत सुधार करने चाहिएं और मुद्दों को उठाने के लिए अलग से समय निर्धारित करना चाहिए। हमारी संसद विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का हृदय स्थल है और लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को चलाने का प्रमुख साधन है। भारत एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है और अपनी जनसंख्या का लाभ उठा सकता है। हमारे राजनेता वर्ग को संकीर्ण स्वार्थों से ऊपर उठना होगा, अन्यथा इतिहास उन्हें माफ नहीं करेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### विधायक की पहल पर वन पट्टा का वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** जुगसलाई बिधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड स्थित गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत अपो गांव के रहने वाले भूमिहीन सबरों के लिए विधायक ने पहल शुरू कर दी। बुधवार को क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने तीन भूमिहीन सबरों के बीच वन पट्टा का वितरण किया। मौके पर सीओ चंद्रशेखर तिवारी उपस्थिति रहे। पटमदा अंचल कार्यालय परिसर में मंगल सबर, जरू सबर और संतोष सबर को वन पट्टा मिलते ही सभी विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर सीओ चंद्रशेखर तिवारी ने बताया तीनों सबर वनभूमि में ही घर बनाकर अपने परिवार का पालन कर रहे थे। उन्होंने कहा इन सबरो के नाम किसी तरह का जमीन नही है। वन विभाग से स्वीकृति प्रदान करने के बाद विधायक के हाथों तीनों सबरों को अंचल कार्यालय में वन पट्टा का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार,अश्विनी महतो, कालीपद महतो, ग्राम प्रधान खगेन सिंह, समीर महतो, सुजीत महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

### 418 अंक लाकर आंचल बनी स्कूल टॉपर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चरही।** । प्रबल इच्छाशक्ति हो तो कोई भी मुकाम हासिल करना सम्भव, यह कथन है आदर्श ग्राम जरबा का आंचल कुमारी पिता महेश प्रजाति ने परियोजना +2 उच विद्यालय चरही से जैक आर्स परीक्षा में 418 अंक लाकर स्कुल में 223 में स्कूल टॉपर बनी है।आंचल के टॉपर बनने पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाईयां दिया एवम उज्वल भविष्य की कामना की। बताते चलें कि प्रबल इच्छाशक्ति के इन्होंने आई आई टी में दाखिला लेकर इंजीनियर बनना चाहती हैं और इंजीनियर बन कर देश मे सेवा देकर राज्य और जिला का नाम रौशन करना चाहती हैं।

### घोड़ाबांधा आलोक विहार में रवींद्र-नजरुल जयंती का आयोजन

### सुवर्णरेखा नंदिनी की नयी कार्यकारिणी समिति का गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य संस्था सुवर्णरेखा नंदिनी की सभा मे नयी कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। मौके पर विश्वकवि रबीन्द्रनाथ और विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम की जयंती मनायी गयी। घोड़ाबांधा स्थित अलोक विहार डॉ. मीना मुखर्जी के आवास में मासिक साहित्य चक्र और सभा के दौरान रवींद्र-नजरूल पर चर्चा की गई। मौके पर डॉ बैद्यनाथ त्रिपाठी ने समृद्ध भाषण देते हुए कहा ये दोनों ही जीवन के हर पहलू पर अपनी कलम चलाकर प्रजन्मों को समृद्ध किया है। मौके पर नीता बिस्वास, सुजाता घोष, डॉ. मनोज पाठक, डॉ. मीना मुखर्जी ने भी कविता पाठ की। वही इंद्राणी बोस के द्वारा उद्बाटन गीत प्रस्तुत की गई। गायन में रूमा मुखर्जी, कृष्णा साहू, चंद्रा देव, सरस्वती दास शामिल रहे। सभा मे केंद्रीय नंदिनी की संस्थापिका सुल्ताना रिजिया के नेतृत्व में सुबर्णरेखा नंदिनी समिति में फेरबदल किया गया। अध्यक्ष के रूप में डॉ. मीना मुखर्जी, महासचिव डॉ. मनोज पाठक को मनोनीत किया गया। वही सह संपादक में इंद्राणी बोस और श्रावणी मित्रा को बनाया गया। कोषाध्यक्ष शिवदास मुखर्जी को रितम नंदी और सुजाता घोष सहयोग करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष निसार आमिन, उपाध्यक्ष नीता विश्वास और शमिता रक्षित को मनोनीत किया गया। आयोजन समिति के प्रमुख चंद्रा देव और उनके सहयोग में रूमा मुखर्जी, कृष्ण साहू, वणार्ली चक्रवर्ती रहेंगी। वही नवमनोनीत महासचिव डॉ मनोज पाठक ने संस्था के वार्षिक उत्सव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा सबके सहयोग से साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा दी जाएगी। धन्यवाद ज्ञापन निसार आमिन के द्वारा किया गया। मौके पर निसार आमिन ,डॉ. बैद्यनाथ त्रिपाठी,डॉ. मनोज पाठक,नीता विश्वास, सरस्वती दास, रूमा मुखर्जी, कृष्णा साहू, चंद्रा देव, अनामिका देवदास, डॉ. आलोक देवदास, शिवदास मुखर्जी, इंद्राणी बोस, देबाशीष बोस सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### वार्ड 17 के स्थानीय लोगों ने नगर निगम के कर्मचारी पर लगाया आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** बीते दिनों मंत्री के साथ अधिकारियों का बैठक के बाद भी स्थानीय लोगों का परेशानी देखने को मिल रहा है। बुधवार आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 में रहने वाले स्थानीय लोगों ने नगर निगम के अपर आयुक्त को एक मांग पत्र सौप कर परेशानियों से अवगत कराया। स्थानीय लोगों के द्वारा मांग पत्र के माध्यम से नगर निगम के कर्मचारी पर पैसा वसूली के आरोप लगाया। वही भीषण गर्मी में पानी टैंकर सप्लाई व साफ सफाई की मांग की। स्थानीय लोगों




के अनुसार पार्षदों का कार्यकाल खत्म होते ही नगर निगम के निदेर्शानुसार सत्यम भारद्वाज को वार्ड 17 का कार्य सौंपा गया। लेकिन लोगों को सुविधा नहीं मिल रही है। स्थानीय निवासी शशि भूषण ने नगर निगम के कर्मचारी सत्यम भरद्वाज पर सफाई के नाम पर पैसे की वसूली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कर्मचारी के द्वारा स्थानीय लोगो को इसके एवज में रसीद मिलने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन ना रसीद मिला,न समय पर सफाई की गई।वही स्थानीय महिला अंजुसा कुमारी ने बताया पार्षद का कार्यकाल खत्म होते ही पीने का पानी के लिए परेशानी बढ़ गया है। नगर निगम के अधिकारियों को फोन करने के बावजूद पेयजल की सुविधा बीते 1 महीना से नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा इधर उधर से पानी जुगाड़ करके किसी तरह काम चला रहे हैं। लेकिन क्षेत्र में कोई सप्लाई पानी नहीं मिल रही है। मौके पर मौजूद स्थानीय महिलाओं ने पैसे देने के बावजूद राशन कार्ड नहीं मिलने से आपत्ति जताई। उन्होंने कहा राशन कार्ड के लिए 200 रुपिया सत्यम भारद्वाज के प्रज्ञा केंद्र में जमा किया गया। लेकिन अभी तक राशन कार्ड नहीं मिला। मौके पर शशि भूषण ने कहा सभी होल्डिंग टेक्स दाता है। फिर भी स्थानीय लोगो के साथ मनमानी की जाती है। वही वार्ड 17 की महिलाएं ने जानकारी दी साफ सफाई और पानी की किल्लत की सूचना देने पर भी अनसुना की जाती है।

### टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड के दो एसोसिएट हुए सेवानिवृत्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड के सी आर प्लांट में एसोसिएट पी एस राजू और बारा प्लांट से पी के दत्ता सेवानिवृत्त हुए। बुधवार को कार्य के अंतिम दिन प्रबंधन और यूनियन के द्वारा बारा कांफ्रेंस हॉल में संयुक्त रूप से फेयरवेल दिया गया। मौके पर जीएम अश्वनी कुमार और चीफ एच आर शुभमय मजूमदार उपस्थित रहे।दोनो कर्मचारियों को शॉल, माला, बुके और कंपनी के नियमानुकूल उपहार देकर सम्मानित किया गया। जीएम अश्वनी कुमार ने कहा कर्मचारी ही कंपनी की असल पूंजी होते है। वो कंपनी के भाग्य निमार्ता होते है। एक एक कर्मचारी जब अपने जीवन के अनमोल क्षण को कंपनी में लगता है तब कंपनी उच्चाई को प्राप्त कर सकती है। रिटायरमेंट का पल बेहद भावुक क्षण है। लंबी सेवा काल के बाद अपने दो एसोसिएट सेवानिर्वीत हो कर जा रहे है। उन्होंने दोनो की उज्वल भविष्य के लिए कामना की। एचआर चीफ शुभमय मजूमदार ने कहा नौकरी के पहले दिन से अंतिम दिन तक सुरक्षित और स्वास्थ्य होकर कार्य करना बहुत बड़ी उपबल्धी है। आगे जीवन के महत्वपूर्ण पल में अपने आप को व्यस्त रखना और परिवार के खुशियों को संजोना ये भी महत्वपूर्ण कार्य है। कार्यक्रम का संचालन एच आर से प्रियंका ने की। प्रबंधन की ओर से सीआर प्लांट हेड शुभ आशीष चटर्जी, बारा प्लांट हेड एस एन सिंह, अधिकारियों में सचिन झा,ओ पी राव, राज नारायण, सुभ्रो सन्याल, यूनियन से महासचिव अमन सिंह, संजीव सिंह, दिनेश कुमार, सचिदानंद, एस बी राणा, अनीश झा, आर रवि, रमेश चौधरी, रंजन मिश्रा, राकेश कुमार सिंह, मनोज सिंह, बी डी सिंह, प्रमोद उपाध्याय, हरी शंकर प्रसाद शामिल रहे।

### मक्का मदीना के लिए हज यात्रियों का पहला जत्था जमुआ से रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** मक्का और मदीना का दीदार करने हेतु जमुआ प्रखंड से हज यात्रियों का पहला जत्था बुधवार को जमुआ से कोलकाता एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ। जानकारी के मुताबिक इस वर्ष जमुआ प्रखंड से दर्जनों हाजी औरं हज्जिन विभिन्न तिथियों में खाना- ए-काबा और मदीना शरीफ का दीदार करने हेतु जा रहें हैं,जिसमे आज यह पहला जत्था जमुआ प्रखंड के ग्राम जमुआ,काजी मगहा आदि ग्राम से आधेदर्जन से अधिक लोग हजे बैतुल्ला के लिए रवाना हुआ। जानकारी के मुताबिक बुधवार को हजे बैतुल्ला के लिए रवाना होने वालों में मुख्य रूप से जमुआ से मंजूर अंसारी,मो.सैमुल अंसारी,कौसर मास्टर, बदरुद्दीन मास्टर, मो.दिल मोहम्मद, इस्माइलमिया, रहीम मिया, इस्लाम अंसारी, अजुल अहमद,मो समसुद्दीन,इदरीसन खातून खैरुन निशा,तसलीमा खातून, आमना खातून,मुन्नी बेगम आदि शामिल है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### मंत्री ने चुनावी वादा निभाते हुए चबूतरा निर्माण कार्य का कराया शुभारंभ, जल्द डीप बोरिंग होगी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम भदुवा में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा किए गए चुनावी वादा को निभाते हुए गांव के बर चबूतरा निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस चबूतरा निर्माण कार्य के लिए रंका झामुमो युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के नेतृत्व में युवा टीम ने कार्य प्रारंभ कराते हुए तत्काल बीस बोड़ा सीमेंट, एक गाड़ी छर्री तथा एक गाड़ी बालू कार्य स्थल पर गिरा दिया गया है। साथ ही इस गांव को राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में जोड़ने वाली सड़क जो वन विभाग के अंतर्गत आती है, को एनओसी मिलते ही सड़क का निर्माण कराने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया। वहीं दूसरी ओर जल्द एक डीप बोर कराने का भी आश्वासन दिया गया। बताते चलें कि इस गांव में लगभग चालीस घर की बस्ती है। गांव में सर्वजन पेंशन योजना से लगभग सभी योग्य व्यक्तियों को आच्छादित कर दिया गया है। इस अवसर पर ग्रामीणों को झारखंड सरकार एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, सदस्य संतोष कुमार रवि, लवली उरांव, पूर्व मुखिया मालती देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत झामुमो उपाध्यक्ष ने चलाया जागरूकता अभियान



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर की योजनानुसार रंका प्रखंड कमेटी के द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए रंका झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद सोनी के नेतृत्व में बिश्रामपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को झारखंड सरकार एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें आवास योजना, पेंशन, राशन सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं से जनता को लाभान्वित करने के बारे में बताया गया। इस मौके पर बिश्रामपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रसाद, वरिष्ठ नेता जगदीश टोप्पो, सतीश भारती सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बलियारी पंचायत की पंसस के पति के निधन पर शोक व्यक्त

**कांडी (आजाद सिपाही)।** बलियारी पंचायत की पंसस के पति का निधन हो गया। जिससे परिवार सहित पंचायत के लोग मर्माहत हैं। कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलियारी पंचायत की पंचायत समिति सदस्य मीरा सिंह के पति विनोद कुमार सिंह का मध्य रात्रि निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के रोहतास जिलांतर्गत नौहट्टा प्रखंड के तियरा गांव में करीब छह वर्ष पूर्व बाइक दुर्घटना में उनकी कमर की हड्डी टूट गई थी। लंबा इलाज चला, लेकिन वे स्वस्थ नहीं हो सके। अंत में बीती रात्रि उनका निधन हो गया। मालूम हो कि विनोद कुमार सिंह की पत्नी मीरा सिंह उस पंचायत से लगातार दो बार पंचायत समिति सदस्य रही हैं। पंचायत में उनकी काफी लोकप्रियता है। उनके पति के निधन से घर-परिवार सहित पूरे पंचायत में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक अपने पीछे पत्नी, चार पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गए हैं। बुधवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार सोन नदी में कर दिया गया। पंचायत समिति सदस्य मीरा सिंह के पति विनोद सिंह के असमय निधन से पूरे पंचायत के लोग मर्माहत हैं। उनकी असमय मृत्यु से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कई लोगों ने इस दुख की घड़ी में परिजनों के प्रति गहरी संवेदना के साथ दिवंगत आत्मा के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिनमें भाजपा किसान मोर्चा के गढ़वा जिला अध्यक्ष रामलला दुबे, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, बलियारी पंचायत से पूर्व मुखिया प्रत्याशी दुर्गावती देवी सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## प्रेस कांफ्रेंस : रमना थाना पुलिस ने किया शाहिदा बीबी हत्याकांड का उद्भेदन

# पति जैनुल ही निकला शाहिदा का कातिल, पुलिस ने भेजा जेल

**हत्या में प्रयुक्त चाकू, अभियुक्त का हत्या के दौरान पड़े खून के छींटे वाला कपड़ा, मोबाइल के अलावे ट्रेन टिकट बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना/बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के टंडवा में हुए विवाहिता शाहिदा हत्याकांड की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है। तमिलनाडु में रहने वाले शाहिदा के पति जैनुल ने सुनियोजित तरीके से हत्या को अंजाम दिया था। जैनुल तमिलनाडु से नगर उंटारी पहुंचता है। नगर उंटारी के एक दुकान से चाकू खरीदता है। फिर वह टंडवा स्थित अपने घर से कुछ दूरी पर पत्नी को बुलाता है। यहीं पर चाकू से वार कर अपनी पत्नी की हत्या कर देता है। हत्या के दौरान जांच को प्रभावित करने के लिए वह कंडोम सहित अन्य सामग्री शव के पास छोड़ देता है ताकि लगे कि किसी ने दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या कर दी है। हत्या के बाद जैनुल नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पहुंचता है। यहीं पर वह हत्या के दौरान खून लगे कपड़े को फेंक कर ट्रेन से जबलपुर निकल जाता है। उसने ऐसा प्लान किया था कि तमिलनाडु से आने और वापस जाने की भनक तक किसी को नहीं लगी। लेकिन अपराध को अंजाम देने वाला कितना भी शातिर हो, पुलिस उसके गिरेबां तक पहुंच ही जाती है। ऐसा ही कुछ कहानी इस हत्याकांड में भी हुआ।

हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि जैनुल अंसारी को अपनी पत्नी शाहिदा बीबी के चरित्र पर शक था। जिस कारण उसने सुनियोजित तरीके से हत्या को अंजाम दिया। एसडीपीओ ने बताया कि हत्यारे जैनुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू, अभियुक्त का हत्या के दौरान पड़े खून के छींटे वाला कपड़ा, मोबाइल के अलावे ट्रेन टिकट बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि अभियुक्त ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

एसडीपीओ ने बताया कि हत्या के उद्भेदन के लिए एसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। जिसमें एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, एएसआई विवेक कुमार पंडित, महिपाल पूर्ति, आरक्षी शशिकांत उरांव, आरक्षी संजय हेम्ब्रम शामिल थे। अनुसंधान के दौरान हत्या का उद्भेदन किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि जैनुल की गिरफ्तारी धुरकी थाना क्षेत्र से की गई। पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल कर ली।

प्रेस वार्ता में एसडीपीओ के अलावे रमना थाना प्रभारी कृष्णकांत कुशवाहा, विवेक पंडित भी मौजूद थे।



### शाहिदा के पति जैनुल अंसारी को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था : एसडीपीओ

एसडीपीओ ने बताया कि जैनुल तमिलनाडु में मजदूरी का काम करता था। वह अपनी पत्नी के पास जब भी कॉल करता उसका मोबाइल बिजी आता था। जिससे उसके किसी और से संबंध होने का शक था। इसी शक को लेकर जैनुल ने हत्या की प्लानिंग बनाई। अपनी पत्नी को कॉल कर मिलने की बात बताई। साथ ही कहा कि मैं तमिलनाडु से मिलने आ रहा हूं किसी को खबर नहीं होनी चाहिए। वह मिलकर तमिलनाडु चला जायेगा। तमिलनाडु से वह 28 मई को नगर उंटारी ट्रेन से पहुंचा। नगर उंटारी की एक दुकान से उसने चाकू खरीदी। फिर प्लान के मुताबिक टंडवा पहुंचकर घर से कुछ दूरी पर स्थित चौकीदारी महुआ के पास अपनी पत्नी को बुलाया। मिलने के बाद अपनी पत्नी पर चाकू से तबतक वार करते रहा जबतक शाहिदा की सांस रुक नहीं गयी। हत्या के बाद वह वहां से रात में ही जबलपुर निकल गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर उपायुक्त ने पदाधिकारियों-कर्मियों को दिलायी शपथ

**समाहरणालय में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर समाहरणालय गढ़वा के सभागार में सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर ने सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस दौरान उन्होंने समाहरणालय अंतर्गत सभी सरकारी कार्यालयों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को तम्बाकू का सेवन न करने को लेकर शपथ दिलाई। जिसमें उपायुक्त समेत जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने हस्ताक्षर कर तम्बाकू का सेवन नहीं करने की प्रतिज्ञा ली। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तंबाकू निषेध को लेकर विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है एवं प्रभात फेरी भी निकाली जा रही है। शपथ ग्रहण समारोह एवं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार समेत जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## चाबी देने से मना करने पर 108 एंबुलेंस चालकों को पुलिस लायी थाना

**थाना पुलिस ने चाबी लेकर एंबुलेंस कार्यालय को सौंप दिया**

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बुधवार की सुबह 108 एंबुलेंस के छह चालकों को पुलिस थाना लाई है। जानकारी के अनुसार 108 एंबुलेंस के चालक फिरदोस अंसारी गढ़वा सदर अस्पताल का 108 एंबुलेंस का चालक है। बुधवार को फोन पर चालक को 108 एम्बुलेंस के अधिकारी के द्वारा फोन आया कि चाभी गढ़वा कार्यालय में जमा कर दो। जिसके बाद फिरदोस अंसारी ने हटाने का कारण जानने से पहले चाबी देने से मना कर दिया। जिसके बाद 108 एंबुलेंस के अधिकारी के द्वारा थाना को सूचना देने के बाद थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर फिरदोस अंसारी सहित छह चालकों को थाना ले आई है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि जिस कंपनी के द्वारा उसे बहाल किया गया था, उस कंपनी के द्वारा उसे निकाल दिया गया है। जिसके बाद कंपनी के अधिकारी के द्वारा उसे चाबी देने की बात कही गयी थी। चाबी नहीं देने के बाद 108 एंबुलेंस के पदाधिकारी के द्वारा थाना को सूचना दी गयी। जिसके बाद थाना से वापस चाबी लेकर 108 एंबुलेंस कार्यालय गढ़वा में सौंप दिया गया है।

## जायंट्स ग्रुप उपाध्यक्ष ने दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच किया साड़ी का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ और उनके भाई शिव बाबू सर्राफ के सौजन्य से उनकी माता स्व. रामसखी देवी की पुण्यतिथि पर दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण मुख्य पथ स्थित दीपक इलेक्ट्रिक के पास किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जायन्ट्स के पदाधिकारियों ने कहा कि पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच साड़ी का वितरण करना पूण्य का काम है। जायन्ट्स परिवार हर मौके पर जरूरतमंदों की सेवा में आगे रहता है। इस अवसर पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, यूनिट 2 डायरेक्टर मनोज केशरी रूपा गंजी, ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक चंद्र भूषण सिन्हा, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मीडिया प्रभारी मोजीबुद्दीन खान, दीपक तिवारी, चंदन चन्द्रवंशी, अशोक विश्वकर्मा, सुनील अग्रवाल, मनोज केशरी सन् रेडियो आदि जायन्ट्स सदस्य मुख्य रूप उयस्थित थे।

**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401**
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी फुटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत निर्मित Vending Zone में स्टॉल ( चबूतरा 8"x6" लॉकर सहित ) का आवंटन किया जाना है। स्टॉल (चबूतरा, लॉकर सहित) प्राप्ति हेतु आवेदक के पास नगर परिषद्, चतरा के द्वारा निर्गत सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र) एवं आइ डी कार्ड (COV एवं ID) का होना अनिवार्य है।

अतः उक्त के आलोक में Vending Zone में दुकान आरक्षित कराने हेतु इच्छुक व्यक्ति अपना प्रमाण पत्र एवं COV तथा ID कार्ड तथा आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दिनांक–05.06.2023 तक नगर परिषद्, चतरा कार्यालय में आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।

**नोट :**– अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।
1. श्रीमती पिंकी सिन्हा, नगर मिशन प्रबंधक, मो0–7488475790
2. श्रीमती सोनी कुमारी, सामुदायिक संगठनकर्ता, मो0–8210694286
3. मंजित कुमार वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मो0–8102864220

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा

PR 298723Urban Development(23-24)#D

**कार्यालय:-जिला शिक्षा अधीक्षक,**
**सिमडेगा समाहरणालय भवन, सी ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर,**
**खुँटीटोली, सिमडेगा**
Email Id- simdegamdm@gmail.comFax & Phone : 06525-226448

(आवश्यक सूचना)

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं का विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन के संबंध में आवश्यक सूचनाः–

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं का विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर करते हुए संबंधित शिक्षिकों से प्रकाशित औपबंधिक सूची के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से निम्न विहित प्रपत्र में दिनांक– 15.06.2023 तक हार्ड कॉपी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करेगें तथा कार्यालय के ई0 मेल0 आई0 डी0 dseofficesimdega@gmail.com पर भी उपलब्ध करायेंगे। प्रकाशित सूची में यदि किसी शिक्षक/ शिक्षिका का नाम छुट गया है तो प्रकाशित सूची के अनुसार विहित प्रपत्र में कॉलम 1 से 44 तक भरकर ई0 मेल0 आई0 डी0 dseoffice simdega@gmail.com पर सॉफ्ट कॉपी (Excel sheet) में तथा हार्ड कॉपी नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायेगें।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार दावा/आपत्ति मान्य नही होगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची मे क0 सं0 | जिस कॉलम मे त्रुटी है उसकी संख्या | त्रुटी का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर — नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर

जिले के सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्राधीन कार्यरत शिक्षक/ शिक्षिकाओं का वेतन भुगतान पंजी से मिलान करते हुए संबंधित सूची की जाँच करेगें। संबंधित सूची मे यदि कोई त्रुटी/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छुट गया हो तो प्रकाशित सूची के अनुसार विहित प्रपत्र कॉलम 1 से 44 तक कार्यालय के ई–मेल पर soft copy ( Excel sheet) में तथा हार्ड कॉपी विशेश दूत के माध्यम से प्रखण्डवार समेकित कर अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को दिनांक 15.06.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

PR.NO.298714 Primary Education (23-24):D — जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा।

**नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट**
**सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय**
**संबद्धता संख्या– 3420006, विद्यालय संख्या– 69558**

विज्ञप्ति

संख्या :698 — दिनांक :31.05.2023

नेतरहाट प्रवेश परीक्षा सत्र–2022–23 का परीक्षाफल विद्यालय कार्यालय के पत्रांक–636,दिनांक–15.05.2023 द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित कराया जा चुका है तथा यह परीक्षाफल विद्यालय के वेबसाइट www. netarhat vidyalaya .com पर भी उपलब्ध है। चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक जाँच असैनिक शल्य चिकित्सक–सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल,रांची के द्वारा निर्धारित तिथियों में निम्नानुसार की जाएगी।

दिनांक–12.06.2023(सोमवार),समयः–प्रातः10 बजे से स्थानः–सदर अस्पताल,रांची(झारखण्ड)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NET-2110053 | 2 | NET-2040125 | 3 | NET-2020058 | 4 | NET-3090114 | 5 | NET-4180137 |
| 6 | NET-2110132 | 7 | NET-1100061 | 8 | NET-2040001 | 9 | NET-1100045 | 10 | NET-1160055 |
| 11 | NET-2080015 | 12 | NET-1160133 | 13 | NET-2040014 | 14 | NET-4150074 | 15 | NET-3090098 |
| 16 | NET-5240048 | 17 | NET-4150098 | 18 | NET-3090111 | 19 | NET-3170020 | 20 | NET-5060038 |
| 21 | NET-3090113 | 22 | NET-1160011 | 23 | NET-2040152 | 24 | NET-1160030 | 25 | NET-2020001 |

दिनांक–13.06.2023(मंगलवार),समयः–प्रातः10 बजे से स्थानः–सदर अस्पताल,रांची(झारखण्ड)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NET-1200066 | 2 | NET-1160098 | 3 | NET-4150077 | 4 | NET-3030006 | 5 | NET-1160040 |
| 6 | NET-2020100 | 7 | NET-2040022 | 8 | NET-2020019 | 9 | NET-2080155 | 10 | NET-1160082 |
| 11 | NET-4180167 | 12 | NET-3090116 | 13 | NET-2080072 | 14 | NET-2040065 | 15 | NET-2110090 |
| 16 | NET-2040056 | 17 | NET-2080118 | 18 | NET-2040172 | 19 | NET-2020130 | 20 | NET-4180041 |
| 21 | NET-3090070 | 22 | NET-2040180 | 23 | NET-2040019 | 24 | NET-2040041 | 25 | NET-2040143 |

दिनांक–14.06.2023(बुधवार),समयः–प्रातः10 बजे से स्थानः–सदर अस्पताल,रांची(झारखण्ड)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NET-2040013 | 2 | NET-2040055 | 3 | NET-2110015 | 4 | NET-3090099 | 5 | NET-3090079 |
| 6 | NET-2020138 | 7 | NET-3120028 | 8 | NET-3210017 | 9 | NET-3050026 | 10 | NET-2020107 |
| 11 | NET-1100014 | 12 | NET-3090101 | 13 | NET-3090091 | 14 | NET-2080104 | 15 | NET-2040073 |
| 16 | NET-4180181 | 17 | NET-3090112 | 18 | NET-1230009 | 19 | NET-2040207 | 20 | NET-3090088 |
| 21 | NET-1160116 | 22 | NET-3090026 | 23 | NET-4150029 | 24 | NET-3090001 | 25 | NET-1160137 |

दिनांक–15.06.2023(गुरूवार),समयः–प्रातः10 बजे से स्थानः–सदर अस्पताल,रांची(झारखण्ड)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NET-2040026 | 2 | NET-2040151 | 3 | NET-1160079 | 4 | NET-1160057 | 5 | NET-4070061 |
| 6 | NET-1160123 | 7 | NET-1160051 | 8 | NET-1200109 | 9 | NET-2040068 | 10 | NET-1160063 |
| 11 | NET-3170021 | 12 | NET-2040047 | 13 | NET-1160118 | 14 | NET-1160134 | 15 | NET-1100082 |
| 16 | NET-4180073 | 17 | NET-1160056 | 18 | NET-1200040 | 19 | NET-2040006 | 20 | NET-1160092 |
| 21 | NET-1160017 | 22 | NET-1160018 | 23 | NET-4180202 | 24 | NET-2040025 | 25 | NET-1160151 |

नोटः कृपया अपने प्रतिपाल्य को निर्धारित तिथि एवं समय पर निम्नांकित अनिवार्य प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की मूलप्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ सदर अस्पताल,रांची में शारीरिक जाँच हेतु उपस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे/करेंगी।

1. नेतरहाट प्रवेश परीक्षा,सत्र–2022–23 का प्रवेश पत्र।
2. अभ्यर्थी का आधार कार्ड।
3. अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र।
4. अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति /EWS प्रमाण–पत्र(यदि आरक्षित वर्ग के हों)।
5. जन्म एवं मृत्यु पंजीयन अधिनियम 1969 के तहत जन्म मृत्यु निबंधक कार्यालय/नगर निगम /पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र।
6. सत्र 2021–22 या उसके पूर्व पांचवी कक्षा उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र।

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

PR.NO.298717 Human Resource Developement(23-24):D

## कार्यक्रम : आरकेवीएस के सभागार में 'नयी शिक्षा नीति 2020' पर पहली इनहाउस कार्यशाला आयोजित

# सीखने-सिखाने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है : अलखनाथ पांडेय

**आरके ट्रस्ट के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेट ने किया कार्यशाला का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरकेभीएस के सभागार में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए पहला इनहाउस कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में ऑफलाइन ट्रेनिंग के लिए आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर और उंचरी, मझिआंव के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यशाला का शुभारंभ आरके ट्रस्ट के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित करके किया।

उन्होंने बताया कि आज सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को 25 घंटा ऑनलाइन और 25 घंटा का ऑफलाइन (इनहाउस) ट्रेनिंग करना जरूरी है, ताकि शिक्षा व शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सके। नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। जीवन के हर क्षेत्र में सीखने व सीखाने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। किसी देश के उत्थान और विकास में वहां की शिक्षा नीति का प्रभावी होना जरूरी है।' 1986 के शिक्षा नीति के द्वारा पहली बार शिक्षा को टेक्नोलॉजी से जोड़ा गया, पर 34 वर्षों के एक लंबे अंतराल के बाद देश में तीसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया गया। यह शिक्षा नीति देश को एकबार फिर से विश्व स्तर पर पहले पायदान पर स्थापित करने में सहायक होगी। वर्तमान पीढ़ी की चुनौतियों व समस्याओं के निराकरण के लिए ही इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया है। नयी तकनीक व सीखने पर बल, चिंतन शक्ति एवं कौशल का विकास के द्वारा देश के युवा स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और कर्मठ होंगे। किसी भी देश की शिक्षा नीति की सफलता उस देश के अध्यापकों की योग्यता, कर्मठता, लगन और समर्पण के साथ उनके प्रशिक्षण पर निर्भर करती है। यही कारण है कि इस शिक्षा नीति में शिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। कार्यशाला का विषय' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए साधनसेवी के रूप में आरकेपीएस गढ़वा के उपप्राचार्य संतोष पाण्डेय, आरकेपीएस उंचरी के प्राचार्य अनुप कुमार पाण्डेय और आरकेपीएस अधौरा श्री बंशीधर नगर के प्राचार्य एलके ओझा थे, जिन्होंने संबंधित विषय पर अपने अनुभवों और विचारों को विस्तार से साझा किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच संबंधित विषय पर आधारित एक्टिविटी भी कराई गयी। कार्यशाला में स्लाइड व प्रोजेक्टर का प्रयोग कर विषय से संबंधित विडियो व ऑडियो दिखाया और सुनाया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों का ग्रुप फोटोग्राफी किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के एसटीएनसी राज कुमार व ट्रेनिंग कोर्डिनेटर शहेला खान ने किया।

आजाद सिपाही

रांची, गुरुवार, 01 जून, 2023

www.azadsipahi.in

08


## लोहरदगा में कौशल विकास सम्मान समारोह का आयोजन, प्रमाण पत्र का वितरण

# 34 युवाओं को उपायुक्त ने दिया नियुक्ति पत्र

**कुल 54 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण-पत्र सौंपा गया**

**जिले की बेहतरी के लिए कार्य करने से मिलती है उर्जा : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा**






आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला की बेहतरी के लिए कार्य करने से उर्जा मिलती है। यह छोटी सी पहल है, आगे और भी कार्य करने हैं। आईएचम, ब्रांबे, रांची और झारखण्ड राज्य टूल रूम के साथ एमओयू करने के बाद यहां के युवक-युवतियों को एक बेहतर कोर्स उपलब्ध करा पाया और उन युवक-युवतियों को प्रशिक्षणोपरांत नियुक्ति मिल रही है तो बहुत संतुष्टि का एहसास हो रहा हैं। उक्त बातें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण विशेष केंद्रीय सहायता एवं सक्षम झारखंड कौशल विकास योजनांतर्गत नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित प्रमाण-पत्र, नियुक्ति-पत्र, वितरण और जागरुकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि जिन युवक-युवतियों को दोनों संस्थानों में भेजा गया था उनके कॅरियर को एक बड़ा मंच मिल गया है। आज जिनको नियुक्ति पत्र मिला है वे राज्य व देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर अपनी सेवाएं देंगे और भरोसा है कि जिला और राज्य का नाम रौशन करेंगे। सिर्फ यहीं नहीं बल्कि एक उड़ान भरना और विदेशों में जाकर देश का नाम रौशन करना है।

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड अप्लाईड न्युट्रिशन ब्रांबे रांची में कोर्स करने के उपरांत लोहरदगा जिला के 34 युवक-युवतियों को उपायुक्त समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। इनकी नियुक्ति मरासा सरोवर तिरूपति, चाणक्य बीएनआर रांची, रेडिशन ब्लू रांची, होटल ग्रीन एकर रांची, बालाजी सरोवर सोलापुर महाराष्ट्र, मरासा सरोवर प्रीमियर बोधगया बिहार, आरवीआर सरोवर पोर्टिको आंध्र प्रदेश और लीलैक सरोवर रांची में हुई है।

झारखंड राज्य टूल रूम रांची में प्रशिक्षणोपरांत कुल 24 युवकों में से 12 युवकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इन्हें शुभम टीवीएस लोहरदगा, 4 एस ऑटोमोबाईल हरमू रांची और बालाजी ऑटोमोबाईल टाटीसिल्वे रांची में जॉब मिली है। इनके अतिरिक्त अन्य 12 युवकों ने स्वरोजगार को चुना जिन्हें प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र दिया गया। सक्षम भारत और कौशल विकास अंतर्गत कुल 54 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण-पत्र सौंपा गया।

इन युवक-युवतियों का प्रशिक्षण आइसेक्ट लोहरदगा और निष्ठा स्किल, सेन्हा में पूर्ण हुआ है। बताया गया कि आईएचएम में होटल मैनेजमेंट और झारखंड राज्य टूल रूम में जो कोर्स जिला की ओर से कराये जा रहे हैं वे पूरी तरह निःशुल्क हैं। जो भी इच्छुक युवक-युवतियां है वे जिला योजना कार्यालय या अपने प्रखण्ड कार्यालय में संपर्क करें, उन्हें संबंधित संस्थान में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेगा। तेजस्विनी परियोजना से जुड़े युवा व 10 वीं पास भी इसके लिए आवेदन करें।

कार्यक्रम में एएसपी अभियान दीपक पाण्डेय, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उपाध्यक्ष विरोद उरांव, जिप सदस्य कैरो सुखदेव उरांव, सेन्हा राधा तिर्की, किस्को संदीप कुमार, भण्डरा, आइएचएम रांची के प्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारीगण, कर्मीगण व बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उपस्थित थे।

## कार्यालय परिसर में पेयजल के लिए प्याऊ की व्यवस्था



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में पेयजल के लिए प्याऊ का वैकल्पिक व्यवस्था उप प्रमुख मधुलिका रानी के द्वारा किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती थी। भीषण गर्मी को देखते हुये आमजनों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गयी है। मौके पर उपस्थित बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा प्यासे को पानी पिलाना काफी पुण्य के साथ-साथ काफी सराहनीय कार्य है। उप प्रमुख मधुलिका रानी द्वारा उपस्थित लोगों को पानी पिलाकर मुंह मिट्ठा कराया गया। मौके पर सीओ कमलेश उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, बीस सूत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मुमताज अंसारी आदि मौजूद थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, रांची के निदेश पर आज जिला मुख्यालय समेत, प्रखंड कार्यालयों में भी विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शपथ में किसी भी प्रकार का तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने, अपने परिजनों, मित्रों व परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित करने, तंबाकू नहीं, भोजन चाहिए का उद्देश्य पूरा करने में सहयोग करने, जीवन पर्यंत तंबाकू का सेवन नहीं करने व अन्य को इसके खतरे के बारे जागरुक करने, तंबाकू का सेवन छोड़ने हेतु प्रेरित किये जाने, अपने कार्यालय व कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त करने में सहयोग करने का शपथ लिया गया। उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में यह शपथ समाहरणालय सभागार व जिला परिषद कार्यालय, स्थित सभागार में लिया गया। इसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय, सभी प्रखंड स्तरीय कार्यालयों में भी यह शपथ लिया गया।

## भवन निर्माण विभाग की बैठक संपन्न




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज भवन निर्माण विभाग से संबंधित विभिन्न लंबित योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में आश्रम विद्यालय मनिका, मॉडल एकलव्य विद्यालय, लातेहार, पीएचसी, चंदवा, विभिन्न प्रखंडों में एसीआर भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा, समेत विभिन्न प्रखंडों में भवन निर्माण विभाग द्वारा संचालित विकास कार्य की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में डीएमएफटी और एससीए के तहत संचालित योजनाएं की समीक्षा कर लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित करते हुये कहा कि भूमि विवाद या उससे संबंधित कारणों से कार्य को पूर्ण करने में हो रही परेशानी को विहित प्रपत्र में समुचित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल को लंबित योजनाओं को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी बंधन लांग, नोडल पदाधिकारी, एससीए सुजीत सिंह, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल अभय कुमार राय व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मजदूर के शव का किया गया अंतिम संस्कार

**धनबाद गया रेलखंड में रेलवे विद्युतीकरण में काम करने के दौरान लगा था करंट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई पंचायत के मजदूर संजय राम (30 वर्ष) की धनबाद गया रेलखंड में रेलवे विद्युतीकरण मे काम करने के दौरान करंट लगने से दो दिन पूर्व मौत हो गयी थी। जिसके बाद जहां मंगलवार देर रात्रि उसका शव सारी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद उसके साथ मजदूरी करने गए युवक अवधेश व उसके एक और साथी दोनों लोग अपने साथी मजदूर का शव लेकर मोरवाई ग्राम लेकर पहुंचा। जिसके बाद बुधवार सुबह मोरवाई नदी में उसका अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार करंट लगने से मृत मजदूर का शव लेकर पहुंचे मजदूर अवधेश को रेलवे ठेकेदार द्वारा अंतिम संस्कार के लिए दिये गये 30000 भी मृतक के पिता कैलाश राम को दिया। इसके बाद गांव में अंतिम संस्कार की सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोरवाई नदी में मृत मजदूर का अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें मृतक के पिता कैलाश राम ने अपने मृत पुत्र को मुखाग्नि दिया। अंतिम संस्कार में पंचायत के मुखिया, आशीष सिंह, पंचायत समिति सदस्य वीणा सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान में बरवाडीह पश्चिमी जीप सदस्य सन्तोषी कुमारी ने मृतक की विधवा पत्नी व आश्रितों को हर संभव सहयोग व मदद करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष पर बात भी की और सरकारी लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिंह ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुये संबंधित रेलवे ठेकेदार से उचित मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया और कहा कि पीड़ित परिवार के साथ हमेशा हमसब खड़े है। बड़ी दर्दनाक हादसा हुआ और अपने पीछे चार बेटी और एक बेटा को छोड़ गया संजय राम।

## इंटर सिटी एक्सप्रेस से गिर कर यात्री घायल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन के कुछ ही दूरी पर बुधवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से विश्रामपुर के भूखला गांव निवासी प्रयाग राम गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रयाग राम सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस से गढ़वा से रांची जा रहे थे। इसी बीच इसी बीच बरवाडीह से ट्रेन खुलने के बाद प्रयाग राम ट्रेन से गिरकर घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्टेशन मास्टर मुकेश कुमार गुप्ता ने आरपीएफ ड्यूटी जवानों की मदद से घायल यात्री को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य में घायल यात्री को प्रभारी चिकित्सक डॉ अनुपमा एक्का व ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू की देखरेख में प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज हेतु मेदनीनगर रेफर किया गया। जहां पर घायल यात्री खतरे से बाहर बता गया।

## प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दी गयी विदाई



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड में कार्यरत प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद का सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि बहुत से लोग आते जाते रहते हैं। लेकिन उसी में कुछ लोग भूल जाते हैं। तो कुछ याद रहते हैं। उन्हीं में से एक हैं, प्रखंड कृषि पदाधिकारी जो हमेसा याद आयेंगे। वही विदाई समारोह में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य को अंग वस्त्र, गीता, डायरी सहित अन्य पारितोषिक देकर विदाई किया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार, सीआई चंद्रप्रकाश मेहता, प्रखंड आपूर्ति पदादिकारी अमूल तिर्की, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई मनु कुमारी, आकांक्षा कुजूर, जनसेवक सुरजा भगत, पंचायत सचिव आनंद सिंह, भैया भगत के अलावे सभी प्रखंड और अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# जयत्री नाला का पानी निकलने का रास्ता अवरुद्ध होने से प्रभावित होंगे लगभग एक सौ घर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** वार्ड नंबर दो स्थित प्राचीन शिव मंदिर के एक्सिस बैंक के पास जयत्री नाला का जल निकासी का रास्ता अवरुद्ध होने के कारण इस वर्ष लगभग 100 से ज्यादा घर जलमग्न हो जायेंगे। ज्ञात हो कि उक्त बैंक के पास खाता संख्या 5 प्लॉट 215 में भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। परंतु भवन निर्माण के दौरान नाला का पानी निकासी के लिए मात्र 2 से 3 फीट रास्ता छोड़ा गया है।

जो पर्याप्त नहीं है। क्योंकि बरसात के दिनों में हजारों गैलन बारिश का पानी इस नाले से होकर गुजरता है। साथ ही गंदगी का अंबार होने के कारण जल निकासी ठीक से नहीं हो पाती। इस संबंध की जानकारी वार्ड दो के निवासियों ने पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र पाठक को दिया। जिसकी सूचना उन्होंने नगर पंचायत के जेई और अधिकारियों को पूर्व में भी दिया था। परंतु इस पर कोई पहल नहीं किया गया। पूर्व वार्ड पार्षद ने कहा कि जेई के द्वारा बेतरतीब तरीके से नक्शा तैयार कर पास कर दिया जाता है।

जिसके कारण आज सैकड़ों घर डूबने के कगार पर है। वार्ड निवासी मुरली मोहर गुप्ता, सुदामा मिस्त्री, राम लखन मिस्त्री, रंजन प्रसाद, अनिल पांडे, भिखारी यादव, बजरंगी प्रसाद, संतोष प्रसाद, दिलीप कुमार, बैजनाथ प्रसाद, राजू प्रसाद समेत कई लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में जल निकासी का रास्ता अवरुद्ध होने के कारण बाजारताड़ , शिव मंदिर, अग्नि सामान समेत आसपास के लोगों का घर पानी में जलमग्न हो जाते हैं। उक्त लोगों का लगभग पांच लाख का नुकसान भी हो चुका है। लोगों ने बताया कि सड़क के 5 फीट ऊपर से बरसात के दिनों में पानी बहता है। वहीं मुरली मोहन प्रसाद ने बताया कि पूल और सड़क निर्माण होने के क्रम में सारा कचरा नाले की निकासी के रास्ते में फेंक दिया गया जिसके कारण रास्ता अवरुद्ध है।

## मन का मिलन पखवाड़े का लोगों पर असर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही संवाददाता)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार दिनांक 29 मई से लेकर 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़े का आयोजन लोहरदगा जिला में किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर डालसा के कार्यरत पीएलवी, और प्रत्येक थानों में वहां के अधिकारी मन का मिलन पखवाड़े को लेकर मध्यस्थता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। सिविल कोर्ट परिसर मे भी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक पूरी टीम कार्यरत है । जिसमें हर रोज कई महिलाएं पुरुष और पीड़ित लोग इस बाबत अपने समस्याओं को लेकर आते हैं जिनका निराकरण वहां पर पदस्थापित मध्यस्थ, पीएलबी थाना के अधिकारी देते हैं । जिन का मामला गंभीर होता है उनको विशेष सलाह जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्थित कार्यालय में डालसा सचिव राजेश कुमार और वहां बैठे मध्यस्थ द्वारा दी जाती है। इस मौके पर डालसा सचिव ने बताया कि कई फरियादी अपना लिखित आवेदन 'मन का मिलन' पखवाड़े के अंतर्गत स्थापित बेंच में जमा कर रहे हैं।

## तंबाकू के सेवन से परहेज करने की अपील




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। अस्पताल में मनाए गए तंबाकू निषेध दिवस के दौरान अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल में मौजूद मरीजों को तंबाकू के सेवन से परहेज करने की बात कही। मौके पर जिला नोडल पदाधिकारी डॉक्टर सौभाना टोपनो ने कहा कि तंबाकू का सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक है। इसे लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है। बताते चलें कि सिगरेट, बीड़ी, पान और गुटखा जैसे तांबकू पदार्थों के सेवन से मुंह का कैंसर होने के साथ अन्य कई तरह की गंभीर बीमारियों होने की संभावना बनी रहती है। गंभीर बीमारियों के कारण ही लोग समय से पहले जान से हाथ धो बैठते हैं। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अरविंद कुमार ने कहा कि तंबाकू को लेकर युवाओं में सबसे अधिक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। कार्यक्रम में डीपीम वेद प्रकाश, नागेंद्र कुमार , अमरेंद्र, माधव मुनेश्वर राम, परमानंद, अनु दीपा आभा मिश्रा सहित कई चिकित्सक उपस्थित थे।

## सेन्हा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर व प्रखंड सभागार में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। वहीं चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दिव्या निशि ने तम्बाकू गुटखा सेवन से होने वाली बीमारी पर प्रकाश डालते हुये कहा अपने एवं परिवार के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए नशा जैसा बुरा आदत को छोड़ना होगा। जिससे घातक बीमारी से बच सकते है। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने तंबाकू के सेवन नही करने का अपील करते हुये सभी को छोड़ने का शपथ दिलाया। उन्होंने कहा की तंबाकू ना खायेंगे और दुसरो को ना खाने दें। कहा की प्रखंड परिसर में कोई गुटका तम्बाकू खाते पकड़े गए तो उससे जुमार्ना राशि वसूला जायेगा। मन शरीर को स्वस्थ रखे। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेंद्र कुमार, कृषि पदाधिकारी रघुंदन वैध, डॉ मनोज कुमार, सूर्या भगत, जनक साहू, कमला देवी आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की प्रखंड मुख्यालय में पेयजल व्यवस्था



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड मुख्याल में पेयजल व्यवस्था नही रहने तथा गर्मी को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा फिल्टर शीतल पेयजल के लिए स्थाई रुप से व्यवस्था की गयी। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने करते हुए कहा कि अधिकारियों सहित ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया गया है। साथ ही पौधा भी गमला में लगाया गया। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय में सुदूरवर्ती क्षेत्र आने वाले ग्रामीणों के लिए पीने का पानी की व्यवस्था नहीं था। जिसको संज्ञान में रखते हुये प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल का स्थाई रूप से व्यवस्था किया गया। ताकि लोगों को पेयजल की समस्या दूर हो सके। जल को बेकार नहीं बहाने के लिऐ बोर्ड भी लगाया गया है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, कृषि पदाधिकारी रघुंदन वैध, बीपीओ निलेंद्र कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल कुमार तिर्की, सूर्या भगत आदि उपस्थित थे।

## बेरमो की खबरें

# भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी के 11 बच्चों का चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल (बेरमो)।** 6 से 9 जून 2023 तक भोपाल में होने वाली नेशनल स्कूल गेम्स में बोकारो थर्मल भाटिया एथलेटिक्स के ग्यारह बच्चों का चयन किया गया है। यह गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा करायी जाती है। भाटिया एथलेटिक्स अकैडमी के चयनित ग्यारह बच्चों में मंजूषा तिग्गा (लॉग जंप), अनिशा कुमारी (पंद्रह सौ मीटर), सपना कुमारी (दो सौ मीटर), हेमंती कुमारी (पांच हजार मीटर), आरती मेहता (एक सौ मीटर), लिली केरकेट्टा व नेहा कुमारी (पांच किमी पैदल चाल), दीपक टोप्पो (आठ सौ मीटर), दुलार केरकेटा (ट्रिपल जंप), प्रशांत कुमार व समीर पठान (दस किलोमीटर पैदल चाल) शामिल है। इन सभी बच्चों को बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी और जिला खेल पदाधिकारी मार्कस हेंब्रम ने बधाई दी, साथ ही भाटिया एथलेटिक्स अकैडमी के अध्यक्ष विजय भाटिया, सचिव आशु भाटिया, कोषाध्यक्ष गौतम चंद्रपाल, गंगाधर यादव और बालमुकुंद प्रजापति ने शुभकामनाएं दी। आशु भाटिया ने तहे दिल से प्रकाश कुमार सिंह का धन्यवाद दिया जिन्होंने चयन होने से पहले बच्चों का मनोबल बढ़ाया था और उन्हें सफल होने की शुभकामनाएं दी थी।

# राकोमयू क्षेत्रीय कमेटी की बैठक संपन्न

**जनसमस्याओं का निराकरण काने की मांग, अगर मांग का निपटारा नहीं हुआ तो संगठन के माध्यम से जोरदार आंदोलन किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** कथारा राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव व विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस ने कहा श्रमिकों के अधिकार की रक्षा होगी श्रमिकों का विश्वास ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। मजदूरों का विश्वास संगठन के प्रति कायम रहे यह पदाधिकारियों का दायित्व बनता है। परियोजना तथा क्षेत्र के पदाधिकारी निरंतर मजदूर हित में संगठन हित में उद्योग हित में कार्य करें जिससे संगठन को मजबूती प्रदान किया जा सकता है। शाखा सचिव इस्लाम अंसारी ने कहा परियोजना में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन सबसे बड़े श्रमिक संगठन के साथ आगे बढ़ रहा है। संगठन में मजदूरों का सदस्य संख्या सबसे ज्यादा है। इस विश्वास को हर हालत में कायम रखा जायेगा श्रमिकों के सुख दुख में शरीक होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया जायेगा।

जल्द ही राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल परियोजना पदाधिकारी से मिलकर जनसमस्याओं के निराकरण की मांग करेगा समय सीमा पर अगर मांग का निपटारा नहीं हुआ तो संगठन के माध्यम से जोरदार आंदोलन किया जायेगा। बैठक में सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ बीएमएस को छोड़कर देवीदास बोराल इलेक्ट्रिशियन अमित कुमार सुरक्षा प्रहरी ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की साथ ही नए सदस्य के रूप में अशोक कुमार यादव संतोष राम गौड़ किनू गोप शैलेंद्र मुरमुर अनीश कुमार आदि ने सदस्यता ग्रहण की।

नए सदस्यों का क्षेत्रीय अध्यक्ष व क्षेत्रीय सचिव के द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह, विल्सन फ्रांसिस, इस्लाम अंसारी, सी एस प्रसाद, देवाशीष आश, अर्जुन चौहान, संतोष सिन्हा, प्रमोद यादव, भीखम कुमार, विजय नायक, पिंटू राय, युवा कांग्रेस के विजय यादव, राजेंद्र वर्मा, बजरंगी यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने जिले में किये गये विकास कार्यों से संबंधित जानकारी दी



**कहा- जिले के सर्वांगीण विकास में मीडिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में मासिक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त द्वारा मई माह में जिले भर में हुए सर्वांगीण विकास कार्यों से मीडिया कर्मियों को अवगत करवाया। जिसमें कृषि विभाग, उद्योग विभाग, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, नगर परिषद, भूअर्जन शाखा, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, श्रम नियोजन, पशुपालन सहित कई विभागों अंतर्गत हुए महत्वपूर्ण कार्यों के विषय में जानकारी दी। साथ ही आगामी महीने में उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य योजना पर भी प्रकाश डाला। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास में मीडिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है एवं जिले के मीडिया कर्मी अपनी भूमिका बखूबी निभाते नजर आ रहे हैं। उपायुक्त ने मीडिया कर्मियों द्वारा प्रकाशित किए गए आई ओपनिंग खबरों की भी सराहना की।

इस दौरान उपायुक्त ने मीडिया कर्मियों से न केवल एक एक कर सभी से गुमला जिले के विकास को लेकर सुझावों को आमंत्रित किया बल्कि सभी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्र क्रियान्वयन भी होगा। अंत में उन्होंने मीडिया कर्मियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए विभिन्न मुद्दों पर अपना पक्ष रखा।

इस दौरान जिला जन संपर्क पदाधिकारी संजय कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एलिना दास सहित जिले के विभिन्न मीडिया के कर्मी एवं कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

# डीआइजी अनूप बिरथरे ने गुमला में किया कई भवनों का उद्घाटन

**जिले के पुलिस प्रशासन के लिए नवनिर्मित कई भवनों के निर्माण से खुश डीआईजी ने की उपायुक्त की तारीफ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** दक्षिणी छोटा नागपुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे बुधवार को गुमला आये। अपने इस भ्रमण कार्यक्रम में उन्होंने जिले के पुलिस प्रशासन के लिए नवनिर्मित कई भवनों का उद्घाटन किया।

**एससीए मद से बनाए गए पुलिस प्रशासनिक भवनों का हुआ उद्घाटन :** जिले के पुलिस प्रसाशकों के लिए उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा एससीए मद से निर्मित भवनों का उद्घाटन डीआईजी अनूप बिरथरे के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के क्रम में सर्वप्रथम चंदाली पुलिस लेन परिसर में जन सुविधा हेतु कम्यूनिटी हॉल, पुलिस केंद्र, किचेन एवं डाइनिंग हॉल का उद्घाटन किया गया। जिसके बाद चंदाली स्थित पुलिस लेन परिसर में 5 यूनिट गोडाउन निर्माण की मरम्मती, 6 यूनिट शौचालय, डीप बोरिंग तथा चापाकल, नए पीसीसी रोड एवं ड्रेनेज का भी उद्घाटन किया गया।



**गुमला थाना परिसर में हुआ एस.सी. एस.टी. एवं महिला थाना का शुभारंभ :** चंदाली परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह के पश्चात डीआईजी ने गुमला थाना परिसर में एससीए मद से निर्मित तीन कमरों तथा बरामदा में निर्मित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति थाना का उद्घाटन किया गया वहीं तीन कमरों एवं बरामदा वाले महिला थाना का भी उद्घाटन गुमला थाना परिसर अंतर्गत किया गया। डीआईजी ने नवनिर्मित थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए भवन निर्माण कार्यों से संतोष प्रकट किया।

**सीआरपीएफ परिसर में हुआ कई कमरों का उद्घाटन :** उद्घाटन समारोह के क्रम में तीन कमरों एवं बरामदा वाले दो यूनिट का उद्घाटन डीआईजी के द्वारा किया गया। उक्त कमरों का उपयोग सीआरपीएफ कैंप के गोला बारूद रूम, यूनिट भंडार, मुख्यालय स्टोर, आर्मोरर वर्कर्स शॉप, गार्ड रूम, मुख्यालय, शस्त्रागार कक्ष के लिए किया जायेगा। इस दौरान डीआईजी ने पूरे सीआरपीएफ कैंप की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

**अनुमंडल कार्यालय सदर में हुआ एसडीपीओ कार्यालय का उद्घाटन :** उद्घाटन के क्रम में डीआईजी द्वारा अनुमंडल कार्यालय सदर परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया।

इस दौरान डीआईजी ने उपायुक्त के द्वारा करवाए गए सभी निर्माण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक साथ इतने सारे पुलिस प्रसाशकीय भवनों का उद्घाटन उपायुक्त के परिश्रम से ही संभव हो सका है। जिसके लिए उन्होंने उपायुक्त को बधाई भी दी।

इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव, पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब, एसडीपीओ, डीएसपी, एसडीओ, सहायक समाहर्ता सहित पुलिस प्रशासन के सभी वरीय पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### तेज रफ्तार का कहर : ट्रैक्टर पलटने से चालक की दब कर मौत

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के केराबार गांव के समीप बुधवार शाम लगभग 3:00 बजे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक की दबकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक जीवन तिर्की मजदूर विमल लोहरा के साथ कटकाही से ईटा पहुंचा कर लौट रहा था लौटने के क्रम में चालक द्वारा ट्रैक्टर को काफी स्पीड में चलाया जा रहा था जिस दौरान केराबार गांव से पहले ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें ड्राइवर जीवन तिर्की लगभग 26 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मजदूर विमल लोहरा को मामूली चोट पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चला रहा था इस दौरान वह अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर सड़क से नीचे पलट गया। घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया पुलिस ने बताया कि पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जाएगा। इधर मृतक जीवन तिर्की के परिजनों ने बताया कि जीवन सुबह 8:00 बजे के लगभग नाश्ता कर-के काम के लिए निकला था वह ट्रैक्टर नहीं चलाता था। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### डुमरी में रिजर्व बस की चपेट में आकर एक दिव्यांग अधेड़ की मौत

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना क्षेत्र के मंद्रियाटोली निवासी जोन मिंज (55) पिता मसीहदास मिंज की बस के गेट से गिरने के बाद चक्का चढ़ने से मौके पर की मौत हो गई। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक गांव वालों के साथ मंत्री नामक बस जिसका नंबर खल 01ऊळ 8984 है। जिसे बुकिंग कर चिरैया लोटापानी हेतु बुधवार को 12 बजे गए थे और लौटने के क्रम में लगभग 6 बजे डुमरी मेन रोड तालाब के पास दुर्घटना घट गई। मृतक नशा में था साथ ही दिव्यांग था उसका पैर पूर्व में टूटा हुआ था जिससे उसके पैरों में रड भी लगा हुआ था। वह गाड़ी के गेट के पास खड़ा था और गाड़ी में आवश्यकता से अधिक भीड़ भी थी जिससे वह अचानक गिर गया और उसमें गाड़ी का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर डुमरी पुलिस थानेदार विवेक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में घटना स्थल पहुंची जहां से शव को अपने कब्जे में लेते हुए बस को भी थाने ले गई।

### घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मरीजों के बीच किया पोषण किट का वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को दिन के एक बजे टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। इस क्रम में 44 टीबी मरीजों को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज ने संयुक्त रूप से पोषण किट वितरण किया। मौके पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि 2024 तक पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाने का प्रधानमंत्री द्वारा कही गयी है उसी के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के भी टीबी मरीजों को पोषण किट और दवा के माध्यम से टीवी मरीजों को ठीक किया जा रहा है। आप सभी टीबी से लड़कर जीतेंगे। सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि टीवी मरीजों को हिंडाल्को और एनजीओ के प्रयास से टीबी बीमारी को खत्म करने की दिशा में पहल हो रही है और लगातार कई मरीज अब तक टीबी बीमारी की चपेट में आये लोग रिकवर हो रहे हैं। जो बेहतर देखरेख और इलाज और पौष्टिक आहार के कारण संभव हो पा रहा है। इसके साथ ही हम सभी मिल-जुलकर एनीमिया और कुपोषण पर भी काम कर रहे हैं ताकि लोगों के अधिक जांच होने से तुरंत इलाज हो सके। मौके पर बीटीटी सीमा देवी, अनिरुद्ध चौबे, हिंडाल्को के अभय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पुरानी पानी टंकी में लगा ट्रांसफॉर्मर

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी गुड़ी चौक स्थित पुरानी पानी टंकी में विद्युत विभाग द्वारा नये लगाये गए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन छोटे बच्चे जयंत कुमार के हाथों नारियल फोड़कर कराया गया। मालूम हो कि सोमवार सुबह को पुरानी पानी टंकी में लगा ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसके बाद कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा की पहल पर मंगलवार शाम को नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। जिसे बुधवार को चालू कर दिया गया। इस मौके पर नीरज चौधरी, अजय सिंह, वकील अंसारी, हेरमन मुंडा, विनीत मुंडा, आलम अंसारी, अफरार खान, विनोद ओहदार, लव साव, पूर्व मुखिया पुष्पा देवी आदि मौजूद थे।

### खतियानी जमीन बचाओ संघर्ष मोर्चा की सभा 3 जून को

**बसिया (आजाद सिपाही)।** खतियानी जमीन बचाओ संघर्ष मोर्चा बसिया द्वारा 03 जून को प्रखंड मुख्यालय के निकट विशाल सभा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए खतियानी जमीन संघर्ष मोर्चा के सुजीत टेटे ने सभी आदिवासी मूलवासियों से अपील करते हुए अपने हक अधिकार अपनी विरासत की पहचान जल जंगल जमीन को बचाने के लिए अपनी आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए भारी संख्या में सभा में शामिल होकर सभा को सफल बनाने की बात कही है।

### चैनपुर में एक जंगली हाथी ने तीन गांव के चार किसानों के घरों को किया ध्वस्त

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथी का उत्पात लगातार जारी है। मंगलवार रात 1:00 बजे से बुधवार की अहले सुबह तक एक जंगली हाथी ने कोनकेल, भगत बुकमा व सदान बुकमा गांव में गरीब किसानों के चार घरों में हमला कर उसे ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को चट कर गया। प्राप्त जानकारी अनुसार एक जंगली हाथी मंगलवार की रात करीब 1:00 बजे कोनकेल गांव में प्रवेश कर किसान सुबोध टोप्पो के घर पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया। किसान की नींद खुली तो उसने मोबाइल के माध्यम से इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से हाथी को गांव से खदेड़ दिया। जिसके बाद हाथी ने रात करीब 2:30 बजे भगत बुकमा गांव में किसान जगदीश भगत एवं किशुन भगत के घर पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया। वहीं पड़ोसी फूलचंद लोहरा के घर को भी आंशिक क्षति पहुंचाई है। आपको बता दें कि कुछ माह पहले भी जंगली हाथी जगदीश भगत के घर को ध्वस्त कर दिया था। वहीं हाथी का कहर इतने में ही नहीं थमा। बुधवार की अहले सुबह जंगली हाथी ने सदान बुकमा गांव पहुंच गरीब किसान महावीर नगेसिया के घर को ध्वस्त कर दिया एवं एक बोरी चावल को उठा ले गया। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग के अधिकारी गांव नहीं पहुंचे थे। महावीर नगेशिया ने बताया कि जंगली हाथी मेरे घर के उसी कमरे को ध्वस्त कर रहे थे जहां मेरी बूढ़ी मां सोई हुई थी। हाथी के हमले के समय बड़ी मुश्किल से मां को उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। हाथी द्वारा घर ध्वस्त करने से घर में रखे कई सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। गरीब किसानों ने वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।

## गुमला शहरी क्षेत्र को जाम मुक्त कराने के लिए गाड़ी मालिकों को प्रेषित होगी नोटिस

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम गुमला और परिवहन विभाग के द्वारा गुमला जिला मुख्यालय में सड़क पर यातायात नियमों की अनदेखी कर परिचालन कर रहे वाहनों की सूची बनाई जा रही है। मंगलवार को इसी कार्रवाई में कुल 17 बस और यात्री वाहक ऑटो को सूची में लिया गया, जो चिन्हित स्थानों के अलावा अन्य जगहों से यात्रियों को वाहन में चढ़ा रहे थे। मोटर साइकिल चलाते वक़्त बिना हेलमेट के परिचालन और मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वालों पर ऑनलाइन चालान भी निर्गत किया जा रहा है। गुमला जिला मुख्यालय में ट्रैफिक जाम करने वाले वैसे वाहन जो यहां-वहां गाड़ी लगा देते हैं और बिना अनुमति क्षेत्र से यात्री उठा कर सफर करते हैं, जिसमें मुख्यतः बस और ऑटो शामिल हैं. कार, मोटर साइकिल और अन्य वाहन जो बीच रास्ते में गाड़ी लगाकर जाम लगाने का कारण बनते हैं को चिन्हित करते हुए उनका रजिस्ट्रेशन को निलंबन करने की कार्रवाई करना है। वैसे वाहन की सूची कैमरा के माध्यम से चिन्हित की जा रही है, जो यातायात व्यवस्था को भंग कर रहे हैं। उक्त वाहनों को फोटो संग्रह कर मोटरवाहन अधिनियम के धारा के साथ वाहन स्वामी के वाहनों के विरुद्ध कारवाही की जायेगी। ज्ञात हो कि ऑटो और बस में यात्री उठाने के लिए जगह का निर्धारण कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों से यात्रियों को बैठाने और छोड़ने की मनाही है। ऐसा करते पकड़े जाने पर नियम संगत कार्रवाई की जा सकती है। ट्रैफिक इंफोर्समेंट टीम का भी गठन किया गया है जो प्रातः 10:00 बजे से संध्या 06 बजे तक गुमला शहरी क्षेत्र में भ्रमण सील रहेग।

## ऑटो बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत, ऑटो में सवार सात यात्री घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जसपुर रोड स्थित सीलम ढलान के समीप बाइक ऑटो की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ऑटो में सवार सात लोग घायल हो गए। वहीं बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति की रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए वापस सदर अस्पताल लाया गया। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी घायल ऑटो में सवार होकर गुमला सप्ताहिक बाजार से रायडीह की ओर अपने घर जा रहे थे, इसी क्रम में रायडीह की ओर से आ रहे बाइक सवार की ऑटो से सीधी भिड़ंत हो गई। जिसमें घटनास्थल पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। जिसकी पहचान करम टोली निवासी रोहित कुजूर के रूप में सामने आई है। वहीं बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति को चिकित्सक ने रिम्स रेफर कर दिया था, लेकिन रिम्स ले जाने के क्रम में सिसई के समीप रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान शास्त्री नगर निवासी अशोक कुमार सिंह पिता राम सकल सिंह के रूप में हुई। जो पलंबर का काम करते थे।

## सब्जी विक्रेताओं की मांग पर नगर परिषद प्रशासक ने दिया वाटर फ्रीजर

**वाटर फ्रीजर का उद्घाटन सब्जी विक्रेताओं से ही करवाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार ने दुर्गा बाड़ी मंदिर परिसर के पास अवस्थित वेंडिंग जोन में व्यवसायरत सब्जी विक्रेताओं को उपहार स्वरूप वाटर फ्रीजर मुहैया करवाया है। इस वाटर फ्रीजर का उद्घाटन उन्होंने बुधवार को इसी वेंडिंग जोन में बैठ रहे सब्जी विक्रेताओं के हाथों फीता काटकर करवाया।



संजय कुमार ने कहा कि पिछले सप्ताह जब वे इन सब्जी विक्रेताओं का हाल-चाल लेने वहां भ्रमण पर गए थे, उस दौरान यहां के कुछ सब्जी विक्रेताओं ने पीने के पानी की व्यवस्था की मांग की थी, उनके द्वारा इस मांग को रखने के एक हफ्ते के अंदर ही त्वरित प्रक्रिया अपनाकर नगर परिषद की ओर से फ्रीजर की यह सुविधा उन्हें प्रदान की गयी। इस पर वेंडिंग जोन के सभी सब्जी विक्रेता काफी खुश दिखे।

यहां आवंटित स्टॉल नंबर... पर बैठकर सब्जी बेचने वाले श्री... ने कहा कि नगर परिषद प्रशासक और उनकी पूरी टीम के लोग सदैव उनके सुख-दुख में साथ रहते हैं। इसी प्रकार एक सब्जी विक्रेता.. ने कहा कि वे जशपुर रोड किनारे से उठकर इस वेंडिंग जोन में शिफ्ट होकर बहुत खुश हैं, यहां जगह तो सीमित ही है किंतु नगर परिषद के व्यवहार से वे गदगद हैं।

नगर प्रबंधक हेलाल अहमद तथा नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग ने कहा कि प्रशासक के निर्देश पर वे यहां प्रतिदिन साफ सफाई, जलापूर्ति, सुरक्षा जैसे विषयों पर व्यक्तिगत रूप से निगरानी करते हैं। किसी भी सब्जी विक्रेता को कोई दिक्कत न हो इसको लेकर दो सीआरपी महिलाएं भी नियुक्त की गई हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां सीसीटीवी एवं अन्य सुविधाओं के लिए भी योजना बनाई जा रही है। इतना ही नहीं इन सब्जी विक्रेताओं से नगर परिषद फिलहाल कोई शुल्क नहीं ले रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार के आदेश पर इन सभी सब्जी विक्रेताओं को जशपुर रोड टंगरा मार्केट सड़क किनारे से बीते 15 मई को इस वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया गया था।

उद्घाटन कार्यक्रम में नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग, नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, कनीय अभियंता मनीष कुमार, सीओ विमला देवी, सीआरपी एवं स्वच्छता जमादार भी मौजूद थे।

## घाघरा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर मालिक की पिटाई करने से थानेदार के खिलाफ आक्रोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गुटुवा परसा टोली गांव से पूसो थाना प्रभारी के द्वारा बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर पूसो थाना ले जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। वहीं पूरा इलाका सकते में है। परसा टोली गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर पत्रकारों से पूरे मामले के विषय में बताते हुए कहा कि पूसो थाना प्रभारी गुमला की तरफ से पूसो लौट रहे थे। गाड़ी में एक महिला व एक बच्ची के अलावे पुलिस के जवान के साथ गुट्वा गांव आए और गांव में खड़ा ट्रैक्टर को स्टार्ट कर अपने ड्राइवर के माध्यम से ले जाने लगे। जिसकी जानकारी जैसे ही ट्रैक्टर के मालिक रिंकू चौरसिया को हुई तो वे आये और थाना प्रभारी

### घर बनाने के लिए ड्राइवर लाया था बालू : ट्रैक्टर मालिक

**ट्रैक्टर मालिक रिंकू चौरसिया ने बताया कि ड्राइवर अपना घर में ईंट बनाने के लिए बालू कोई नदी से लाया था। थाना प्रभारी इसी दौरान गुमला मुख्यालय से अपना थाना क्षेत्र लौट रहे थे। अचानक उनके द्वारा परसा टोली से ट्रैक्टर को उठाकर पूसो थाना ले जाया जा रहा था। जहां पर मैंने जब ट्रैक्टर छोड़ने की बात कही तो थाना प्रभारी के द्वारा कहा गया कि मेरे थाना क्षेत्र बरटोली के पास से छोड़ देंगे वहां पर गया तो, मेरे साथ मारपीट की गयी। बाद में थाना भी ले जाया गया जहां पर फिर से मुंशी व एक अधिकारी के द्वारा मारपीट की गयी। रात 10:30 बजे मुझे छोड़ा गया।**

सत्यम गुप्ता से कहे कि सर मेरी गाड़ी को कहां ले जा रहे हैं छोड़ दीजिए। जिसके बाद सत्यम गुप्ता थाना प्रभारी के द्वारा कहा गया कि चलो आगे मेरे थाना क्षेत्र बरटोली के पास से छोड़ देंगे। थाना प्रभारी का बात सुनकर रिंकू चौरसिया बरटोली की तरफ बढ़ा जिसके बाद थाना प्रभारी ने बरटोली के पास रिंकू चौरसिया को सात झापड़ गाल में जड़ते हुए कहा कि काबिल बनते हो। उसके बाद एक पुलिस जवान को रिंकू चौरसिया की मोटरसाइकिल को थाना लेकर चलने के लिए कहा और अपने वाहन में रिंकू चौरसिया को बैठा कर थाना ले गए। जहां पर एक हवलदार और मुंशी के द्वारा भी रिंकू चौरसिया की पिटाई की गई। जिसके बाद थाना प्रभारी ने कहा कि ट्रैक्टर तो छूटेगा नहीं तुम को छोड़ने का 40 हजार लूंगा, कल ट्रैक्टर का ड्राइवर लेकर आ जाना उसको तेरे जगह पर जेल भेजना पड़ेगा। जिसके बाद रात 10:30 बजे रिंकू चौरसिया को थाना से छोड़ा गया।

**पूरे मामले की जांच की जायेगी :** इधर घटना के संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि घाघरा से ट्रैक्टर जब्त होने की जानकारी पूसो थाना प्रभारी के द्वारा नहीं दी गयी है, पूरे मामले की जांच की जाएगी। अपने थाना क्षेत्र से बाहर जाकर इस तरह का कार्रवाई संदेहास्पद है। वहीं घाघरा थाना प्रभारी को भी जानकारी नहीं दी गयी।

## कबाड़ महोत्सव : तीसरे दिन कबाड़ से उपयोगी चीजें बनाना सिखाया गया

# जंक मैन शुभेंदु विश्वास ने शहर के रचनाशील युवाओं को दी प्रैक्टिकल ट्रेनिंग

**कबाड़ लोहे की चीजों से लाइव बनाया गया सारस, स्क्रैप से अन्य जीवों की मूर्तियों को भी किया गया प्रदर्शित**

**पिछले कुछ महीनों से नगर परिषद में लगातार हो रहे हैं नवाचार : अपर समाहर्ता**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद द्वारा आयोजित 'कबाड़ महोत्सव' के तीसरे दिन नगर भवन में प्रैक्टिकल प्रशिक्षण चला। इस कार्यक्रम में कबाड़ हो चुकी चीजों से कैसे उपयोगी चीजें बनाएं इस दिशा में प्रायोगिक जानकारी दी गई। अर्थात कबाड़ वस्तुओं के संग्रह को दिखाया गया, उनसे बनी हुई वस्तुओं को दिखाया गया। साथ ही स्क्रैप लोहे से वेल्डिंग करके मूर्तियों और कलाकृतियों को बनाना सिखाया गया। जमशेदपुर से आए जंकमैन शुभेंदु विश्वास ने शहर के कबाड़ कारोबारियों, स्टार्टअप के इच्छुक युवाओं तथा रचनाशील महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को ट्रेनिंग दी। उन्होंने बताया कि 400-500 रुपए की कीमत के स्क्रैप लोहे से कलाकृति या स्कल्पचर बनाकर उसे आर्ट गैलरियों में 40 से 50 हजार रुपए मूल्य पा सकते हैं। शुभेंदु ने दर्जनों स्क्रैप वस्तुओं से बनने वाले कुछ प्रमुख कलाकृतियों के बारे में बताया साथ ही इनका मार्केट कैसे मिलेगा अर्थात इनको कौन खरीदेगा, किस किस प्लेटफार्म पर तैयार कलाकृतियों को बेचा जा सकता है इसकी जानकारी दी गई।

### शहर में बनेगा रीसाइकिल सेंटर : संजय कुमार

**नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार ने कबाड़ व्यवसायियों तथा युवाओं से कहा कि यदि वे लोग कबाड़ से स्कल्पचर बनाने के स्टार्टअप को शुरू करना चाहते हों तो इसके लिए नगर परिषद न केवल उन्हें स्थान मुहैया करा देगा बल्कि इसके लिए जरूरी मशीनरी एवं मार्केटिंग प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई स्वयं सहायता समूह या युवाओं का समूह भी कबाड़ से जुगाड़ संबंधी कोई स्टार्टअप शुरू करता है तो वह उसको पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध लोग तथा पर्यावरण प्रेमी लोग मौजूद थे।**

इस प्रायोगिक कार्यशाला के प्रथम सत्र का उद्घाटन नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार, नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, मुनेश्वर साहू, लालचंद फोगला, शशि प्रिया बंटी, सोनाली त्रिपाठी आदि ने किया। जबकि दूसरे सत्र में बतौर मुख्य अतिथि गुमला के अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

सुधीर गुप्ता ने कहा कि कबाड़ महोत्सव सुनने में नाम अटपटा है किंतु इसके पीछे छिपा हुआ मकसद दूरदर्शिता भरा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ माह से नगर परिषद गुमला द्वारा एक के बाद एक कई नवाचार किए जा रहे हैं। अब शहर के लोगों का दायित्व है कि वे नगर परिषद के कार्यों में सहभागिता निभाकर स्वच्छ गुमला सुंदर गुमला की परिकल्पना को साकार करें।

**स्क्रैप से सुंदर कलाकृतियां बनाकर दिखाई गयीं :** प्रशिक्षकों ने स्क्रैप हो चुके लोहे की वस्तुओं से खूबसूरत जीव जंतुओं की मूर्तियां बनाई। इस कला को देखकर गुमला के युवाओं को बड़ी प्रेरणा मिली। स्क्रैप के टुकड़ों से मौके पर ही छह फुट ऊंचे सारस की प्रतिकृति बनाई गई। कलाकारों ने कहा कि सिर्फ सोच में रचनाशीलता होनी चाहिए, कोई भी कबाड़ वस्तु आपकी सृजनात्मक सोच के कारण हजारों गुना कीमत दे सकती है।

### आंजनेयुलु दोड्डे ने की मनरेगा योजना और पीएम आवास योजना की प्रगति की समीक्षा

# काम में कोताही बरतने वाले रोजगार सेवक किये जायेंगें कार्य मुक्त : डीसी

**मनरेगा में हैदरनगर, मेदिनीनगर, पाटन प्रखंड का खराब प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और राज्य सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, लंबित पीएम आवास की समीक्षा की। बैठक में डीसी ने


विकाय योजनाओं की समीक्षा करते डीसी आंजनेयुलु दोड्डे।

जिले के सभी बीडीओ को प्रतिदिन प्रत्येक गांव में पांच योजना चालू रखने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराकर मानव दिवस सृजन में वृद्धि किया जा सके। मनरेगा योजना में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड हैदरनगर, मेदिनीनगर, पाटन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायतवार समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। साथ ही कार्य में कोताही बरतने वाले रोजगार सेवकों पर कार्यमुक्त करने का अनुशंसा करने की बात कही।

डीसी ने रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के मामले में तीन दिनों में आधार एवं बैंक खाता सुधार कर पुनः एफटीओ करने का निर्देश दिया। लंबित आवास योजना 17357 में से 7206 आवास की योजना को मनरेगा सॉफ्ट में बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य मनरेगा की योजना यथा टीसीबी, डोभा, मेड़बंदी, दीदी बाड़ी योजना, वर्मी कम्पोस्ट, सोखता गड्ढा की पुरानी लंबित योजनाओं को तीन दिनों में पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत चयनित 620 एकड़ की योजना को दो दिनों में शत प्रतिशत स्वीकृत एवं चालू करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी के लंबित 21 योजना को मनरेगा सॉफ्ट में दो दिनों के अंदर चालू करने का निर्देश दिया। आधार बेस पेमेंट को लेकर 72 से बढ़ाकर 90 फीसदी लाने और इसमें आइपीपीबी से भी खाता खुलवाकर प्रगति लाने के साथ ही लंबित पीएम आवास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी रवि आनन्द, सभी बीडीओ, परियोजना पदाधिकारी सहित सभी बीपीओ व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## दंगवार में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पिता ने जतायी हत्या की आशंका

**टेपों में लाद कर शव लेकर पहुंची पत्नी को देख स्थानीय लोगों ने दी पुलिस को सूचना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के दंगवार ओपी क्षेत्र में 35 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान जीतेंद्र मेहता के रूप में हुई है। वह कजरात-नावाडीह गांव का रहने वाला था। उसका शव बुधवार को पुलिस ने उसके घर से बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मृतक जीतेंद्र मेहता दो दिन पूर्व अपनी पत्नी मंजू देवी के साथ गढ़वा गया था। बुधवार अहले सुबह उसकी पत्नी मंजू उंटारी थाना क्षेत्र के करकट्टा स्टेशन से कुछ दूरी से अपने पति जितेंद्र के शव को एक टेंपों में लादकर कजरात पहुंची थी। ग्रामीणों को कुछ संदेह हुआ तो इसकी सूचना दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा को दी। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस घटना के सत्यापन के लिए कजरात-नावाडीह गांव पहुंच गयी। शव का पंचनामा करने के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल ऊटारी थाना क्षेत्र को मानते हुए इसकी सूचना ऊंटारी थाने को दी है। दूसरी ओर, मंजू देवी ने बताया कि मोबाइल पर उसके पति से बात हुई थी। उसने ऊंटारी पहुंचने की बात कही। जब वह घर नहीं लौटे तो मंगलवार को घर से टेंपो लेकर मृतक के पिता, पत्नी और पुत्र खोजने के लिए निकले थे। जहां करकट्टा स्टेशन के समीप से शव बरामद हुआ। पर रात हो जाने के कारण ऊंटारी पुलिस को सूचना नहीं दे सकी। वहीं, पुलिस भी इस घटना को लेकर हर पहलू से जांच कर रही है। साथ ही इसकी सूचना ऊंटारी थाने को भी दे दी गई है। दूसरी ओर, मृतक के पिता रामदेव मेहता ने अपने बेटे जितेंद्र की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

## केनरा बैंक के अधिकारियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को इटकी रोड विजेता कॉम्प्लेक्स स्थित केनरा बैंक (पिस्कामोड़ ब्रांच) के वरिष्ट प्रबंधक उमाशंकर कुमार सहित वंदना कुजूर, कीर्ति आनंद, सुजीत कुमार सिंह, सुषमा डुंगडुंग एवं अन्य कर्मचारियों को बैंक परिसर में सम्मानित किया गया। इउस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक अशोक कुमार राणा ने की। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़ी प्रसिद्ध समाजसेविका विजेता वर्मा, क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष



शिव किशोर शर्मा, मंच के संरक्षक राजकिशोर राणा आदि मौजूद थे। विदित हो केनरा बैंक के सभी कर्मचारियों को ग्राहक सेवा एवं मधुर संबध को देखते हुए एवं बैंक के सभी जनहित एवं कल्याणकारी योजनाओं जैसे गृह ऋण ब्याज दर 8.55, कार ऋण 8.80 फीसदी आदि जिनमें कागजी कार्यवाही एवं फुटकर खर्चों पर 100 फीसदी की छूट उपलब्ध है एवं निवेश के लिए विशिष्ट जमा योजनाओं जो 444 दिनों की है जिसका आरओआई 8 फीसदी है। उनके बारे में भी ग्राहकों को जानकारी दी जाती है। इस प्रकार की सहायता के लिए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## एसबीआइ से 84 हजार रुपये नगद ले उड़ा चोर



**सतबरवा/पलामू ( आजाद सिपाही)। एसबीआइ की सतबरवा शाखा से बुधवार को एक शातिर चोर ने 84 हजार रुपये नगद पर साथ साफ कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार नावाडीह निवासी संजय सिंह अपनी मां चांद देवी के साथ इस दिन एसबीआइ की सतबरवा में अपने बैंक खाता में 84 हजार जमा कराने पहुंचे थे, लेकिन उनके खाते में पैन कार्ड नहीं जुड़े होने के कारण पैसा नहीं जमा हो पाया। तब उन्होंने पैसा देकर अपनी मां को कैश काउंटर के सामने कुर्सी पर बैठा दिया और खुद अपने खाते में पैन कार्ड जुड़वाने लगे। इसी दौरान पहले से घात लगाए शातिर चोर वृद्ध महिला के पास से पैसा निकाल कर चलते बना। कुछ देर बाद जब पता चला कि पैसा चोरी हो गया है तो भुक्तभोगी की ओर से बैंक कर्मी को सूचना दिया गया। इसके बाद बैंक कर्मियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। उधरस खबर पाते ही एसआई कुणाल कुमार मौर्य दल बल के साथ एसबीआई बैंक पहुंच गए। वहां पुलिस की ओर से सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। दूसरी ओर, पुलिस ने भुक्तभोगी संजय सिंह से लिखित आवेदन मांगी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो सीसीटीवी फुटेज में चोर को चिन्हित कर लिया गया है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।**

## पलामू डीसी ने मुसहर समुदाय के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान,10 परिवारों के बीच जमीन पट्टा का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** राज्य में आवासन कर रहे मुसहर परिवारों को सभी सरकारी सहायता मुहैया कराए जाने संबंधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के आलोक में पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे बुधवार को नीलांबर-पिताम्बरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत अंतर्गत कोइरीपतरा गांव पहुंचे। यहां स्थानीय पंचायत भवन में उन्होंने 10 मुसहर परिवारों के बीच आवासीय भूमि का पर्चा वितरण किया। इस मौके पर डीसी ने कहा कि सरकार की ओर से आप सभी को तीन-तीन डिसमिल जमीन बंदोबस्त किया जा रहा है। अब आप सभी यहां अपना घर बनाकर रह सकेंगे। घर बनाने के लिये



सभी को अंबेडकर आवास योजना से जल्द ही लाभांवित किया जायेगा। इतना सुनते ही मुसहर परिवारों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी। सबके चेहरे खुशी से झूम उठे। सभी ने एक सुर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व डीसी के प्रति आभार जताया। वहीं पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि मुसहर परिवार आज भी मुख्यधारा से कटा हुआ है उन्हें मुख्यधारा में लाना हम सबों का दायित्व है। उन्होंने डीसी को इस कार्य के लिए साधुवाद दिया। मौके पर सदर एसडीएम राजेश साह, पांकी प्रखंड प्रमुख, स्थानीय मुखिया मनदीप मेहता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सीओ को दिया मुसहर परिवारों का आधार बनवाने के निर्देश

डीसी ने सीओ चंद्रशेखर कुणाल को सर्वे कराकर वैसे लोग जिनका आधार कार्ड नहीं बना है उनको चिन्हित करते हुए उन सभी का आधार कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं यथा सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि से सभी परिवारों को लाभावित किया जायेगा। इसके अलावे उन्होंने कहा कि जिले के अन्य स्थानों में रह रहे मुसहर परिवारों को भी चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने परिवार के कई सदस्यों से संवाद स्थापित कर अपने बच्चों को स्कूल भेजने की बात कही।

## शहर के वार्ड-14 में जलमीनार से स्टार्टर की चोरी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 के गुलाबबाग स्टेडियम योगी वीर नदी पर मंदिर के समीप जलमीनार के स्टार्टर की चोरी हो गयी। इस संबंध में नगर पंचायत सुपरवाइजर अवधेश कुमार ने हुसैनाबाद थाने में लिखित सूचना दी है। उन्होंने बताया कि उक्त स्थल पर सोलर जलमीनार लगाया गया था। वार्ड वाशियों की सूचना पर निरीक्षण करने के दौरान जलमीनार से स्टार्टर गायब पाया। मामले को थाने में दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू करने की बात कही गयी है।**

## डंडीला खुर्द में बनेगा बजरंगबली का भव्य मंदिर, हुआ भूमिपूजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में बजरंगबली का भव्य मंदिर बनेगा। इसको लेकर बुधवार को निर्जला एकादशी के दिन भूमिपूजन हुआ। वैदिक मंत्रोचारणों के बीच सेवानिवृत शिक्षक रामदास शुक्ला ने बतौर मुख्य जजमान भूमिपूजन संपन्न किया। इसके बाद बजरंगबली का पताका अधिष्ठापित किया गया। बजरंगबली के आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर अशोक शुक्ला, पवन शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, रंगलाल शुक्ला, निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला, छोटू शुक्ला, शिवलाल शुक्ला, सिद्धांत दुबे, मंटू ठेकेदार सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्कूलों में एक घंटा अतिरिक्त ठहराव के आदेश को वापस लिया जाना स्वागतयोग्य : अजाप्टा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार की शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में एक घंटा अतिरिक्त समय के ठहराव का आदेश वापस लेना स्वागत योग्य है। बतातें चलें कि स्कूलों में सुबह सात से दोपहर एक बजे तक पठन पाठन व दोपहर दो बजे तक खेलकूद, जबकि दिवकालीन नौ बजे से तीन अपराह्न तीन बजे तक पठन-पाठन और चार बजे तक



खेलकूद कराना अनिवार्य कर दिया गया था। पर अजाप्टा ने एक स्वर में एक घंटा अतिरिक्त समय बढ़ाने का विरोध किया था। इस बाबत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड सचिव निर्मल कुमार ने बताया कि बीते 29 मई को अजाटा व विभाग की बैठक में प्रातः व दिवा कालीन विद्यालय की समय सारिणी में एक घंटा अतिरिक्त समय को वापस ले लिया गया है। इसे लेकर अजाटा के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, महासचिव अमरेश कुमार सिंह, पलामू प्रमंडलीय सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी व संघ के पदाधिकारियों ने विभाग से आग्रह किया था। उन्होंने सरकार से ससमय शिक्षकों की प्रोन्नति, एमएसीपी आदि मुद्दों पर भी ध्यान देने की बात कही, ताकि कार्यदक्षता में वृद्धि होती रहे। विभाग के इस निर्णय पर मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, धुरेंद्र पटेल, महेंद्र बैठा, सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## इंटर कॉमर्स में एसटीडी कॉलेज का बजा डंका, जिला टॉप टेन में चार छात्र शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कालेज की इस बार का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंटर कॉमर्स में एसटीडी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने तो जिला में अपना परचम लहराया ही। इंटर कॉमर्स के चार छात्रों ने टॉप टेन में जगह बनायी। आयुष्मान केशरी नामक छात्र कॉमर्स का कॉलेज टॉपर बना। जबकि आदित्य कुमार, सौरभ कुमार, विशेष पांडेय, आंचल कुमारी, लक्ष्य कुमार, सुमन कुमारी और कंचन कुमारी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके अलावा कला व विज्ञान संकाय में भी इस



कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम पर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार धर दूबे ने खुशी जाहिर करते हुए सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्पोर्ट्स

**आइसीसी**

पाकिस्तान को गारंटी देनी होगी कि अक्टूबर में उसकी टीम वनडे वर्ल्ड कप खेलने भारत आ रही है या नहीं। इस पर पीसीबी से आश्वासन लेने आइसीसी के अध्यत्र और सीइओ लाहौर पहुंचे हैं।

### पीसीबी से जवाब लेने लाहौर पहुंचे आइसीसी के ऑफिसर, वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में

# पाकिस्तान गारंटी दे कि वर्ल्ड कप खेलेगा या नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को गारंटी देनी होगी कि अक्टूबर में उसकी टीम वनडे वर्ल्ड कप खेलने भारत आ रही है या नहीं। इस पर पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) से आश्वासन लेने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीइओ ज्यॉफ एलार्डिस पाकिस्तान के लाहौर पहुंचे हैं। वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में होना है। हाल ही में पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा था कि अगर टीम इंडिया एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करती है तो पाकिस्तान भी वर्ल्ड कप का दौरा नहीं करेगा।




वर्ल्ड कप से पहले सितंबर में एशिया कप होना है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। भारत पहले ही कह चुका है कि वह एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं कर सकता है। ऐसे में एशिया कप न्यूट्रल वेन्यू या किसी अन्य देश में कराए जाने की बात चल रही है। हालांकि एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) की ओर से अभी कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया गया है।

### बीबीसीआइ हाइब्रिड मॉडल के सपोर्ट में नहीं

एसीसी से जुड़े श्रीलंका और अफगानिस्तान बोर्ड के अधिकारी आइपीएल फाइनल के दौरान अहमदाबाद में थे। यहां पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल के तहत एशिया कप के 4 मैच पाकिस्तान में कराने और भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराने का प्रस्ताव दिया है, जिसे बीसीसीआइ ने सपोर्ट नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी के इस हाइब्रिड मॉडल को सदस्य देशों (श्रीलंका और बांग्लादेश) ने खारिज कर दिया था। हालांकि एसीसी ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया था वहीं श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीएसएल) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने एशिया कप टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर (न्यूट्रल वेन्यू) करने के मामले में बीसीसीआइ का समर्थन किया था।

### हाइब्रिड मॉडल से भारत की मुसीबत बढ़ सकती है

बीसीसीआइ की चिंता है कि हाइब्रिड मॉडल स्वीकार करने पर पीसीबी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराने की आइसीसी से मांग कर सकता है। नजम सेठी भी पहले यह बात कह चुके हैं।

### आइसीसी निभा सकता है मुख्य रोल

आइसीसी भारत और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्डों के बीच एशिया कप को लेकर चल रहे विवाद को खत्म कराने में मुख्य भूमिका निभा सकता है। माना जा रहा है कि आइसीसी अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीइओ ज्यॉफ एलार्डिस इसलिए लाहौर गए हैं, ताकि पीसीबी सहित वहां की सरकार से भी बात कर कोई बीच का रास्ता निकाल सकें।

## हरिहरगंज सीएचसी में हुआ विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन, महिलाओं को किया गया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर बुधवार को हीलिंग फिल्ड फाउंडेशन की ओर से हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी डॉ राजेश कुमार ने की। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से इलाके की युवतियों और महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली परेशानियों से बचाव को लेकर कई जानकारियां दी गई। वहीं



किसी भी बीमारियों से सुरक्षा को लेकर स्वच्छता का ख्याल रखने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर बीपीएम, डीपीएम, एएनएम स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, हीलिंग फील्ड फाउंडेशन के मनीष तिवारी के अलावे समूह की महिलाएं भी उपस्थित थीं।

## सनसनी : हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का प्रयास

# राजमिस्त्री की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत, झाड़ियों से शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** थाना क्षेत्र में बुधवार को 26 साल के एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान अजय रविदास के रूप में हुई है। वह सोनार डंगाल की रहने वाला था। वह पेशे से राज मिस्त्री था। उसका शव पंचेत-चिरकुंडा सड़क के मंडल लेबोरेटरी के पीछे बड़े नाला के पास से बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार सोनार डंगाल में गाजो रविदास के तीन बहन और दो भाइयों में अजय रविदास सबसे



बरामद शव का पंचनामा करती पुलिस।

छोटा था। मंगलवार को वह किसी के घर में राजमिस्त्री का काम करने गया था। मेहनताना लेने के बाद वह काम पर नहीं गया। वहीं, मृतक की बहन पिंकी रविदास ने बताया कि अजय मंगलवार को घर नहीं पहुंचा तो पिता ने उसे फोन कर इसकी सूचना दी। उस वक्त वो बराकर स्थित अपने ससुराल में थी। उसने बताया कि इसका भाई शराब का आदि था, लेकिन किसी से झगड़ा-झंझट नहीं करता था। लोगों ने सुबह में नाला के पास शव मिलने की सूचना दी। जिसके बाद वे लोग भागे-भागे मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की।

उधर, शव को देख आशंका जताई जा रही है कि किसी ने अजय रविदास की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से यहां लाकर फेंक दिया होगा। क्योंकि घटनास्थल से अजय का चप्पल तक बरामद नहीं हुआ है। उधर, शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को भी लगा रहा है कि अजय की हत्या कर शव को यहां फेंका गया होगा। मृतक के मुंह को कुचला गया है। शरीर में कई जगह पर खरोच के निशान थे। उसके मुंह पर किसी भारी चीज से वार किए जाने के कारण होठ सूजा हुआ था। दूसरी ओर, चिरकुंडा थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। साथ ही पुलिस संदिग्ध मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मनायी गयी पूर्व सांसद योगेश्वर प्रसाद योगेश की 16वीं पुण्यतिथि

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी में योगेश्वर प्रसाद योगेश पुस्तकालय परिसर में बुधवार को पिछड़ा वर्ग के सदस्य व पूर्व सांसद योगेश्वर प्रसाद योगेश की 16वीं पुण्यतिथि मनाई गई। अतिथियों ने योगेश बाबू की मुर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता जलेश्वर महतो ने कहा कि इस समारोह में कम लोग जूटे हैं, लेकिन जो पहुंचे हैं वह योगेश बाबू के प्रति वफादार हैं। उन्होंने कहा कि कोलियरी में जब मजदूरों का शोषण चरम पर था। उस समय योगेश बाबू ने राजनीतिक जीवन में कदम रखा। मजदूरों को हक और अधिकार दिलाने के लिए उन्होंने आंदोलन किया और मजदूरों का हक दिलाने का काम किया। उनका व्यक्तित्व, उनकी सोच व बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को युवा मजदूर, किसान व महिला विरोधी बताते हुए कहा कि नया संसद भवन का उद्घाटन कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर पुलिस पहलवान बेटियों के साथ जो हरकत कर रही है उससे देश शर्मसार हुआ है। देश में मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। बेटियों को न्याय मिलने के बजाय उस पर अत्याचार किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता मयूर शेखर झा ने कहा कि योगेश बाबू के बारे में जितना भी बोला जाए कम है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0 आर0 ई0 पी0–II, राँची**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– NREP-II/RANCHI/06/2022-23 Re-tender (2nd Call) (P.R. No. 298149 NREP (22-23):D को निम्न रूपेण संशोधित किया जाता है।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.06.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 03.06.2023 से 09.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–2, राँची में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 12.06.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.06.2023 अपराह्न 02:00 बजे।

निविदा की शेष सभी सूचनाएँ पूर्ववत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0–II, राँची

PR 298770 NREP(23-24).D

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भारत जोड़ो सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न: मंजूर अंसारी




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो परिसदन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा कि सिवनडीह कर्बला मैदान में हुए भारत जोड़ो सम्मेलन ऐतिहासिक एवं सफलतापूर्वक रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झारखंड प्रदेश के सभी जिला के अध्यक्ष, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष, प्रदेश के पदाधिकारी, कांग्रेस प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड के अध्यक्ष व सदस्य, 20 सूत्री के सदस्य आदि को धन्यवाद। विदित हो कि भारत जोड़ो सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी भी आए थे। साथ में राज्य के कई मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश के नेता आदि भी उपस्थित थे। हम लोगों को जो संदेश दिए हैं मोहब्बत से नफरत की दीवार को गिराना है। भारत जोड़ो सम्मेलन की खासियत यह रही की सिख, क्रिश्चियन, जैन और बौद्ध समुदाय के लोग भी शामिल थे। हम सभी कांग्रेसी इमरान के मोहब्बत के पैगाम एवं कांग्रेस के संदेश को लेकर गांव-गांव तक जाएंगे। इस मौके पर बोकारो कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, प्रदेश सचिव मोहम्मद निजाम अंसारी, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग मोहम्मद अयूब अंसारी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि जावेद इकबाल, बोकारो जिला 20 सूत्री सदस्य मंजूर आलम, जिला उपाध्यक्ष हसनउल्लाह अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष जमील अख्तर, जिला महासचिव यूथ शाहिद रजा, जिला सचिव अरमान शाह, मुखिया अब्दुल बारीक और रियाज परिंदा आदि मौजूद रहे।

### कपड़ा बैंक का शुभारंभ



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के दौरान मैथन परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को कपड़ा बैंक का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन परियोजना प्रधान सह कार्यपालक निदेशक असैनिक अंजनी कुमार दूबे ने किया। इसमें लोग अपने पुराने एवं उपयोग में न आने वाले कपड़ा को लाकर रखा और वहां से जरूरतमंद लोग अपने-अपने जरूरत के कपड़े ले जा सकेंगे। इस मौके पर महाप्रबंधक असैनिक संजीत सिन्हा, उप महाप्रबंधक असैनिक रोशन लकड़ा, उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन सह प्रशासन अनूप पुरकायस्थ, प्रबंधक सीएसआर डॉक्टर कौशलेंद्र कुमार, प्रबंधक असैनिक बंदन राय, प्रबंधक असैनिक राजेश कुमार, वरीय प्रबंधक विद्युत राकेश रंजन केसरी, उप प्रबंधक सीएसआर गीरीजेश्वर प्रसाद, जनसंपर्क अधिकारी संजय प्रियदर्शी, कनीय अभियंता असैनिक संजय राय चौधरी और ब्रजमोहन महतो आदि उपस्थित थे।

## बोकारो चिन्मय विद्यालय की छात्रा रही वर्षा को यूपीएससी में मिला 353वां रैंक

**इस वर्ष चिन्मय विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने पास किया यूपीएससी की परीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय की मेघावी छात्रा वर्षा कुमारी ने यूपीएससी 2022 की परीक्षा में 353 वां रैंक लाकर विद्यालय सहित पूरे बोकारो और झारखंड का नाम रौशन किया है। 2016 बैच की वर्षा कुमारी पढ़ाई के साथ ही अन्य गतिविधियों में अव्वल रहती थी। 2016 में वर्षा ने 12वीं की परीक्षा 95.2 परसेंट अंकों से पास किया। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली से बी कॉम पास की। इसके बाद कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटिंग की परीक्षा



2019 में पास की। इसी परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 24वां रैंक हासिल किया। नेट जेआरएफ की परीक्षा 99.98 परसेंटाइल के साथ उतीर्ण किया। वर्षा कुमारी की अभूतपूर्व सफलता पर सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परम पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद जी महाराज, अभिभावक के संस्कार, वर्षा की कठिन परिश्रम, विद्यालय द्वारा दिये गए मार्गदर्शन एवं संस्कार के कारण वर्षा ने यूपीएससी, आइआइटी, मेडिकल एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। आने वाले समय में ये बच्चे देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वर्षा कुमारी की सफलता पर कॉमर्स के शिक्षक निशांत सिंह, पूर्व शिक्षक अरुण कुमार सिंह, निशा सिन्हा, डॉ नमिता सिन्हा के साथ ही विभाष चंद्रा, संजीव सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

## गोल ने बताया नीट 2024 में सफलता का मंत्र

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विगत 22 वर्षों से कोयलांचल में मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए विश्वसनीय एवं भरोसेमंद संस्थान गोल ने 2024 के लिए प्रतियोगियों में अभी से ही सही मार्गदर्शन में जोश-जुनून के साथ पढ़ाई करने के तरीकों एवं अच्छा रैंक से सफल होने के गुण रहस्यों को लेकर सेमिनार का आयोजन किया। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि विगत 22 वर्षों से धनबाद से कम छात्रों में भी इतने अच्छे परिणाम आते रहे हैं, जो उत्साहित करते रही है। आपसे मिलने की एवं आपको और अच्छी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं देने की। देश के इतनी बड़ी एवं कड़ी प्रतियोगिता में इतने अच्छे प्रतिशत में सफलता का सबसे बड़ा कारण आप छात्रों की कड़ी मेहनत,



लगन, अभिभावकों का भरोसा और त्याग एवं पूरी गोल टीम का अपने जवाबदेहीयों, जिम्मेवारियों के साथ आपके प्रति समर्पण है। बिपिन सिंह ने बहुतही सधे एवं सटीक तरीके से हर एक विषयों पर पकड़ बनाने की ऐसी बहुत सारे तरीके बताएं जिसके रास्ते चलकर साधारण छात्र भी असाधारण सफलता हासिल करते रहे हैं। वहीं, गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि प्रबंध निदेशक बिपिन सर के दिशा-निर्देश में अबतक लगभग 16000 से ज्यादा छात्र डॉक्टर बनकर देश ही नहीं वरन विदेशों में भी मानवता को सेवा प्रदान कर रहे हैं। हमें गर्व है कि हमारे छात्र देश के लगभग हर एक मेडिकल कॉलेजों में ग्रुप में मौजूद हैं। अपने छात्रों के 2023 के नीट में प्रदर्शन से हमें पूरा भरोसा, आशा एवं उम्मीद है कि गोल के छात्र नीट के आने वाले परिणाम में झारखंड में एक बार फिर से अव्वल होंगे। उपस्थित सभी प्रतियोगियों से गुजारिश है कि एक भी क्लास और टेस्ट को नहीं छोड़े। जो बातें समय-समय पर बताई जाती है उसे जरूर आत्मसात करें क्योंकि सफल होने के लिए अनुशासन, सही दिशा में समय व ऊर्जा के साथ दिशा-निर्देश का फॉलोवर बनना नितांत आवश्यक है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा।**
**ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/11/2022-23-RE-1 दिनांक–31.05.2023

1.मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गतः–

| क्र॰ सं॰ | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 07 | टण्डवा | बड़गांव | बड़गांव | प्रभु यादव के घर से चौबेटोला शिवमंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2928260.00 | 58600.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 02 | 09 | टण्डवा | बड़गांव | बड़गांव | ग्राम बड़गांव रामकुमार उरावं के घर से हरीजन टोला होते हुए जलेश्वर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3871070.00 | 77500.00 | 5000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.06.2023
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –13.06.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 14.06.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 15.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा
7. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 8789430732 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई– पुनर्निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

PR 298807 NREP(23-24)D

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**
**Very Short Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/WSS/IRR-03/2023-24(1st Call) Date – 31.05.2023**

01 Name of Department :- Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand
02 Date & Time of BOQ Sale :- 05.06.2023 to 06.06.2023 upto 04.00 P.M
1. In the Office of EE DW & S Div Latehar
03 Date of Tender Dropped :- 07.06.2023 at 04.00 P.M
In the Office Executive Engineer D W & S Div Latehar
04 Date of Opening Tender :- 09.06.2023 at 12.00 P.M
05 Name & Address of Tender Inviting Authority :- Executive Engineer D W & S Div Latehar
06 Contact No of Procurement Office :- 9430725642 & 6201242103

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Const of 200mmx165mmx150M Deep DT with 2.00 HP DC Solar motor pump complete set 2000 ltr capacity HDPE Container circular platform LED based solar street lighting system and pipe line for drinking & Irrigation Purpose Under DW & S Div Latehar For Year (2023-24) | Gr No-01 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 02 | | Gr No-02 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 03 | | Gr No-03 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 04 | | Gr No-04 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 05 | | Gr No-05 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 06 | | Gr No-06 | 02 | 1151629.00 | 24000.00 | 2500.00 | 02 month |

1.Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2.Further details can be seen on Notice Board of Divisional Office
3.Only Registerd Contractor in this Department & Minor Irrigation Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 298764 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

### रूस दौरे का मुख्य उद्देश्य इंटेलिजेंट खनन प्रणाली उत्कृष्ट केंद्र की स्थापना करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना

# डॉ एन कलैसेल्वीके नेतृत्व में सीएसआइआर टीम ने किया रूस-बेलारूस का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** महानिदेशक डॉ एन कलैसेल्वी, सीएसआईआरव सचिव और डीएसआइआरके नेतृत्व में भारत के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 22 से 26 मई 2023 के दौरान रूस और बेलारूस का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल में डॉ कलैसेल्वी के साथ सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर) के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा, सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआरआरआई) के निदेशक प्रो मनोरंजन परिड़ा, सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) के




निदेशक डॉ पीसी पंचारिया एवं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवंप्रौद्योगिकी कार्य निदेशालय, सीएसआईआर की प्रमुख व मुख्य वैज्ञानिक डॉ रमा स्वामी बंसल शामिल थे। राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) की अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ अमित रस्तोगी 22-25 मई के दौरान रूस के मिन्स्क, बेलारूस और मॉस्को में ही टीम में शामिल हुए। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद के इस रूस दौरे का मुख्य उद्देश्य इंस्टीट्यूट ऑफ ऑटोमेशन एंड कंट्रोल प्रॉसेसेस ऑफ दि फार ईस्टर्न ब्रांच ऑफ रशियन ऐकेडेमी ऑफ साइंसेस (आईएसीपी एफईबी आरएएस) एवं खब्बारस्क फेडरल रिसर्च सेंटर ऑफ दि फार ईस्टर्न ब्रांच ऑफदि रशियन ऐकेडेमी ऑफ साइंसेस (खएफआरसी एफईबी आरएएस) के सहयोग से इंटेलिजेंट खनन प्रणाली उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना व विचार-विमर्श करना था। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, आईएसीपी एफईबी आरएएस और खएफआरसी एफईबी आरएएस खनन उद्योग के लिए अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में कार्यरत हैं। इन संस्थानों के शोधकर्ताओं को खानों की सुरक्षा व उत्पादकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, इमेज प्रोसेसिंग आदि अनुप्रयोगों सहित खान अनुवीक्षण, नियंत्रण, स्वचालन और संचार प्रौद्योगिकियों के विशिष्ट विषयों में व्यापक अनुभव प्राप्त हैं। इस प्रकार यह समझौता ज्ञापन इंटेलिजेंट खनन प्रणाली उत्कृष्टता केंद्र (सीओई-आईएमएस) की स्थापना के माध्यम से दोनों देशों में खनन कार्यों में सुरक्षा के लिए विचारों, सामर्थ्यों, नवाचारों एवं क्षमता निर्माण का आदान-प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। खनन कार्यों में सुरक्षा के लिए सहयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देने एवं समाधान विकसित करने के उद्देश्य से सीएसआइआर-सीआइएमएफआर, आइएसीपी एफइबी आरएएस और खएफआरसी एफईबी आरएएस के बीच सीओई-आईएमएस को प्रस्तावित किया गया। इस दौरे के दौरान प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा ने टीम सहित रशियन एकेडेमी ऑफ साइंसेस, रूस के विभिन्न संस्थानों के साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संबंधी सहयोग के भिन्न-भिन्न अवसरों का पता लगाया। साथ ही प्रोफेसर मिश्रा ने संभाव्य साझेदारी के सुयोगों की पहचान करने के उद्देश्य से रशियन एकेडेमी ऑफ साइंसेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों व वैज्ञानिकों, मेसर्स इनएनर्जी, मॉस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फिज़िक्स ऐंड टेक्नोलॉजी (एमआईपीटी) और अन्य हितधारकों के साथ कई बैठके भी कीं।

**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –01/2023–24**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची।
3) परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय : 06.06.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 06.06.2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 07.06.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revival of Defunct IM II H/P by Changing of 32 mm dia. G.I Rotten Riser Pipe, Connecting rod and C.I Cylinder (wherever required) etc at different villages of Block-Angara and Ormanjhi under District- Ranchi on turn-key basis under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi for the year 2023-24.Group No.-RE/RRP/-01, Nos. of T/W-165N | 24.32100 | 48700.00 | 5000.00 | 35 Days |
| 2 | Revival of Defunct IM II H/P by Changing of 32 mm dia. G.I Rotten Riser Pipe, Connecting rod and C.I Cylinder (wherever required) etc at different villages of Block-Bund Rahe & Silli under District- Ranchi on turn-key basis under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi for the year 2023-24. RE/RRP/-02, Nos. of T/W-165N | 24.32100 | 48700.00 | 5000.00 | 35Days |
| 3 | Revival of Defunct IM II H/P by Changing of 32 mm dia. G.I Rotten Riser Pipe, Connecting rod and C.I Cylinder (wherever required) etc at different villages of Block-Sonahatu , Tamar under District- Ranchi on turn-key basis under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi for the year 2023-24. RE/RRP/-03., Nos. of T/W-165N | 24.32100 | 48700.00 | 5000.00 | 35 Days |

आवश्यक शर्तो के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 298796 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची

# मुख्यमंत्री ने इंटरकांटिनेंटल कप 2023 का टिकट खरीदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** इस कप 9 से 18 जून तक भुवनेश्वर में खेला जायेगा। भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री मार्क अल इंडिया फुटबाल महासंघ के संपादक एवं भारतीय फुटबाल टीम के कोच इगोर स्टिमाक ने मुख्यमंत्री को पहला टिकट भेंट किया। एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 की सफलता के बाद भुवनेश्वर-राउरकेला, ओडिशा एक और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रदर्शनी की मेजबानी करने के लिए तैयार है। चार देशों के इस टूनामेंट में भारत, लेबानन, मंगोलिया और वानुआटु भाग लेंगे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, 'ओडिशा बासीयों को फुटबॉल से काफी लगाव है। इस अद्भुत आयोजन की मेजबानी करना हमारे लिए एक और सम्मान की बात है और यह निश्चित रूप से राज्य और भारत के कई फुटबॉल प्रशंसकों को उत्साहित करेगा। मैं टीमों को शुभकामनाएं देता हूं और मैं प्रशंसकों से आह्वान करता हूं कि बड़ी संख्या में सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल देखने आएं। ओडिशा फुटबॉल के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी उभरा है। ओडिशा ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022, एसएएफएफ अंडर-20 चैंपियनशिप 2022, आइएसएल सीजन, आइडब्लूएल 2021-22 और ओडिशा महिला लीग की सफलतापूर्वक मेजबानी की है। अब राज्य में फुटबॉल टूनामेंट इस विकास में एक प्रमुख ऊत्स जुड़ गया है। एआईएफएफ के साथ साझेदारी में भुवनेश्वर भारतीय अंडर-16 और अंडर-19 टीमों के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा भी प्रदान करता है, जिसमें विभिन्न समय पर शिविर और प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे हैं। ओडिशा एफसी के साथ साझेदारी ने राज्य को एक तृणमूल स्तर आधार बनाने में सक्षम बनाया है। ओडिशा एक मात्र ऐसा राज्य है जहां इंडियन वूमेंस लीग में दो टीमें प्रति द्वंदिता कर रही हैं।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब रांची विश्वविद्यालय को सेनेटरी वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर प्रदान किया

- रांची विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली कॉलेज की छात्राओं के बीच बेहतर स्वच्छता और आराम के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर प्रदान किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब, कोयला खनन मुख्यालय ने स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अवसर पर, जो 16-31 मई, 2023 तक मनाया गया, आज रांची विश्वविद्यालय के विज्ञान ब्लॉक भवन में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर वितरित किया, जिसमें रसायन विज्ञान विभाग, जूलॉजी और वनस्पति विज्ञान विभाग शामिल है। रांची विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली कॉलेज की छात्राओं के बीच बेहतर स्वच्छता और आराम के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर प्रदान किया गया। पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब (एसएलसी), एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, श्री एके डेल्टा, एचओडी, रसायन विज्ञान विभाग, डॉ स्मृति सिंह, संकाय सह पीआरओ, रसायन विज्ञान विभाग, लक्ष्मी मूर्ति , उपाध्यक्ष, एसएलसी के मार्गदर्शन में यह नेक पहल आयोजित की गई थी। मनसा वर्मा, सचिव (सीएसआर) और श्री अमित कुमार बेहरा, सीनियर मैनेजर (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) और रांची विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति थे। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एनटीपीसी बायबैक नीति के अनुसार कर्मचारियों को अन्य सहायक उपकरण के साथ पुराने डेस्कटॉप सौंपने के माध्यम से अप्रचलित/अप्रयोज्य इलेक्ट्रॉनिक्स या ई-कचरा पहल की पहचान और निपटान जैसी विभिन्न गतिविधियां जिससे ई कचरे के प्रबंधन में मदद मिली। आगे, पेपरलेस पहल के तहत, कोयला खनन क्षेत्र में 47 लाख पृष्ठों का डिजिटलीकरण पूरा हो गया है, इस संबंध में डिजिटाइज्ड फाइलों से भरे 379 बॉक्स पकरी बरवाडीह, दुलंगा और कोयला खनन मुख्यालय से कोलकाता में रिकॉर्ड प्रबंधन सेवा (आरएमएस) सुविधा के लिए भेजे जाते हैं। जागरूकता पैदा करने के लिए, सीएमएचक्यू कार्यालय और आसपास के स्कूलों में स्वच्छता के बारे में जागरूकता के लिए कैप्शन वाले बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए थे।

# प्लस टू विज्ञान और वाणिज्य में कीस की पास दर 100 प्रतिशत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** इस वर्ष उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित प्लस टू विज्ञान और वाणिज्य परीक्षा के परिणाम बुधवार को जारी कर दिए गए। जिसमें कीस के छात्रों ने 100% पास दर हासिल किया। इसी तरह राज्य का साइंस में पास दर 84.93 फीसदी और कॉमर्स में 81.12 फीसदी है, जबकि साइंस और कॉमर्स दोनों में राज्य का पास दर 100 फीसदी है। विज्ञान में 40% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं जबकि विज्ञान में भी 40% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।कीस की छात्री कंधमाल की पुत्री स्मितारानी मल्लिक (कंधा) कॉमर्स में सबसे ज्यादा 83 फीसदी अंक लेकर कॉलेज मैं टॉप किया है। इसी तरह साइंस में झारखंड की काजल मरडी (संथाल) 82 फीसदी के साथ कॉलेज टॉपर बनी है। इस अवसर पर कीट और कीस के संस्थापक अच्युत सामंत कीस के परिणामों पर खुशी व्यक्त करते हुआ कहा कि, हर साल लगातार किसी भी स्कूल में 100% सफलता प्राप्त करना निश्चित रूप से एक चमत्कार है और ठाकुर के आशीर्वाद के बिना यह संभव नहीं होता। श्री सामंत ने इस सफलता के पीछे निरंतर प्रयासों के लिए शिक्षकों को धन्यवाद दिया और सभी छात्रों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# महिलाओं को मासिक स्वच्छता के लिए किया गया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत में सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम, ओडिशा और छत्तीसगड में अपने संचालन में मासिक धर्म स्वच्छता सप्ताह के हिस्से के रूप में महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 2300 से अधिक महिलाओं तक पहुंचा। इस वर्ष की जातिसंघ का थीम 'मेकिंग मेन्सट्रूएशन ए नॉर्मल फैक्ट ऑफ लाइफ बाय 2030' के अनुरूप, कंपनी ने ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार के प्रयास में कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरूआत की, जिसमें सैनिटरी नैपकिन उत्पादन इकाई की स्थापना शामिल है। अपने प्लांट परिसर में डिस्पेंसिंग मशीनें, और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) पर कई जागरूकता सत्र आयोजन किया गया। अपने विचार साझा करते हुए, श्री राहुल शर्मा सीईओ वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस ने कहा, वेदांत एल्युमीनियम में, हम स्थानीय समुदायों और अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं।

# भुवनेश्वर में रिटेल एक्सपो का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर ने आरएएच भुवनेश्वर, पोखरीपुट में रिटेल एक्सपो का आयोजन किया। एक्सपो का उद्घाटन भुवनेश्वर अंचल के पर्यवेक्षी महाप्रबंधक श्री बी. चंद्रशेखर राव और अंचल प्रमुख जगदीश चंद्र ने किया। अपने उद्बोधन में, केनरा बैंक के महाप्रबंधक श्री बी चंद्रशेखर राव ने कहा कि केनरा बैंक शिक्षा ऋण में अग्रणी रहा है और बैंक आसान रूप में सबसे कम ब्याज दरों, प्रसंस्करण और प्रलेखन शुल्क की छूट के साथ खुदरा ऋण जैसे कि आवास ऋण, वाहन ऋण, संपत्ति के एवज में ऋण, शिक्षा ऋण और अन्य व्यक्तिगत ऋण प्रदान करता है। केनरा बैंक, भुवनेश्वर अंचल प्रमुख श्री जगदीश चंद्र ने कहा कि हमारी ग्राहक सेवाएं और उत्पाद ग्राहक अनुकूल है। उन्होंने यह भी कहा कि केनरा बैंक के नए उत्पाद जैसे कि केनरा प्रीमियम पेरोल पैकेज, केनरा एसबी सेलेक्ट आदि। हमारा मोबाइल ऐप - 300 से अधिक सुविधाओं के साथ - इन-हाउस डिजाइन किया गया है जो डिजिटल रूप से काफी अनुकूल है। हम सर्वोत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने और उत्पाद को अनुकूलित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केनरा बैंक अपने संपूर्ण वेतन खाता धारक को सावधि बीमा कवरेज प्रदान कर रहा है। महाप्रबंधक श्री बी. चंद्रशेखर राव और अंचल प्रमुख श्री जगदीश चन्द्र ने इस रिटेल एक्सपो में आवास और कार ऋण लाभार्थियों को लगभग 170 स्वीकृति पत्र वितरित किए। श्री पी. ठाकुर नाइक, उप महाप्रबंधक, श्री जी. एन. मूर्ति, उप महाप्रबंधक, रीता दास, सहायक महाप्रबंधक, श्री महामाया प्रसाद रॉय, सहायक महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रमुख, भुवनेश्वर- क, श्री विवेक पाटनी, मंडल प्रबंधक, आरएएच, भुवनेश्वर प्रमुख श्री अरविंद बेहरा, अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर- क और आरएएच, भुवनेश्वर के कर्मचारी, स्थानीय शाखा के कर्मचारी, विपणन अधिकारी और सम्मानित ग्राहक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




# गोवा ने भारत की पहचान को बढ़ाया: राज्यपाल




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अनेकता में एकता भारत की ताकत और खूबसूरती है। भारतीयता की महिमा और प्रकाश ही हमारी पहचान है। राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने कहा है कि गोवा ने भारत की पहचान को काफी बढ़ावा दिया है। राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने आज राजभवन में गोवा दिवस समारोह के अवसर पर गोवा के इतिहास और विरासत पर चर्चा की और कहा कि एक भारतः श्रेष्ठ भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में विभिन्न राज्यों के दिवस मनाना एक विशेष उपलब्धि है। भुवनेश्वर में रहने वाले गोवा के आमंत्रित लोगों के साथ एक आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राजभवन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।
















# प्लस टू साइंस और कॉमर्स का परीक्षा परिणाम प्रकाशित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपही)।** विज्ञान और वाणिज्य दोनों विभागों की प्लस टू परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया। इस बार प्लस टू साइंस में पास रेट 84.93% है, जबकि कॉमर्स का पास रेट 81.12% है। गण शिक्षा मंत्री सुदाम मरांडी ने नतीजे की घोषणा की। हालांकि इस साल कुल 1 हजार 145 परीक्षा केंद्रों पर 3 लाख 57 हजार 942 छात्रों ने परीक्षा दी थी।




# ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर अनुदान राशि को 4 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किया



**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार के कर्मचारियों को दी जाने वाली रियायती सहायता राशि का परिमाण को बढ़ा गया मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस निर्णय के अनुसार ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की मृत्यु होने पर मिलने वाली सहायता राशि को मौजूदा 4 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया गया है.इसी प्रकार चोट के कारण स्थायी अपंगता की स्थिति में सहायता राशि को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये तथा आंशिक रूप से अपंगता की स्थिति में सहायता राशि को एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये किया गया है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**